वर्ष : 16 अंक : 202 लखनऊ गुरुवार, 25 जुलाई 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:27 |
| सूर्यास्त | : | 6:58 |
| अधिकतम | : | 34:00° |
| न्यूनतम | : | 28:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



32 साल की सेलेना गोमेज 6.7 हजार करोड़ की मालकिन 10

अपनी तहसील में ही निवास करें उपजिलाधिकारी... 2 | विधानसभा उपचुनाव तय करेंगे योगी... 6 | दिल्ली मार्च जारी रखेंगे किसान 12

## अभी नहीं खुलेगा शंभू बॉर्डर : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** हरियाणा और पंजाब के बीच अंबाला के पास स्थित शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा। किसान आंदोलन की वजह से हरियाणा सरकार ने इसे पांच महीने से बैरिकेडिंग कर बंद कर रखा है। हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने 10 जुलाई को एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर को खोलने का आदेश दिया था। यहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा, 'शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखी जाए।'



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह एक स्वत्रंत कमेटी गठित करने का प्रस्ताव करता है। इसमें प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे। ये किसानों और सरकारों से संपर्क कर उनकी मांगों का ऐसा व्यावहारिक समाधान खोज सकेगी जो सभी को स्वीकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते में पंजाब और हरियाणा सरकारों से स्वतंत्र समिति के लिए सदस्यों के नाम सुझाने को कहा।

# अग्निवीरों को अर्द्धसैन्य बलों में 10% कोटा

## आयु सीमा में भी बड़ी छूट देने का ऐलान, गृह मंत्रालय का फैसला

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अग्निवीरों को अर्धसैनिक बलों बीएसएफ और सीआईएसएफ में होने वाली भर्तियों में 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। बुधवार को गृह मंत्रालय ने यह बड़ा फैसला लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि अग्निवीर चार साल मशक्कत करके तैयार होते हैं। इन्हें लेना ऐसे ही है कि जैसे हमें तैयार सैनिक मिल रहे हों। अग्निवीर योजना का सभी बलों को लाभ मिलेगा। थोड़ी सी ट्रेनिंग के बाद ही इन्हें मोर्चे पर तैनात किया जा सकेगा। इस घोषणा के साथ ही अग्निवीरों को अपनी नौकरी के ताप साल पूरे करने के बाद सशस्त्र बलों में भर्ती होने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार के इस कदम को अग्निवीरों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। बीएसएफ ने कहा कि अग्निवीरों के लिए हम 10 फीसदी आरक्षण देंगे और उन्हें आयु सीमा में भी रियायत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम तो अग्निवीरों का इंतजार कर रहे हैं। अग्निवीरों के पहले बैच को 5 साल की छूट आयु सीमा में मिलेगी। इसके बाद वाले बैचों को तीन साल की रियायत दी जाएगी। बीएसएफ की तरह ही सीआईएसएफ पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्त करने के लिए तैयार है। अर्धसैनिक बल के महानिदेशक ने कहा कि इन्हें कॉंस्टेबल पद पर नियुक्ति में 10% आरक्षण और आयु व शारीरिक दक्षता परीक्षा में रियायत मिलेगी। होम मिनिस्ट्री की ओर से यह फैसला ऐसे समय में हुआ है, जब विपक्ष की ओर से लगातार अग्निवीर भर्ती योजना को वापस लेने की मांग उठ रही है।

यही नहीं, राहुल गांधी और अखिलेश यादव जैसे नेता तो यह वादे भी करते रहे हैं कि हम सत्ता में आने पर इस योजना को वापस ले लेंगे। ऐसे में सरकार ने योजना के खिलाफ गुस्से को कम करने के लिए यह फैसला लिया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उम्मीद से कम सीटें मिली थीं और जब पार्टी ने इसका विश्लेषण किया तो इसके पीछे भर्ती परीक्षाओं में धांधली के अलावा अग्निवीर योजना के खिलाफ नाराजगी भी सामने आई। माना जा रहा है कि उस गुस्से को थामने के लिए ही भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है।

केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल, जनरल ड्यूटी कैडर भर्ती नियम 2015, अर्थात सीमा सुरक्षा बल, जनरल ड्यूटी कैडर भर्ती में और संशोधन करने के लिए नियम 2023 बनाने की घोषणा की है. केंद्र सरकार ने घोषणा की कि कॉन्स्टेबल के पद से संबंधित ऊपरी आयु सीमा में अग्निवीरों को छूट दी जाएगी। केंद्र सरकार ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल, जनरल ड्यूटी कैडर भर्ती नियम 2023 में पूर्व-अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षा देने से छूट का प्रावधान किया गया है।

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती के लिए आयु सीमा 18-23 वर्ष है तो नए संशोधन के बाद कोई भी व्यक्ति जो 17-22 वर्ष की आयु में अग्निवीर के रूप में भर्ती होता है उसको 26-28 वर्ष की आयु तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में भर्ती किया जा सकता है।




संसद भवन के बाहर बुधवार को बजट के विरोध में प्रदर्शन करते इंडिया ब्लॉक के नेता इसमें सोनिया, राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी शामिल रहे।

# योगी ने किया चित्रकूट के आरआई को निलंबित

## एआरटीओ पर भी एक्शन, फिटनेस सर्टिफिकेट देने में लापरवाही

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सीएम योगी का ऐक्शन जारी है। ताजा घटनाक्रम में योगी सरकार ने जनपद चित्रकूट के अंतर्गत स्कूली बस का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने में लापरवाही पर एक्शन लेते हुए जिले के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जबकि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सरकारी कार्यों में किसी भी तरह की हीलाहवाली न की जाए। खासतौर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों पर सीएम योगी



ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

दरअसल 23 जुलाई को जनपद चित्रकूट के श्रीजी इंटर कॉलेज, खोह के छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आ रही दो बसों को वाहन की फिटनेस समाप्त हो जाने के कारण सहायक संभागीय परिहन अधिकारी (प्रवर्तन) चित्रकूट की टीम द्वारा सीज कर बच्चों सहित 10 किमी दूर पुलिस लाइन ले जाया गया था। वाहन को 11:15 बजे सीज कर फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल किया गया व 13:05 बजे छोड़ा गया। इसके चलते करीब दो घंटे तक बस को खड़ा रखा गया। जानकारी के अनुसार चित्रकूट जनपद के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चंद्र को संबंधित स्कूलों में जाकर स्कूली बसों के फिटनेस चेक करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनके द्वारा आदेशों की अवहेलना की गई, जिसके कारण दोनों वाहनों का फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी नहीं हो पाया। ऐसे में वाहनों को सीज करना पड़ा, जिससे बच्चों को भी तकलीफ हुई।

बुधवार को मामला संज्ञान में आने के बाद योगी सरकार ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की।

## कंगना की मंडी से जीत को हाई कोर्ट में चुनौती

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में बुधवार को मंडी लोकसभा क्षेत्र के एक निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकन पत्र अस्वीकृति पर याचिका दायर कर इस सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत की चुनावी जीत को चुनौती दी गई।



याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के मुताबिक याचिका पर अदालत की ओर से नोटिस जारी किया गया है और प्रतिवादी भाजपा सांसद को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। याचिका में प्रदेश के किन्नौर जिले के निवासी निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी के नामांकन की अस्वीकृति को चुनौती दी गई थी।

# विपक्षी सांसदों का संसद भवन के बाहर प्रदर्शन

## बजट को बताया भेदभावपूर्ण, अखिलेश बोले– दिल्ली अब नहीं देख रही लखनऊ

विश्ववार्ता

**नयी दिल्ली।** बजट पेश होने के बाद संसद की कार्यवाही शुरू होने से ठीक पहले कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने बुधवार को यहां संसद भवन के बाहर मकर द्वार के पास बजट को जनविरोधी और भेदभावपूर्ण बताते हुए प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह सहित इंडी ब्लॉक के सांसदों ने हिस्सा लिया और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शनकारी विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। सबके हाथों में नारे लिखी हुई तख्तियां थीं और उनका कहना था कि बजट जन विरोधी है तथा उसमें जनता की भावनाओं का ध्यान नहीं रख कर चंद पूंजीपतियों के हितों को साधने का काम हुआ है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 'समर्थन मूल्य किसान को न देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश को बड़े सपने दिखाए थे, क्या मिला उत्तर प्रदेश को? डबल इंजन की सरकार है तो डबल लाभ मिलना चाहिए था, दिल्ली का लाभ लखनऊ का लाभ लेकिन लगता है कि दिल्ली अब लखनऊ की ओर नहीं देख रही है या लखनऊ वालों ने दिल्ली वालों को नाराज कर दिया और इसका परिणाम बजट में दिखाई दे रहा है। विकास बिहार जा रहा है तो उत्तर प्रदेश को क्यों छोड़ रहे हैं? बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और उत्तर प्रदेश की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे? आप पहले उत्तर प्रदेश और नेपाल की बाढ़ रोके तो बिहार की बाढ़ अपने आप रुक जाएगी।'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'यह अन्याय है। हम इसका विरोध करेंगे।'

### जगनमोहन रेड्डी आ सकते हैं इंडिया ब्लॉक में

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष जगनमोहन रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी ही राज्य की नव निर्वाचित सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन दिया। रेड्डी ने तेलगु देशम पार्टी की चंद्रबाबू नायडू सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया है और कहा है कि राज्य में अपराध और बर्बरता की कहानी शुरू हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि राज्य में कि न्याय देने से इनकार किया जा रहा है, इसलिए वहां लोकतंत्र लंगड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। रेड्डी ने कहा, 'चंद्रबाबू नायडू सरकार के सत्ता में आने के 45 दिनों के भीतर, राज्य में 30 से अधिक लोगों की हत्या हो चुकी है और लगातार हमले हो रहे हैं।'

# कप्तान ने किया इंस्पेक्टर समेत पूरा कमलापुर थाना लाइन हाजिर

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** हाकिम के फरमान की नाफरमानी करना मातहतों को भारी पड़ गया। खफा हाकिम ने कमलापुर थाने के इंस्पेक्टर, दो एसआई समेत चार को लाइन हाजिर कर दिया, लेकिन इतने पर भी मन नहीं भरा तो इसी थाने के 22 और पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। हालांकि इसके पीछे की वजह क्या है यह कोई बोलने को तैयार नहीं है।

सूत्रों की मानें तो क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थ की बड़ी खेप की बरामदगी की थी। वह इस केस को कमलापुर में दर्ज कराना चाहती थी लेकिन इंस्पेक्टर भानु प्रताप सिंह ने मुकदमा यह कहते हुए दर्ज करने से इनकार कर दिया कि यदि उनके क्षेत्र में बरामदगी हुई तो हमें सूचित किया जाना चाहिए था। इंस्पेक्टर की इनकार के बाद क्राइम ब्रांच ने इसकी सूचना एसपी को दी। एसपी चक्रेश मिश्र ने केस दर्ज करने को कमलापुर इंस्पेक्टर से कहा तो इंस्पेक्टर ने एसपी को भी मना कर दिया। हुक्म की यह

» नाफरमानी पड़ी भारी, 26 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई

नाफरमानी एसपी को इस कदर नागवार लगी कि उन्होंने कमलापुर के थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह, मास्टरबाग के चौकी प्रभारी पीयूष सिंह, कमलापुर चौकी प्रभारी तेज बहादुर सिंह मुख्य आरक्षी सुरेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। देर शाम एक और गश्ती जारी की गई जिसमें कमलापुर थाने के एसआई रमेश जायसवाल व मुख्य आरक्षी समेत 22 और पुलिस कर्मियों को भी लाइन हाजिर कर दिया गया। यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि पूरा थाना ही लाइन हाजिर कर दिया गया है। एक ही थाने के पूरे स्टाफ को एक साथ लाइन हाजिर किये जाने के मामले में मीडिया को जारी सूची में कार्रवाई की कोई वजह नहीं दर्शाई गई। दो चरणों में पूरे थाने को लाइन हाजिर का फरमान महकमे के साथ ही चर्चा का विषय बना हुआ है।

# लोकसभा में बिड़ला और अभिषेक बनर्जी में तकरार

## बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन, लगाए शेम-शेम के नारे

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** संसद में मानसून सत्र के तीसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन में भी बजट को लेकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल में राज्यसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट किया। वे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ शेम-शेम का नारा लगाते हुए सदन से बाहर चले गए। विपक्ष द्वारा बजट को भेदभाव वाला बताने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- बजट में सभी राज्यों का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के नेता जानबूझकर ऐसे आरोप लगा रहे हैं ताकि लोगों को लगे कि उनके राज्य को कुछ नहीं मिला। यह ठीक नहीं है। चर्चा के दौरान राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति से कहा- माताजी (वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण) बोलने में एक्सपर्ट हैं। इस





पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले- वो माताजी नहीं, आपकी बेटी की उम्र के बराबर हैं।

लोकसभा में बजट पर बहस के दौरान स्पीकर ओम बिड़ला और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी में भी वाद-विवाद हुआ। अभिषेक ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि बिल किसानों, किसान संगठन या विपक्षी दलों की सलाह लिए बिना ही पास कर दिए। इस पर स्पीकर बिड़ला ने कहा कि सदन में बिलों पर साढ़े पांच घंटे की चर्चा हुई। अभिषेक ने फिर कहा कि इस पर कोई डिस्कशन नहीं हुआ। तब बिड़ला ने कहा कि स्पीकर जब बोलता है तो सही बोलता है। आप खुद को सही कर लीजिए। इस पर अभिषेक ने कहा कि जब मैं बोलता हूं तो गलत नहीं बोलता। अभिषेक बनर्जी टीएमसी के महासचिव और पार्टी में ममता बनर्जी के बाद दूसरे नंबर पर हैं।

अपने भाषण में अभिषेक बनर्जी ने बजट पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बजट में क्लैरिटी का अभाव है। भाजपा ने इसमें 140 करोड़ देशवासियों को राहत देने के बजाय अपने सहयोगी दलों को साधने का काम किया है। बनर्जी ने इस दौरान भाजपा सरकार को घोटाले की सरकार बताते हुए आरोप लगाया कि नोटबंदी से देश में काला धन पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी लेकिन काला धन वापस नहीं आया और पूरा पैसा भी बाजार से रिजर्व बैंक में लौट आया। जब बनर्जी नोटबंदी का जिक्र कर रहे थे, तभी लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने उन्हें टोका और कहा, 'माननीय सदस्य, 2016 बीत गया। 2019 का चुनाव भी हो गया। अब इस बजट पर बात कीजिए।' इस पर भी बनर्जी चुप नहीं हुए और नोटबंदी कैसे फेल हुई और लोग कैसे लाइनों में लगकर मरते रहे, इसकी बात करने लगे। तभी सत्ता पक्ष के लोगों ने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया।

# नेपाली प्लेन ध्वस्त, 18 कर्मचारी मरे

## बुरी तरह जख्मी पायलट अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक विमान के रनवे से फिसलने के कारण हुई दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि विमान रनवे से फिसल गया और हवाईअड्डे के अंदर विस्फोट की आवाज सुनी गयी।

नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता हंस राज पांडे ने कहा दुर्घटनास्थल पर 18 शव बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गयी है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद हवाई अड्डे को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोखरा शहर जा रहे सौर्य एयरलाइंस के विमान में 19 लोग सवार थे और वे सभी एयरलाइन के कर्मचारी थे। हवाई अड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा ने



बताया कि विमान 'सी चेक या फिर मरम्मत एवं जांच के लिए पोखरा जा रहा था। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना में केवल पायलट जीवित बचा है जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की जाएगी। एयरलाइन द्वारा जारी यात्री सूचना के अनुसार विमान में एक विदेशी यात्री भी सवार था। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने विमान दुर्घटना के बाद एक कैबिनेट बैठक बुलाई है।

दरअसल 21 साल पुराने इस प्लेन को मरम्मत कर टेस्टिंग के लिए ले जाया जा रहा था। प्लेन में मौजूद लोग कंपनी का टेस्टिंग स्टाफ था।

## कुपवाड़ा में मुठभेड़, सेना का एक और जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार को शुरू हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि सेना का एक और जवान शहीद हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना का एक गैर-कमीशन अधिकारी सीमांत कुपवाड़ा के ट्रुमखान जंगलों में चल रहे एक अभियान में गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में चिकित्सा के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्रुमखान जंगलों में मंगलवार को उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षा बलों की टीमें आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त होने के बाद तलाशी अभियान चला रही थीं। इससे पहले दिन में सेना ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद सतर्क सैनिकों ने उन्हें चुनौती दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई।

**हकीकत** पाक यूट्यूब व्लॉगर प्रीतम दास ने दिखाई पाकिस्तान में हिंदुओं की हालत, बाल कटाने के लिए जाना पड़ता है अलग दुकान पर

# भारत में नाम लिखने का विरोध, पाक में हिंदुओं के बाल तक नहीं काटते मुस्लिम नाई !

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत की राजधानी नई दिल्ली से सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाके में कांवड़ यात्रा से जुड़ा एक विवाद इन दिनों सुर्खियों में रहा। यहां अधिकारियों ने एक आदेश जारी किया जिसमें कांवड़ यात्रा के रास्ते पर पड़ने वाली दुकानों के मालिकों का नाम लिखने को कहा गया था। कई तस्वीरें ऐसी सामने आई जिसमें दुकानों के आगे नाम लिखकर लगाए गए थे।

नाम को लेकर सियासत गरमा गई, इसे देश में अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाला बताया गया। कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी और बसपा सभी ने इस फैसले की आलोचना की। विरोध का असर भी हुआ और नया आदेश जारी करना पड़ा जिसमें नाम लिखने को स्वैच्छिक कर दिया गया। ये तो हुई भारत की बात, लेकिन क्या आपको पता है कि पाकिस्तान में मुस्लिम नाई हिंदुओं के बाल तक नहीं काटते हैं। पाकिस्तान के प्रीतम दास यूट्यूब पर व्लॉगर दास नाम से अपना व्लॉग चलाते हैं। उन्होंने पाकिस्तान में हिंदुओं की हालत अपने व्लॉग में बयान की है जिसमें पता चलता है कि किस तरह हिंदुओं को बाल काटने के लिए भी अलग नाई के पास जाना पड़ता है। उन्होंने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सादिकाबाद इलाके में कुछ मुस्लिम नाई की दुकान पर जाकर अपनी हिंदू पहचान




बताते हुए अपना बाल कटवाने की कोशिश की तो जो जवाब आए वो हैरान करने वाले थे।

प्रीतम दास एक मुस्लिम नाई की दुकान में जाते हैं जिसमें एक शख्स बाल काट रहा होता है जबकि दूसरा बैठा होता है। प्रीतम दास खाली बैठे शख्स से सलाम करते हुए बताते हैं कि वह हिंदू हैं और अपना बाल कटवाना चाहते हैं तो वह सीधे उन्हें मना कर देता है। जब वह उस शख्स से इंसानियत का हवाला देते हुए जोर देकर इसकी वजह पूछते हैं तो मुस्लिम नाई कहता है कि उसे हिंदुओं के बाल काटना अच्छा नहीं लगता है। वह कहता है कि हिंदू नमाज नहीं पढ़ते, कलमा नहीं पढ़ते। जब प्रीतम दास उससे कहते हैं कि तो हिंदू अपने बाल कहां कटवाएं तो दुकानदार उन्हें हिंदू नाई की दुकान पर जाने को कहता है।

इस दुकान से निकलकर प्रीतम दास एक दूसरे मुस्लिम नाई के पास पहुंचते हैं और उससे भी बाल काटने के लिए पूछते हैं। हिंदू जानने के बाद उन्हें फिर से वही जवाब मिलता है। इस दुकान पर एक भी ग्राहक नहीं रहता है लेकिन अंदर बैठा नाई सिर्फ इसलिए बाल काटने से मना कर देता है कि क्योंकि दास खुद को हिंदू बताते हैं। जब दास उससे बाल न काटने की वजह पूछते हैं तो नाई यही कहता है कि उसे हिंदुओं का बाल काटना पसंद नहीं है। इतना ही नहीं, इस दुकान पर बैठा नाई तो यहां तक कहता है कि अगर उसने किसी हिंदू का बाल काट दिया तो अपना सामान ही फेंक देगा। वह यह भी कहता है कि हिंदुओं को अपना ग्लास भी नहीं छूने देता। इसके बाद प्रीतम दास एक हिंदू नाई की दुकान पर जाते हैं जहां कई सारे हिंदू समुदाय के लोग अपने बाल कटवा रहे थे। इस दौरान वो बताते हैं कि इस दुकान पर केवल हिंदू की बाल कटवाते हैं, यहां कोई मुसलमान बाल कटवाने नहीं आता है।

## बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने दूसरे चरण की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का बुधवार को सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

इस प्रणाली का परीक्षण शाम चार बजे के करीब ओड़िशा स्थित चांदीपुर परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रणाली ने परीक्षण के दौरान सभी उद्देश्यों तथा लक्ष्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान इस प्रणाली ने 5000 किमी श्रेणी की बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव के लिए राष्ट्र की स्वदेशी क्षमता का प्रदर्शन किया है। मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी सहित विभिन्न स्थानों पर तैनात इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम, रडार और टेलीमेट्री स्टेशनों जैसे रेंज ट्रैकिंग उपकरणों द्वारा एकत्र उड़ान डेटा से की गई थी।

# अपनी तहसील में ही निवास करें उपजिलाधिकारी और तहसीलदार

सीएम का आदेश : जनसमस्याओं के समय पर निराकरण और गुड गवर्नेंस को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

- » मंडलायुक्त व डीएम को आदेश के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश
- » सभी जिलाधिकारी सात दिन के अंदर उपलब्ध कराएंगे सर्टिफिकेट



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** जनता की समस्याओं को सुनने और समय पर उनकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। गुड गवर्नेंस की अपनी प्रतिबद्धता का अनुकरण करते हुए सरकार ने प्रदेश भर की विभिन्न तहसीलों में तैनात उपजिलाधिकारी (एसडीएम) एवं तहसीलदार को अब उसी तहसील में निवास करने का आदेश जारी किया है।

इस आदेश का उद्देश्य यह है कि उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार ज्यादा से ज्यादा समय अपनी तहसील में बिताएं एवं जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत उसका निराकरण करने का प्रयास करें। इससे न सिर्फ अधिकारियों की, बल्कि सरकार की छवि में भी सुधार होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव की ओर से मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को जो निर्देश दिए गए हैं, उसके अनुसार जनसमस्याओं का ससमय निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता के लिए यह आवश्यक है कि तहसील स्तरीय प्रशासन पूरी सजगता व तत्परता से कार्य करें। इस निर्देशन व पर्यवेक्षण को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि संबंधित तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी जिस तहसील में तैनात हैं, वहीं निवास करें। तहसील राजस्व प्रशासन के अंतर्गत सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तरह हो, यह सुनिश्चित करना संबंधित जिलाधिकारी व मंडलायुक्तगण का प्राथमिक दायित्व है। संबंधित जिलाधिकारी व मंडलायुक्तगण यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी जिस तहसील में तैनात किए गए हैं, वहीं निवास करें। सभी जिलाधिकारी ईमेल आईडी पर 7 दिन के अंदर इस आशय का सर्टिफिकेट उपलब्ध कराएंगे। वहीं संबंधित मंडलायुक्त एवं शासन स्तर से इस विषय का आकस्मिक निरीक्षण व जांच भी की जाएगी। संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी यदि तहसील में निवासरत नहीं पाए गए तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 'कांच नगरी' में फ्यूचरिस्टिक टाउनशिप की होगी स्थापना

**लखनऊ/फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश के तौर पर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने कांच नगरी के तौर पर विख्यात फिरोजाबाद में 'फ्यूचरिस्टिक टाउनशिप' के विकास की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, फिरोजाबाद स्थित ट्रांसपोर्ट नगर तथा पचवन क्षेत्र में विकसित की जा रही टाउनशिप कई मायनों में विशिष्ट होगी। इसे शहर के इकॉनमिक ग्रोथ के भागीदार के तौर पर विकसित करने के साथ ही रेजिडेंशियल, टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी व कमर्शियल एक्टिविटीज के हब के तौर विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इन कार्यों को पूरा करने और डिजाइन, डीटेल्ड ले-आउट प्लान और एग्जिक्यूशन के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण ने इस प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

## कुंभ के लिए बड़ी संख्या में चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें

कुंभ के लिए जनप्रतिनिधियों से किया जाएगा संवाद : अश्विनी वैष्णव

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि कुंभ मेला के लिए बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कुंभ के लिए जनप्रतिनिधियों से भी संवाद किया जाएगा।

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री श्री वैष्णव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में रेल के विकास के लिए कुल 92,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए के कार्यकाल 2004 से 2014 में उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए 1109 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर 19 हजार



848 करोड़ रूपये कर दिया गया है जो कि पिछली सरकार की तुलना में 18 गुना ज्यादा है। श्री वैष्णव ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उत्तर, उत्तर-मध्य और उत्तर-पूर्व रेल की वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय पत्रकारों को बजटीय प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 सालों में 4900 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं जो कि पूरे स्विट्जरलैंड के रेलवे ट्रैक की लंबाई से अधिक है।

## साधारण मिट्टी खनन में रजिस्ट्रेशन 2 माह व परमिट 6 माह तक वैलिड

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** जन सामान्य और अन्नदाता किसानों के द्वारा साधारण मिट्टी का खनन एवं परिवहन किए जाने के संबंध में योगी सरकार की ओर से जारी निर्देशों के क्रम में अब रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और परमिट की प्रक्रिया के विषय में पूरी जानकारी दी गई है। इसमें भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा जारी पूर्व के शासनादेश का संदर्भ दिया गया है।

इसके अनुसार, 100 घन मीटर मिट्टी के खनन एवं परिवहन के लिए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 2 माह तक, जबकि 100 घन मीटर से अधिक मिट्टी के खनन और परिवहन के लिए परमिट 6 माह तक वैलिड होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि इस शासनादेश की प्रतिलिपि समस्त विधानसभा सदस्यों एवं विधान परिषद सदस्यों को भी उपलब्ध कराई जाए। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव की ओर से हाल ही में निर्देश जारी किए गए थे कि ऑनलाइन व्यवस्था का उपयोग करते हुए 100 घन मीटर तक की मिट्टी की मात्रा स्वयं के खेतों से खनन व परिवहन के लिए उपयोग में लाई जा सकती है। इसमें ये भी कहा गया था कि किसी भी दशा में दूसरे प्रदेश में इस प्रदेश से मिट्टी की खुदाई कर परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश में तहसील व थाने के कर्मियों से इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया था। मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों में 2020 का जीओ भी संलग्न किया गया है, जिसके अनुसार 100 घन मीटर तक साधारण मिट्टी के खनन व परिवहन के लिए विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए परमिट की आवश्यकता नहीं होगी। रजिस्ट्रेशन के दौरान नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी के साथ ही साधारण मिट्टी की मात्रा, खतौनी व मानचित्र सहित भूस्वामी की सहमति, खनन का प्रयोजन, आवेदित खनन क्षेत्र का पूरा विवरण और परिवहन किए जाने वाले वाहन का प्रकार एवं अन्य आवश्यक विवरण/अभिलेख अपलोड करना होगा। इसके बाद आवेदक को पोर्टल से स्वजनित पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होगा जो परिवहन प्रपत्र के रूप में माना जाएगा।

मुख्य सचिव ने ली प्रयागराज महाकुंभ मेला– 2025 की शीर्ष समिति की दशम बैठक

## महाकुंभ के मद्देनजर 12075 .69 लाख की 30 परियोजनाओं को मंजूरी



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 की शीर्ष समिति की दशम बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी महाकुंभ-2025 क्लीन और ग्रीन होना चाहिये। मेला क्षेत्र में स्थापित शौचालय साफ होने चाहिये। शौचालयों की प्रतिदिन सफाई हो रही है या नहीं, यह सुनिश्चित कराने के लिये थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराया जाये। दूषित जल गंगा जी में प्रवाहित नहीं होना चाहिये। शत-प्रतिशत घरों को सीवर लाइन से जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये।

उन्होंने कहा कि शहर के परिदृश्य को नया रूप देने के लिए भित्ति चित्र, साइनेज, जंक्शन डिजाइन, सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना आदि का कार्य महाकुम्भ से पूर्व कराना सुनिश्चित किया जाये। बागवानी के माध्यम से भी सौन्दर्यीकरण कार्य कराया जायें, इससे शहर की सुंदरता और बढ़ जाएगी। वहां पर स्थापित होने वाले शौचालयों को साफ-सुथरा रखा जाए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। प्लान कर सुरक्षा एवं यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। बैठक में मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की 2584.12 लाख रुपये लागत की 02 परियोजनाओं, स्वास्थ्य विभाग की 5823.02 लाख रुपये लागत की 19 परियोजनाओं, पर्यटन विभाग की 351 लाख रुपये लागत की 01 परियोजना, प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 789.34 लाख रुपये लागत की 01 परियोजना, उद्यान विभाग की 755.18 रुपये लागत की 03 परियोजनाओं, सीएण्डडीएस की 1249.79 लाख रुपये लागत की 02 परियोजनाओं, उप्र जल निगम की 523.24 करोड़ रुपये लागत की 01 परियोजना व सिंचाई विभाग की एक परियोजना इस प्रकार कुल 12075.69 लाख रुपये लागत की 30 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई।

महाकुम्भ में आने श्रद्धालुओं को को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 2247.52 लाख रुपये की लागत से मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों के नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य तथा मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के हेल्थ प्लान के तहत 336.60 लाख रुपये की लागत से चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों का क्रय किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1425.02 लाख रुपये की लागत से अस्थाई सेण्ट्रल

**न्यायालय नायब तहसीलदार, कुरारा हमीरपुर जिला हमीरपुर**

वाद सं0–34 रा0 संहिता
मौजा – रमेडीडांडा

**श्रीमती सोनम मंगो आदि (वादी)**
**बनाम**
**श्रीमती सुखरानी पत्नी स्व0धनीराम नि0मु0 रमेडीतरौस शहर व जिला हमीरपुर हाज मुकाम सिविल लाइन बांदा जनपद बांदा (प्रतिवादी)**

चूंकि ऊपर नामांकित श्रीमती सोनम वादनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया गया है कि दा0 खा0 अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्सिता करने के लिए तारीख 29-07-2024 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यककोण अनुदिष्ट आपने अधिवक्ता द्वारा उपसजत हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से माना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता0 18 माह 07 सन 2024 की निकाली गई।

**न्यायालय की आज्ञा से**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, टाण्डा - अम्बेडकरनगर**

पत्रांक–544/पं0राज्य वित्त–पंद्रहवां वित्त/2024–25 दिनांक–24 . 07 . 2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत–टाण्डा, जनपद अम्बेडकरनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से पंचम राज्य/ पंद्रहवां वित्त योजनान्तर्गत इस विकास खण्ड हेतु वित्तीय वर्ष–2024–25 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण हेतु मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 06 .08 .2024 एवं दिनांक 07 .08 .2024 को पूर्वाहन 10 :00 बजे से अपराहन 02 :00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय टाण्डा पर बिक्री होगा तथा निविदाएं दिनांक 08 .08 .2024 को प्रातः 10 :00 बजे से अपरान्ह 02 :00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय पर सील्ड निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। तदुपरान्त प्राप्त निविदाएं उसी दिन दिनांक 08 .08 .2024 को ही अपरान्ह 02 :30 बजे समस्त उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा की नियम व शर्ते पत्र में अधोलिखित है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | सम्पर्क मार्ग/परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई मी0 में/ संख्या | निविदा फार्म का मूल्य (रू0में ) | स्वीकृति लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | अमेदा में गोवर्धनपुर संपर्क से राधेश्याम के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 150 | 1500 | 9.87 | 49350 | 06 माह |
| 2 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | गिरधरमऊ में राजेश वर्मा की मील से रामराज के घर जाने वाले मार्ग पर इण्टरलॉकिंग कार्य। | 198 | 1500 | 9.9 | 49500 | 06 माह |
| 3 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | गुवांव में गुवाव बेलवारी मार्ग से पाली पटटी सीसी रोड निर्माण कार्य। | 190 | 1500 | 9.71 | 48550 | 06 माह |
| 4 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | ममरेजपुर लालपुर में घनश्याम के घर से अर्जुन के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 150 | 1500 | 9.99 | 49950 | 06 माह |
| 5 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | पुरबकसराय में पुरुषोत्तम शर्मा के घर बासेनु के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 135 | 1328 | 6.64 | 33200 | 06 माह |
| 6 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | जगन्नाथपुर द्वितीय में राजितराम के घर से मोहम्मद राफे के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 195 | 1500 | 9.95 | 49750 | 06 माह |
| 7 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | दशरथपुर द्वितीय काशीपुर में राजकमल के घर से नहर कपिल के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 150 | 1500 | 9.59 | 47950 | 06 माह |
| 8 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | सलारपुर में लालजी मांझी के घर से राजाराम के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 60 | 500 | 2.36 | 11800 | 06 माह |
| 9 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | चितवई में राजितराम के घर से रामलखन के खेत तक सीसी रोड। | 150 | 1500 | 9.96 | 49800 | 06 माह |
| 10 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | तुलसीराम खेरा में शिवराम गौड़ के घर से मंशाराम वर्मा के घर जाने वाले मार्ग इण्टरलॉकिंग कार्य। | 218 | 1500 | 3.93 | 49650 | 06 माह |
| 11 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | चिंतौरा में महादेव प्रसाद के खेत से बंशीलाल मास्टर के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 120 | 1500 | 9.27 | 46350 | 06 माह |
| 12 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | देईपुर में रोड से रामगरीब के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 120 | 1150 | 5.75 | 28750 | 06 माह |
| 13 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | महुवारी द्वितीय में रमेश वर्मा के घर से अंकुर सिंह के घर जाने वाले मार्ग पर इण्टरलॉकिंग कार्य। | 218 | 1500 | 9.93 | 49650 | 06 माह |
| 14 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | बसावनपुर में गेट से जोगीवेंद्र प्रसाद के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 218 | 1500 | 9.93 | 49650 | 06 माह |
| 15 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | भरसारी में काली माँ चौराहा से सुनील के घर तक मिट्टी और खड़ंजा कार्य। | 430 | 1500 | 8.1 | 40500 | 06 माह |
| 16 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | अमीनपुर में मस्जिद से हाजी अखलाक के खेत तक मिट्टी और खड़ंजा कार्य। | 180 | 772 | 3.86 | 19300 | 06 माह |
| 17 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | आसोपुर प्रथम हरिपाल के घर से सुशील खन्ना की मील तक जाने वाले मार्ग तक मिट्टी और खड़ंजा | 470 | 1500 | 9.94 | 49700 | 06 माह |
| 18 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | रसूलपुर पूर्वी में कालीमाई के चौराहा से शहीद बाबा के आस्थान तक मिट्टी और खड़ंजा कार्य। | 460 | 1500 | 9.31 | 46550 | 06 माह |
| 19 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | डाडी द्वितीय में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर से कालीमाई के स्थान तक मिट्टी और खड़ंजा कार्य। | 150 | 646 | 3.23 | 16150 | 06 माह |
| 20 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | ब्राहिमपुर कुसमा में टण्डा मार्ग जमुना पाण्डेय के घर से फौजी के घर तक मिट्टी और खड़ंजा कार्य। | 430 | 1500 | 8.41 | 42050 | 06 माह |
| 21 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | मदारपुर गौहनिया में राधेश्याम तिवारी के घर से काकेलाल राजभर के घर तक जाने वाले मार्ग पर नाली और इण्टरलॉकिंग कार्य। | 142 | 1500 | 9.89 | 49450 | 06 माह |
| 22 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | भडसारी में अताब के घर से फिरतु महारा के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 210 | 1500 | 8.5 | 42500 | 06 माह |
| 23 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | दहियावर में पन्नालाल के घर से रामशरण के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 150 | 1500 | 9.94 | 49700 | 06 माह |
| 24 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | विकासखण्ड परिसर में इण्टरलॉकिंग का उच्चीकरण और मरम्मत। | 60 | 1500 | 9.95 | 49750 | 06 माह |
| 25 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | डाडी द्वितीय में ठाकुर दीन शर्मा के घर से रामनारायण वर्मा के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 180 | 1500 | 8.63 | 43150 | 06 माह |
| 26 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | उतरेथू प्रथम में बारात घर से रामलखन यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 200 | 1500 | 8.57 | 42850 | 06 माह |
| 27 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | आलमपुर शेखरपुर में अखिलेश वर्मा के घर से बड़े नाले तक नाला निर्माण कार्य। | 232 | 1500 | 9.98 | 49900 | 06 माह |
| 28 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | ब्राहिमपुर कुसमा में रामबकस वर्मा के घर से कपिल वर्मा के घर तक नाली और सीसी रोड निर्माण कार्य। | 60 | 1192 | 5.96 | 29800 | 06 माह |
| 29 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | आसोपुर चतुर्थी में बाबूराम वर्मा के घर से नाला तक सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य। | 130 | 1500 | 9.95 | 49750 | 06 माह |
| 30 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | ब्राहिमपुर कुसमा सगरा में काली चौराहा से अशोक पासवान के घर तक नाली और सीसी रोड निर्माण कार्य। | 45 | 874 | 4.37 | 21850 | 06 माह |
| 31 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | ब्राहिमपुर कुसमा में ओमप्रकाश वर्मा के घर से पक्की सड़क और नाली निर्माण कार्य। | 128 | 1500 | 9.87 | 49350 | 06 माह |
| 32 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | ब्राहिमपुर कुसमा में आत्माराम वर्मा के घर से सभाजीत के खेत तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 104 | 1500 | 9.97 | 49850 | 06 माह |
| 33 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | त्रिलोकपुर में सिलाई केंद्र से गोपाल की डेरी तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 101 | 1500 | 9.87 | 49350 | 06 माह |
| 34 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | नसरुल्लापुर में केदारनगर अरसावां सम्पर्क मार्ग से कुमकर्ण वर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 155 | 1500 | 7.62 | 38100 | 06 माह |
| 35 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | कमलापुर में कमलापुर संपर्क मार्ग से कब्रिस्तान तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 65 | 864 | 4.32 | 21600 | 06 माह |
| 36 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | गौरागुजर राम अच्छैबर वर्मा के खेत के पास सड़क से छैल बिहारी विश्वकर्मा के ट्यूबबैल से होते हुए रामपाल वेमा के खेत तक मिट्टी और खड़ंजा कार्य। | 141 | 500 | 2.36 | 11800 | 06 माह |
| 37 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | पिपरी मोहम्मदी में रामनयन के खेत से भभूती वर्मा के खेत तक मिट्टी और खड़ंजा कार्य। | 420 | 1500 | 8.89 | 44450 | 06 माह |
| 38 | राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग | गौहनियां में गौहनियां सम्पर्क मार्ग से अशोक प्रकाश वर्मा के खेत तक मि0/खड़ंजा कार्य। | 256 | 1008 | 5.04 | 25200 | 06 माह |
| | | योग:- | | 61862 | 309.31 | 1546550 | 06 माह |

नियम व शर्तों का विवरणः-

1. परियोजना पर उपरोक्तानुसार कालम नम्बर-6 में अंकित धरोहर की धनराशि निविदा फार्म के साथ एन०एस०सी०/ बैंक एफ०डी०आर०के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी टाण्डा के पक्ष में प्लेज हो, तथा परियोजना लागत की जमानत के रूप में०० प्रतिशत की धनराशि भुगतान के समय काट ली जायेगी, जो कार्य पूर्ण होने के छः माह उपरान्त अवमुक्त की जायेगी।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई भी निविदा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग अथवा परिलेखन मान्य नहीं होगा।
4. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना आवश्यक है।
5. बिना कोई कारण स्पष्ट किये किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**टाण्डा-अम्बेडकरनगर।**

## एक नजर

### भाकियू की महापंचायत आज

**अम्बेडकरनगर।** जिले में एनएच 233 के प्रभावित किसानों की मुआवजे की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का धरना फतेजहूरपुर में जारी है। जिलाध्यक्ष विनय कुमार वर्मा के नेतृत्व में किसान 2016 में अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। धरने में 31 गांवों के किसानों को मुआवजा मिल चुका है, लेकिन 12 गांवों के किसान अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। कल एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुआवजे की मांग को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

### पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**अम्बेडकरनगर।** आलापुर थाना क्षेत्र के मजगवां गांव में एक विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता आरजू खातून, जो हंसवर थाना क्षेत्र के केवटला निवासी बदरुद्दीन की बेटी हैं, ने आरोप लगाया है कि उसके पति अबू वफा, ससुर मोहम्मद इलियास, सास शकीला, और ननद आसिया ने दहेज की मांग की और उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। शादी के बाद एक पुत्र हुआ, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वालों ने दहेज की अतिरिक्त मांग की। असमर्थता जताने पर पीड़िता को गालियाँ दी गईं और मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। आरजू ने अपने पिता के साथ हंसवर थाने में शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक संजय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस कर रही सीसी कैमरों के साथ कांवड़ियों के जत्थों की सुरक्षा

**अम्बेडकरनगर।** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन ने विशेष कदम उठाए हैं। अयोध्या से सटी सीमाओं और शिवबाबा तक के मार्गों पर 38 उच्चकोटि के आइपी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी सीधे पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी कार्यालय के कंट्रोल रूम से की जा रही है। उच्चाधिकारियों ने सभी कैमरों की लाइव टेस्टिंग की, जिससे यह सुनिश्चित किया गया कि कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहें। अयोध्या जिले की सीमाओं जैसे यादवनगर, चनहा, सेनपुर, सेवागंज, और अहिरौली में चार-चार कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा, कटेहरी बाजार, महरुआ, भीटी, बथुआ, मिझौड़ा, अन्नावां, नगहरा, और पहितीपुर में भी दो-दो कैमरे क्रियाशील हैं। पुलिस बैरियर पर बड़े वाहनों के डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय और सीओ सुरेश कुमार मिश्र ने कांवड़ यात्रा के विभिन्न पड़ावों, चैरियर, और मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित थानाध्यक्षों को 24 घंटे सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

### गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे सात खाद्य नमूने

**अम्बेडकरनगर।** खाद्य सुरक्षा और जन स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बुधवार को व्यापक खाद्य निरीक्षण अभियान चलाया। अत्याधुनिक फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल प्रयोगशाला का उपयोग करते हुए, प्रशासन ने शिव बाबा, अन्नावां बाजार और कटेहरी बाजार में खाद्य पदार्थों की जाँच की। इस अभियान के दौरान, कुल 69 खाद्य नमूने एकत्र किए गए और मोबाइल लैब के माध्यम से स्थल पर ही परीक्षण किया गया। परिणामों में पाया गया कि 62 नमूने निर्धारित शुद्धता मानकों पर खरे उतरे, जबकि 7 नमूने गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं कर सके। मानकों के विपरीत पाए गए नमूनों में 2 टमाटर सॉस, 1 पेड़ा, 2 छेना मिठाई, 1 बत्तीसा और 1 बर्फी शामिल थे। खाद्य कारोबारकर्ताओं को तुरंत सूचित किया गया और उन्हें खाद्य उत्पादों में कृत्रिम रंग और स्टार्च के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। उपभोक्ताओं को मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान करने और सूचित निर्णय लेने के लिए शिक्षित किया गया।

### पुलिस पार्टी पर हमले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव को मिली जमानत

**अयोध्या।** पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने और सड़क पर लाश रखकर जाम करने के एक मामले में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव को कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश किया है यह आदेश जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से हुआ ने कोर्ट में सोमवार को सरेंडर कर दिया। घटना बीकापुर कोतवाली के गुंधौर गांव की है। यहां 7 जून 2022 को अर्जुन यादव की हत्या कर दी गई थी। पुलिस उसके घर पहुंची तो मृतक की पत्नी और उसके रिश्तेदार मांगों को लेकर अंतिम संस्कार करने को तैयार नहीं थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी बीकापुर, मिल्कीपुर, थाना अध्यक्ष तारुन थाना अध्यक्ष हैदरगंज महाराजगंज गोसाईगंज इनायत नगर की पुलिस और एसडीएम तथा तहसीलदार बीकापुर मौके पर पहुंचे और लोगों को काफी समझाने के बाद वह अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। लाश उठाने लगे तभी हॉकी, डंडा, राड और सरिया से लैस कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव समय तो 27 लोगों ने मिलकर पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। इस हमले में दरोगा जितेंद्र सिंह वीरेंद्र पाल, सिपाही रोहन कुशवाहा समेत अन्यलोग घायल हो गए। इसकी रिपोर्ट सभी लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में लिखाई गई थी।

### अराजक तत्वों ने तोड़ा खेल के मैदान में लगा शिलापट

**गोसाईगंज,अयोध्या।** गोसाईगंज कोतवाली इलाके के एक ग्राम सभा में अराजकतत्वों ने खेल के मैदान में लगे शिलापट को तोड़ डाला। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। ग्राम प्रधान रीमा वर्मा ने अज्ञात के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया है। तहरीर के मुताबिक चिरकिटँहा गांव में ग्राम प्रधान की पहल पर एक खेल का मैदान बना हुआ था।खेल के मैदान में एक सीबीआई शिलापट लगा हुआ था। सुबह जब मामले को जानकारी ग्राम प्रधान रीमा वर्मा को हुई तो ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामभवन वर्मा ने मामले की जानकारी पुलिस को दिया। एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक मामले की तहरीर मिली है,मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

### सचलदल की तलाशी में 10 पकड़े गए

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों में एलएलबी, बीएससी-एमएससी एजी, बीटेक के साथ बीपीएड व एमपीएड की परीक्षा हुई। बुधवार को प्रथम पाली में साँई लॉ कालेज, बाराबंकी में सचलदल की सघन तलाशी में 10 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में बीपीएड व एमपीएड की परीक्षा में परीक्षा नियंत्रक उमानाथ द्वारा प्रथम पाली का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि परिसर में बीपीएड व एमपीएड की परीक्षा की प्रथम पाली में 835 के सापेक्ष 34 व द्वितीय पाली की परीक्षा में 306 परीक्षार्थियों में से 4 अनुपस्थित रहे। इस केन्द्र पर आवासीय परिसर, नन्दिनी नगर, संत भीखादास मोहाली, झुनझुनवाला, रामजानकी, विनायक, देशदीपक, शिव सावित्रि महाविद्यालय के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी व सचलदल द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। एलएलबी की प्रथम पाली की परीक्षा में 10 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए है। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

## निमंत्रण जा रहे पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने मारी थी साइड

विश्ववार्ता संवाददाता




**मिल्कीपुर,अयोध्या।** बाइक से निमंत्रण जा रहे पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने साइड मार दिया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर रोड के बगल बने पौध ब्रिकगार्ड में टकरा गई। जिससे पिता पुत्र घायल हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। तथा बेटे की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बल्दीराय क्षेत्र के देहली बाजार निवासी संजय अग्रहरि पुत्र शिव प्रसाद अग्रहरि 45 वर्ष अपने 13 वर्षीय छोटे बेटे अभिनव को बाइक से लेकर हलियापुर निमंत्रण जा रहे थे। वर्मा ईंट भट्ठा के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने साइड मार दिया।

जिससे उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के बगल बने वृक्षों की सुरक्षा के लिए बने ब्रिकगार्ड में जा घुसी , पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये, स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज ले गए जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ अरविंद मौर्य ने संजय अग्रहरि को मृत बताया तथा बेटे अभिनव की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अस्पताल आए ग्रामीण उसने बताया कि मृतक संजय एक बेटी व दो बेटे बेटी मुस्कान बड़ी है जिसकी शादी भी खोज रहे थे।

लेकिन उससे पहले ही हसत खेलता परिवार बिखर गया। ग्रामीण आपस में अभी चर्चा कर रहे थे कि अभी घर पर कोई ना जान नहीं पाए नहीं तो मां हार्ट पेशेंट है और कोई हादसा हो सकता है।

# दबंगों ने उखाड़ फेंका नगर पालिका द्वारा लगवाया खड़ंजा, अतिक्रमण का प्रयास

विश्ववार्ता संवाददाता

» जलालपुर के हाजीपुर की घटना, ठेकेदार ने की शिकायत

**अम्बेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र हाजीपुर में नगर पालिका द्वारा लगवाए गए खड़ंजे को बेखौफ दबंगों ने उखाड़कर रास्ते का अतिक्रमण करने का प्रयास किया।

यह घटना क्षेत्र में सार्वजनिक आक्रोश का कारण बन गई है।नगर पालिका ने हाजीपुर में पगडंडी को चौड़ी सड़क में परिवर्तित करने के लिए लेखपाल से ईदगाह मार्ग पर पैमाइश करवा कर मार्ग का चिन्हांकन करवाया था।

खड़ंजा लगाने के दो दिन बाद ही स्थानीय निवासी रजनीश कुमार वर्मा ने लगभग 10 फीट का खड़ंजा उखाड़कर मार्ग को फेंक दिया। इस घटना की जानकारी ठेकेदार ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत के माध्यम से दी। शिकायत में बताया गया है कि दबंगों ने खड़ंजा उखाड़कर अवैध अतिक्रमण का प्रयास किया है। इस घटनाक्रम पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की तरफ से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह स्थिति नगर पालिका के विकास कार्यों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रही है और क्षेत्रवासियों में आक्रोश उत्पन्न कर रही है।

स्थानीय निवासी और ठेकेदार दोनों ही इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और नगर पालिका के विकास कार्यों को सुरक्षित रखा जा सके।

# जलभराव की समस्या से परेशान मोहल्ले के लोगों ने किया प्रर्दशन

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के लक्ष्मण घाट वार्ड के गोला घाट स्थित सैयद बाड़ा मोहल्ले में जलभराव की समस्या से परेशान है मोहल्ले वासी सैयद बाड़ा मोहल्ले के स्थानीय निवासीयों ने नगर निगम के खिलाफ किया जम के नारे बाज़ी किया और लापरवाही का आरोप लगाते हुये कहा की लगभग 20 साल से हम लोग इस जल भराव की समस्या से परेशान है पहले नगर पालिका था अभी 6 साल से नगर निगम हो गया है इससे पहले भी जो हमारे वार्ड के पार्षद थे उनको भी अवगत कराया गया था लेकिन जल भराव की समस्या जस की तस बनी रही अभी दुबारा नगर निगम वार्ड के पार्षद का चुनाव हुआ और हमारे वार्ड की पार्षद प्रिया शुक्ला बनी और उनके पति महेन्द्र शुक्ला प्रतिनिधि बने हम लोगो ने अपने वार्ड की समस्या उनको बताया उन्होंने नगर निगम के अधिकारियो को भी इस जल भराव की समस्या बताया नगर निगम के अधिकारी आते तो है निरीक्षण करते है और आश्वासन देकर चले जाते है कोई भी समाधान अभी तक नहीं हुआ आज भी नगर निगम के अधिकारी आये और जलभाराव का निरीक्षण किया है जल भराव इतना ज्यादा हो जाता है हम लोगों को भी इसी गंदे पानी में घुसकर के अपने घर में आना जाना पड़ता है हमारे मोहल्ले के सड़के टूटी है जिससे आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कई बार बैटरी रिक्शा पलट चुका है और लोग चोटिल हो चुके हैं। इसलिए हम लोग नगर निगम प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द हमारी समस्या का समाधान किया जाये।

# दोहरे हत्याकाण्ड में दो अभियुक्तों पर दोष सिद्ध, फैसले पर सुनवाई 26 को

विश्ववार्ता संवाददाता

» पांच साल पहले कैंटीन खोलने की रंजिश को लेकर हुई थी सेल्समैन व उसके साथी की हत्या

**अयोध्या।** पांच साल पहले रौनाही थाना क्षेत्र में कैंटीन खोलने की रंजिश को लेकर बियर के सेल्समैन प्रहलाद यादव व उसके साथी रमेश यादव के खाने में जहर मिलाकर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में दो अभियुक्तों पवन गुप्ता व शिवशंकर उर्फ बब्लू पर सुनवाई के पश्चात दोष सिद्ध किया गया।

इसके पश्चात प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना सिंह ने फैसले पर सुनवाई के लिए शुक्रवार का दिन नियत करते हुए दोनों अभियुक्तों को पुनः जेल भेजने का आदेश दिया है।

यह घटना रौनाही क्षेत्र सोहावल के सुचित्तागंज बाजार का वर्ष 2019 का है। वादी पक्ष के अजय वर्मा व पूर्णिमा सिंह ने पैरवी किया। अभियोजन पक्ष से सरकारी अधिवक्ता रोहित पाण्डेय के मुताबिक वादी जगदीश यादव पुत्र शोभा यादव निवासी सैराठी का पुरवा बसन्तपुर थाना हुजुरपुर जिला बहराइच का है। इसका लड़का प्रहलाद यादव अयोध्या जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुचित्तागंज बाजार स्थित राम कुमार की बियर की दूकान पर सेल्समैन का काम करता था गांव के बाबू यादव का लड़का रमेश यादव व पवन गुप्ता कैंटीन देशी शराब के पीछे चलाते थे। जहां शिवशंकर उर्फ बब्लू भी अंग्रेजी शराब की दूकान पर सेल्समैन का काम करता था।

वादी का लड़का प्रहलाद यादव से दोनों विपक्षी पवन गुप्ता व शिवशंकर कैंटीन को लेकर रंजिश रखते थे इस बावत कई बार कहासुनी भी हुई थी उस समय रमेश यादव ने प्रहलाद यादव का साथ दिया था इसी रंजिश को लेकर 22 सितम्बर 2019 को विपक्षियों ने एक पार्टी रखी थी जिसमें वादी के लड़के प्रहलाद यादव रमेश याद व को आमंत्रित किया था।

आरोपियों ने हत्या करने की नियत से दोनों के खाने में जहर मिला दिया इस कारण दोनों की हालत बिगड़ गयी दोनों को सुबह जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां दूसरे दिन 23 सितम्बर को रमेश यादव की दिन में लगभग 12 बजे मौत हो गयी और प्रहलाद यादव की हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान प्रहलाद यादव की भी मौत हो गयी थी।

पोस्टमार्टम रिर्पोट में खाने में जहर मिलाने की बात सामने आया था। घटना की रिपोर्ट थाना रौनाही में पवन गुप्ता, शिवशंकर उर्फ बब्लू तथा शेष गिरी के विरूद्ध मु.अ.सं. 467/19 अन्तर्गत धारा 147, 302, 328 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान विवेचन ने तीसरे आरोपित शेष गिरी का नाम निकालकर पवन गुप्ता व शिवशंकर के विरूद्ध आरोप पत्र सम्बंधित कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था।

वादी के अधिवक्ता अजय वर्मा व पूर्णिमा सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों की जमानत हाईकोर्ट लखनऊ से भी निरस्त हो चुकी थी। वहीं वादी व गवाहों के बयान के आधार पर दोनों अभियुक्तो पर हत्या की धारा 302 व 328 के तहत बुधवार को दोष सिद्ध किया। साथ ही सजा पर सजा पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तिथि नियत किया गया है। तत्पश्चात दोनों अभियुक्तों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत जेल भेज दिया गया।

# अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर चल रहा काम

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** भले ही अयोध्या में मां सरयू प्रवाहमान हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ सरकार रामनगरी में विकास की गंगा का अवतरण कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। हाल ही में गठित हुए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद भी योजनाओं का पिटारा खोलने जा रहा है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैठक कर 110 करोड़ की योजनाओं को हरी झंडी दे सकते हैं।

रामनगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बार फिर से कई योजनाओं पर काम शुरू होने जा रहा है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के पास 11 प्रोजेक्ट भेजे गए हैं। 110 करोड़ की इन परियोजनाओं पर परिषद की बैठक में मंजूरी मिलना तय है। इसी महीने सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में तीर्थ विकास परिषद की बैठक संभावित है। बता दें कि अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अब कुछ नई योजनाओं पर काम शुरू करने तैयारी हो रही है। रामनगरी की पौराणिकता की गवाह मणिपर्वत का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

मणिपर्वत भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है। यहां हर साल सावन माह में मेला लगता है। रामनगरी में झूलनोत्सव का शुभारंभ मणिपर्वत मेले के साथ ही होता है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि अयोध्या के नियोजित विकास के लिए विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं के प्रस्ताव तीर्थ विकास परिषद को मिले हैं।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के 8 और उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम के 3 प्रस्ताव हैं। इन सभी योजनाओं की कुल कीमत करीब 110 करोड़ होगी। इन योजनाओं के मूर्त रूप लेने से रामनगरी में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**इन परियोजनाओं को मिलेगी स्वीकृति**

- सभी प्रमुख स्थलों पर साइनेज लगवाने की योजना।
- सरयू तट पर शिल्पकला एवं फाउंटेन व सौंदर्यीकरण का कार्य। अनुमानित लागत है 9 करोड़ रुपये।
- आचार्य नरेंद्र देव विवि के परिक्षेत्र में स्थित गुलाबबाड़ी का सौंदर्यीकरण।
- राम की पैड़ी कैनाल से एनएच-27 तक सोतिया नाला का निर्माण।
- मणि पर्वत के चारों तरफ एएसआई क्षेत्र छोड़ कर पाथवे का निर्माण। फ्लोरिंग, बेच, साइनेज, लाइट एवं लेजर, पारदर्शी स्क्रीन, फूड क्योस्क का निर्माण।
- अयोध्या के विभिन्न स्थलों का सौंदर्यीकरण। यात्रियों के रुकने व विश्राम की व्यवस्था का कार्य।
- अयोध्या के कौशलेश सदन के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण
- संत निवास का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण

» जल्द मिल सकती है 110 करोड़ की योजनाओं की सौगात

» तीर्थ विकास परिषद विकास कार्यों के 11 प्रस्तावों पर लगा सकता है मुहर

# अम्बेडकरनगर पुलिस टीम ने खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद बाराबंकी में आयोजित पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की 29वीं अंतर जनपदीय कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग, आर्म रेसलिंग और बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जनपद अम्बेडकरनगर की स्पोर्ट्स पुलिस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अम्बेडकरनगर की टीम ने बॉडी बिल्डिंग और आर्म रेस्लिंग में कई पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

अम्बेडकरनगर पुलिस टीम के खिलाड़ियों ने बॉडी बिल्डिंग में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें आरक्षी विपुल मलिक (55-60 कि0ग्रा0 वर्ग),आरक्षी रोहित बंसल (75-80 कि0ग्रा0 वर्ग),अमरेश सरोज (85-90 कि0ग्रा0 वर्ग), आरक्षी शिवम् चौधरी (90-95 कि0ग्रा0 वर्ग) और आरक्षी विवेक यादव (95-100 कि0ग्रा0 वर्ग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।आरक्षी विपुल मलिक (55-60 कि0ग्रा0 वर्ग), आरक्षी रोहित बंसल (75-80 कि0ग्रा0 वर्ग), आरक्षी अमरेश सरोज (80-85 कि0ग्रा0 वर्ग), आरक्षी विवेक यादव (90-95 कि0ग्रा0 वर्ग) और आरक्षी बृजेश यादव ने 85-90 कि0ग्रा0 वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अम्बेडकरनगर पुलिस टीम की इस शानदार उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता खेल की भावना और पुलिस विभाग के खिलाड़ियों की प्रतिभा को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। अम्बेडकरनगर पुलिस टीम की इस शानदार उपलब्धि से जिले में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा और अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।

# अकबरपुर थाना क्षेत्र में लावारिस वृद्ध का शव मिलने से मचा हड़कंप



विश्ववार्ता संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर थाना क्षेत्र के मौहरिया खानपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक वृद्ध व्यक्ति का शव लावारिस हालत में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव के मिलने की सूचना स्थानीय लोगों और राहगीरों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद अकबरपुर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कार्रवाई शुरू कर दी।शव के गले पर चोट के निशान पाए गए हैं, जो हत्या की संभावना को जन्म देते हैं। पुलिस सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए वृद्ध की पहचान कराने में लगी हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत की वजह का पता लगाया जा सके।

अकबरपुर थाने के एसओ वीरेंद्र बहादुर सिंह ने विश्व वार्ता को बताया कि घटना की जांच की जा रही है और इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में चिंता और भय का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# 1285 लाभार्थियों को मिली 77 लाख की पहली किस्त

विश्ववार्ता संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के द्वितीय चरण (2024-25) के तहत जिले में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए पांच ब्लॉकों के 1285 लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त के रूप में 77 लाख 10 हजार रुपये भेज दिए गए हैं। इस चरण में सरकार ने जिले में 20,558 शौचालयों का निर्माण करने का लक्ष्य रखा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश श्रीवास्तव के अनुसार, अब तक 1285 लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में 6-6 हजार रुपये भेजे जा चुके हैं। प्रत्येक लाभार्थी को शौचालय निर्माण के लिए कुल 12 हजार रुपये की सहायता दो किस्तों में प्रदान की जाएगी। अभी भी कई आवेदकों की पात्रता की जांच की जा रही है। पात्र पाए जाने पर, इन आवेदकों को भी शीघ्र ही पहली किस्त भेजी जाएगी। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में, 10,321 पात्रों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण से लाभान्वित किया गया था।

स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य गांवों और शहरों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और लोगों को खुले में शौच से मुक्त करना है। इस योजना के माध्यम से सरकार न केवल स्वच्छता के स्तर को सुधारने का प्रयास कर रही है बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश श्रीवास्तव ने कहा, ₹इस वर्ष व्यक्तिगत शौचालय बनाने के लिए 20,558 का लक्ष्य मिला है, जिनमें से 1285 लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त के रूप में 77 लाख 10 हजार रुपये भेज दिए गए हैं। बाकी आवेदकों की जांच प्रक्रिया जारी है और पात्र पाए जाने पर उन्हें भी जल्द ही लाभ पहुंचाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस प्रकार की पहलें ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्वच्छता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इससे न केवल लोगों का स्वास्थ्य सुधरेगा बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

सरकार की इस पहल से उम्मीद है कि आने वाले समय में जिले में खुले में शौच की समस्या को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकेगा और सभी को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिलेगा।स्वच्छ भारत मिशन के इस प्रयास से जिले में स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है, जिससे न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियां भी लाभान्वित होंगी।

**किस ब्लॉक में कितने लाभार्थियों को मिली पहली किस्त**

| ब्लॉक | – | संख्या |
|---|---|---|
| अकबरपुर | – | 194 |
| बसखारी | – | 170 |
| भीटी | – | 288 |
| कटेहरी | – | 451 |
| टांडा | – | 182 |

# एसपी के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

विश्ववार्ता संवाददाता

» पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**जहांगीरगंज, अम्बेडकरनगर।** विपक्षियों द्वारा महिला व उसके पति की पिटाई करने के मामले में एसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा। जहांगीरगंज के मालपुर बसहिया निवासी सुशीला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि गत 17 जुलाई की शाम को पुरानी रंजिश में विपक्षी रीना उसे गाली दे रही थी।

उसने मना किया तो रीना व उसके पुत्र राजकुमार ने उसका गला दबा कर लकड़ी के पीढे आदि से मारने लगे किसी तरह उनसे छूटकर घर में भागी तो दोनों घर में भी घुस गए और वहां भी मारे पीटे, 10 मिनट बाद पति सूरज घर आया तो उसने पूछा तो उसने घटना के बाबत बताया तो वह विपक्षियों से पूछने लगा तो आरोपितों ने गाली गलौज देते हुए उससे भी भिड़ गए और लाठी डंडे से मारने लगे किसी तरह हल्ला गुहार मचाया तो किसी तरह जान बची, आरोपित धमकी देते हुए चले गए।

आरोप है कि घटना की तहरीर थाने पर दिया तो दिन भर थाने पर बैठाए रखा गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर पीड़िता ने एसपी से शिकायत करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व मेडिकल कराने हेतु थाने की पुलिस को आदेश दिए जाने की मांग की । एसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट, धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है

**विकास** | टाण्डा में सरयू तट पर हनुमानगढ़ी के आरती स्थल का हुआ उद्घाटन

# हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना व सौंदर्यीकरण का शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा और जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में टाण्डा के प्राचीन पौराणिक स्थल हनुमानगढ़ी में सरयू तट पर नवनिर्मित आरती स्थल का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी और नागरिक भी उपस्थित थे।

**उद्घाटन और पूजा-अर्चना का आयोजन**

हवन और पूजा-अर्चना के साथ आरती की गई, जिसके बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने हनुमानगढ़ी के सरयू तट पर स्थित आरती स्थल का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने पवित्र स्थल हनुमानगढ़ी का निरीक्षण भी किया और मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने सरयू तट के सौंदर्यीकरण और वहां की व्यवस्था को देखकर खुशी जाहिर की और इस पर संतोष व्यक्त किया।

**भव्य भंडारा और सरयू तट पर निर्माण कार्य**

उद्घाटन समारोह के दौरान एक भव्य भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रयासों से हनुमानगढ़ी के निकट सरयू तट पर सीढ़ियों का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी टाण्डा, तहसीलदार टाण्डा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा, जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी मौके पर मौजूद रहे।

# मिट्टी की दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के सोहगुपुर गांव में मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। मिट्टी की दीवार के अचानक गिरने से हरबरन नामक वृद्ध उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय हरबरन दीवार के किनारे बैठे थे। अचानक दीवार भरभरा कर उनके ऊपर गिर पड़ी, और वह मिट्टी में दब गए। इस हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मिट्टी हटाकर हरबरन को बाहर निकाला। तत्काल उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही जलालपुर थाना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हरबरन की मौत दीवार के नीचे दबने से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में एसडीएम ने जांच के बाद शासन से मिलने वाली सहायता राशि मृतक के परिजनों को दिलाने का आश्वासन दिया है।

इस हादसे से हरबरन के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर है। हरबरन की आकस्मिक मृत्यु से उनके परिवार और गांव के लोग गहरे सदमे में हैं। परिवार के सदस्य इस हादसे से बेहद दुखी हैं और पूरे गांव में मातम का माहौल है।

इस हादसे ने फिर से ध्यान दिलाया है कि ग्रामीण इलाकों में ऐसी पुरानी और कमजोर दीवारें कितना बड़ा खतरा बन सकती हैं। प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

## एक नजर

### मिस्टर साईनिंग मॉडल शो में अर्णव बने विजेता



**सहारनपुर।** मिस्टर साईनिंग मॉडल शो मे सहारनपुर के अर्णव शर्मा ने विजेता बनकर अपने जनपद का नाम रोशन कर दिया। सहारनपुर आगमन पर अर्णव शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। माधो नगर के रहने वाले अर्णव शर्मा ने देहरादून मे सम्पन हुये मिस्टर साईनिंग मॉडल शो मे अपने शानदार प्रदर्शन के बलबूते विजेता बनने का खिताब अपने नाम सहारनपुर जनपद का नाम रोशन कर दिया। अर्णव शर्मा ने बताया कि शो मे काफी संख्या मे काफी प्रतिभागियो ने भाग लिया था। जिसमे उन्हाने अपने शानदार प्रदर्शन के बलबूते सफलता अर्जित की। विजेता अर्णव शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता अवनीश शर्मा को दिया। विजेता अर्णव शर्मा ने कहा कि उनका सपना अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करना है।

### नगर आयुक्त ने गौशाला का निरीक्षण किया



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने महानगर क्षेत्र के मघई टोला स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश बिंदु, गौवंशों के लिए शुद्ध जल की आपूर्ति एवं गौवंशों हेतु उपलब्ध चारा, भूसा आदि की स्थिति को देखा को देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला में विशेष सफाई व्यवस्था रखने के साथ-साथ गौवंशों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाए। साथ ही गौवंशों के लिए चारा, भूसा पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश सम्बंधित को दिए।

### फर्जी पासपोर्ट में युवक से जानकारी जुटा रही पुलिस

**बरेली।** सेना की खुफिया एजेंसी की शिकायत पर - कोतवाली पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया था। पुलिस ने उसके कब्जे से 31 पासपोर्ट और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए थे। आरोपी से सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव की पूछताछ जारी है।उसके पास से कई महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है।आरोपी कई लोगों से ठगी कर चुका है। सूत्रों के अनुसार आर्मी इंटेलीजेंस ने कोतवाली पुलिस को मंगलवार को फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले आरोपी के संबंध में जानकारी दी थी।। सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने उसे अयूब खां चौराहा के पास स्थित एक होटल के पास वाली गली स्थित ट्रेवल एजेंट के कार्यालय पर छापा मारकर उसे हिरासत में ले लिया। एजेंट के कार्यालय से 31 पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार एक महिला ने भी ट्रेवल एजेंसी की शिकायत की है। महिला ने हज जाने के लिए ट्रेवल एजेंसी से पासपोर्ट बनवाया था। एयरपोर्ट पर जांच में पासपोर्ट फर्जी निकला था। इस मामले में सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने बताया आरोपी से पूछताछ की जा रही है। कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं।

### बारिश से शहर की सड़कें नदी नाले में तब्दील

**पीलीभीत।** बुधवार की दोपहर अचानक से बदरा तेजी से बरसने लगे। करीब 20 मिनट तक हुई बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। वहीं शहर की हालत बाढ़ जैसी हो गई। शहर के मुख्य मार्गों पर पानी बहने लगा। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बीते करीब चार दिनों से बादलों की आवाजाही जारी थी, लेकिन बूंदाबांदी ही होकर रह जाती थी। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल पा रही थी। बुधवार को सुबह से ही बादल बने रहे। दोपहर करीब दो बजे तेज बारिश शुरू हो गई। करीब 20 मिनट तक हुई जोरदार बारिश ने एक बार फिर से शहर की सूरत को बिगाड़ दिया। स्टेशन रोड, चूड़ी वाली गली, सुनगढ़ी मोहल्ला, अशोक कॉलोनी, अग्रवाल सभा भवन सहित कई सड़कों पर दो से तीन फीट पानी भर गया। वहीं स्टेशन रोड पर पानी भर जाने से गंदा पानी लोगों के घरों और दुकानों में भी घुस गया। पानी भर जाने से लोग बारिश थमने के बाद लोग पानी को दुकान और घरों से बाहर निकालते रहे।

### हत्या आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत।** पड़ोसी द्वारा घर से बुलाकर ले जाने के बाद एक युवक का शव नेपाल सीमा के पास बरामद हुआ था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद युवक को घर से बुलाकर ले जाने वाले आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के मुताबिक हज़ारा थाना क्षेत्र के टिल्ला नंबर चार गांव का रहने वाला जसवंत मेहनत मजदूरी करता था। रविवार को गांव का बबलू नेपाल चलने की बात कह कर उसे घर से बुलाकर लेकर गया था। शाम तक जब वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को भी पूरे मामले की सूचना दी। सोमवार को जसवंत का शव नेपाल सीमा के पास बाजार घाट के समीप मिला था।

# बच्चे का एडमिशन न करने के मामले की जांच पूरी, बीएसए को सौंपी रिपोर्ट

## छात्र का दोबारा पहली कक्षा में प्रवेश न लेने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** कम उम्र और दूसरे नाम से अपने भतीजे का सरकारी स्कूल की पहली कक्षा में प्रवेश कराने की जिद पर अड़े एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को शिकायती पत्र दिया है और स्कूल में पूर्व से पंजीकृत छात्र का दोबारा पहली कक्षा में प्रवेश न लेने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बीएसए ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है।

बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगरा शहपुरा निवासी देशपाल पुत्र प्यारेलाल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके भतीजे अनुज भारती पुत्र गुड्डू भारती की जन्मतिथि 20 अगस्त 2017 है और प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा उसका पहली कक्षा में रंजिशन प्रवेश नहीं किया जा रहा है। मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार को दी गई।

प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी को जो साक्ष्य उपलब्ध कराए वह बेहद चौकाने वाले नजर आए। दरअसल शिकायतकर्ता के भतीजे का वास्तविक नाम आर्यन भारती पुत्र गुड्डू भारती है और आर्यन भारती का नाम प्राथमिक विद्यालय नगरा ता. शहपुरा की पहली कक्षा के क्रमांक 14 एसआर क्रमांक 632 पर दर्ज है और आर्यन की जन्मतिथि 19 फरवरी 2015 रजिस्टर में अंकित है। कक्षा दो तक आर्यन स्कूल आता रहा, लेकिन कक्षा तीन में छात्र आर्यन के अभिभावक से आधार जमा करने को कहा तो आर्यन को स्कूल भेजना बंद कर दिया। प्रधानाचार्य ने कई बार अभिभावक को नोटिस जारी करके छात्र को स्कूल बुलाने का प्रयास किया, लेकिन आर्यन को स्कूल नहीं भेजा गया, जिसके कारण कक्षा तीन से छात्र आर्यन का नाम डॉपआउट में चला गया। आंगनबाड़ी केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक गुड्डू भारती के दो बच्चे हैं, जिनमें आर्यन और अंकुश भारती का नाम दर्ज है। शिक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आधार में अपने भतीजे की आयु और नाम बदलवाकर अंकित कराया है और आधार के अनुसार स्कूल में पुनः कक्षा एक में प्रवेश दिलाना चाहता है, जबकि छात्र पहले से पंजीकृत है। पहले स्कूलों में आधार की कोई व्यवस्था लागू नहीं थी, जिसका शिकायतकर्ता द्वारा अनुचित लाभ उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि जांच पूरी करके बीएसए को सौंप दी गई है। आगे की कार्यवाही उन्ही के स्तर से की जाएगी। बीएसए से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नही लगा।

# आधार संशोधन के लिए पहुंचे लोगों ने जाम की सड़क

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** आधार संशोधन कराने पहुंचे लोगों ने बैंक मैनेजर के रवैया से परेशान होकर जाम लगा दिया। बैंक में आधार संशोधन का काम मनचाहे तरीके से चल रहा है और लोगों को परेशान किया जा रहा है। जाम की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया।पूरनपुर इलाके की बैंक ऑफ़ बड़ौदा में आधार कार्ड संशोधन करने को लेकर सुबह 6:00 बजे से लोग लंबी-लंबी लाइन में लगकर 10 बजे बैंक खुलने का इंतजार करते हैं। बैंक खुलने के बाद आधार कार्ड संशोधन कराने आए लोगों को मना कर दिया जाता है। आधार कार्ड संशोधन ना होने से परेशान लोगों ने बुधवार को रोड पर जाम लगाकर आधार संशोधन करने की मांग कर डीएम से फोन पर बात की। लगभग 35 मिनट के बाद नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और लोगों को



टोकन दिलवाकर समस्या का समाधान करवाया गया। जबकि बैंक प्रबंधक अभिलाषा पांडे से आधार कार्ड संशोधन को लेकर आ रही समस्या का समाधान करने को कहा तो उन्होंने लोगों सही तरीके से बात भी नहीं की। इसको लेकर लोगों में रोष है।

## मनरेगा और सहायता-समूह की महिलाओं ने डीएम को दिया ज्ञापन

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण योजना कार्मिक संघ के बैनर तले मनरेगा और स्वयं सहायता समूह की मजदूर महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिलाओं ने पांच सूत्रीय मांगें पूरी कराने की मांग की है। बुधवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण योजना कार्मिक संघ की जिला अध्यक्ष साजिदा के नेतृत्व में दर्जनों महिला मजदूर कलैक्ट्रेट पहुंची और



जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रांतीय स्तर के पदाधिकारी भी पहुंचे। ज्ञापन में कहा कि मनरेगा योजना में विभिन्न ग्राम पंचायत में चयनित महिला मेट की पहचान सुरक्षित करने के लिए चयन प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। ग्राम स्तरीय मनरेगा निगरानी समितियां में महिला मेट को बतौर सदस्य नामित किया जाए। कार्य की इच्छा रखने वाले श्रमिकों का जॉब कार्ड बनवाकर, उन्हें कार्य उपलब्ध कराया जाए। मनरेगा अधिनियम 2005 के तहत कार्य नहीं प्रदान किए जाने की स्थिति में आवेदक को भत्ता दिया जाए। स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाएं जिन्हे विभिन्न योजनाओं में योजना सहकर्मी के रूप में चयनित किया गया है उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाए।

# एसएसपी आफिस से दरोगा बोल रहा हूं, 4 हजार ऑनलाइन भेजो

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** एक महिला के पति का उसके पड़ोसी से विवाद हो गया था। जिस पर महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। इस दौरान महिला के मोबाइल पर फोन अंजान नंबर से फोन आया कि वह एसएसपी आफिस से दरोगा बोल रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार हजार रुपये खर्च होगें। जिसे वह आनलाइन भेज दे। उसने एक व्यक्ति को एसएसपी बताकर बात भी कराई। शक होने पर जब महिला के पति ने रुपये देने से इनकार किया तो मोबाइल फोन पर बात करने वाले आरोपी ने उसके पति को धमकी दी कि वह उसे झूठे मुकदमें में फसा कर जेल भेज देगा। नहीं तो उसका एनकाउंटर करा दिया जाएगा। महिला ने इस मामले में एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश के बाद काल करने वाले के खिलाफ मुकदजा दर्ज कर लिया गया है।

थाना बारादरी क्षेत्र की रहने वाली शिवानी उर्फ सीमा पत्नी अरूण ने बताया उसकेपड़ोस में रहने वाले चमन व उसकेपरिवार से विवाद हो गया था। उन लोगों ने उसके पति को मारापीटा था।

» आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आया अनजान नंबर से फोन, बोला एसएसपी साहब से बात करो

जिसकी उसने रिपोर्ट दर्ज करा दी। ११ जुलाई को उसके पास सुबह आठ बजे फोन आया कि फोन करने वाला एसएसपी आफिस से दरोगा बोल रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कहकर चार हजार रुपये सरकारी खर्च के आनलाइन मांगे। और एसएसपी साहब कहकर एक अधिकारी से बात कराई। जब महिला को लगा कि उसके साथ धोखा तो नहीं हो रहा है तो उसके पति ने रुपये देने से इनकार कर दिया।

**जेल भेजने व एनकाउंटर की दी धमकी** -हिला के पति ने जैसे ही फोन पर आनलाइन रुपये देने से इनकार कर दिया तो फोन करने वाले ने गाली गलौच देना शुरू कर दिया। उसके बाद उन्हें धमकाने के लिए कहा कि वह उसके पति को झूठे मुकदमें में फसा कर जेल भेज देगें और उसका एनकाउटंर कर देगें। तब उसे उसे लगातार धमकी दी जा रही हैं।

**पुलिस की छवि खराब करने का प्रयास** -साइबर ठगों के हौसले बुलंद हो गए है। वह लगातार पुलिस की यूपी कॉप का दुरउपयोग कर रहे है। उससे एफआईआर देखने के बाद पीड़ित को फोन कर लगातार अधिकारियों का हवाला देकर रुपये की डिमांड की जा रही है। यह ऐसा पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस तरह की घटना कर साइबर ठग पुलिस की छवि खराब करने में लगे हुए हैं।

## संवारियां भरने को लेकर दो आटो चालक में गाली गलौज

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में अवैध तरीके से बने ऑटो स्टैंड पर पहले सवारियां भरने को लेकर दो ऑटो चालक आमने सामने आ गए। गाली गलौज का विरोध करने पर दूसरे पक्ष के चालक व उसके भाई ने लाठी डंडों से लैस होकर पीड़ित पर हमला बोल दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने राहगीरों की मदद से घायल युवक दबंगों से बचाया। आरोपी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हैं फरार हो गए। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हुआ तो पीड़ित के साथ सैकड़ो की तादात में ग्रामीण थाना पर पहुंच गए और जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने हंगामा काट रहे। लोगों को शांत कराया ।जिसके बाद घायल को उपचार हेतु जिला भिजवाए पुलिस ने आरोपी चालक व उसके भाई पर संगीत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

बताया जाता है कि सीबीगंज क्षेत्र के मथुरापुर अडडे पर अवैध तरीके से ऑटो स्टैंड संचालित हो रहा है। बीते बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे अफसार पुत्र अशफाक निवासी तीलियापुर अपने आटो में सवारियां भर रहे थे। इसी दौरान नहीम खाना गोटिया निवासी पहले सवारियां भरने की बात कह कर गाली गलौज करने लगा । पीड़ित ने जब गलियों का विरोध किया तो आरोपी चालक व उसका भाई लाठी डंडों से लैस होकर आया और उस पर हमला बोल दिया।

# वीआईपी ग्रुप ने पौधरोपण किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** नगर निगम द्वारा जिला अस्पताल/मेडिकल कालेज गेट के निकट अस्पताल परिसर के पास पूर्व में विकसित किये गए औषधि वन वाटिका में ₹वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स₹ के सदस्यों द्वारा नगर निगम के सहयोग से सफ़ाई एवं पौधारोपण का किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा ग्रुप के सदस्यों के साथ पौधे रोपित करते हुए कहा कि बाढ़ की वजह से यह औषधि वन वाटिका में पौधे क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिनके स्थान पर आज वीआईपी ग्रुप के द्वारा पुनः हरा भरा बनाने का संकल्प लेकर पौधारोपण किया गया है। ग्रुप क्रियेटर अभिनय गुप्ता ने बताया कि विगत वर्षों में औषधि वन वाटिका में कड़ी मेहनत मशक्कत करके मटका विधि से सैकड़ों औषधीय पौधे नगर निगम टीम व ग्रुप के संरक्षक व औषधि वाटिका के केयर टेकर संजय अग्रवाल ने रोपित करवाये थे। इसे पुनः ग्रुप के सदस्यों के सहयोग से हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य सफाई एवं खाद निरीक्षक हरवंश दीक्षित, नगर निगम टीम एवं ग्रुप की पौधारोपण मुहिम की प्रभारी ज्योति गुप्ता, संयोजक रिद्धि बहल, नुज़हत अंजुम, विजय शंकर मिश्रा, अवधेश शुक्ला एवं संरक्षक संजय अग्रवाल, सतीश सक्सेना, एडवोकेट पुनीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# देवर ने की रुपये के लेनदेन में महिला की पीटकर हत्या

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** मझले भाई से झगड़े के दौरान पति का बीच-बचाव करने गई महिला को उसके देवर ने अपने परिवार के साथ इतना पीटा की वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना अलीगंज क्षेत्र के गैनी निवासी सुनील शर्मा के छोटे भाई शैलेंद्र शर्मा ने बताया उनके मझले भाई सतीश शर्मा से रुपये को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर दोनों भाईयों में मामूली कहासुनी हो गई।

झगड़ा होता देख सतीश का बेटा शरद शर्मा, सुनील के साथ मारपीट करने लगा। पूनम शर्मा बीच बचाव करने लगी। शरद शर्मा ने अपनी पत्नी प्राची , सतीश शर्मा व उसने अपनी पत्नी कमलेश के साथ उसे जमकर मारापीटा। पूनम शर्मा मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूनम शर्मा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

इसकी शिकायत पूनम शर्मा के पति सुनील ने पुलिस से की । पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# युवक को जान से मारने की धमकी

**बरेली।** एक युवक को दबंगो ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपी उसके दोस्त को पीट रहे थे। जब युवक अपने दोस्त को बचाने गया तो आरोपियों ने उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। युवक ने किसी तरह दबंगो से भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना आंवला क्षेत्र के मोहल्ला घेर सितावराय निवासी राजेश उर्फ ओके पुत्र मुकेश वाल्मीकि ने बताया कुछ दिन पहले उसके ही गांव के वरूण पुत्र सुदेश सिंह, जयओम ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। वह उस बात को मचाक में डाल गया। इस दौरान मंगलवार को उसके दोस्त हिमांशु उर्फ सोलू पुत्र अमित कुमार निवासी रायपुर तहसील आंवला रामनगर अड्डोंप र माडल शॉप के पास खड़े हुए थे। तभी अरुण ने अपने साथी जयओम व शिवम उर्फ भोला के साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके दोस्त को पीटना शुरु कर दिया। ओके ने जब अपने दोस्त के बचाने का प्रयास किया तो आरोपी उस पर भी हमलावर हो गए। और कहने लगे तुझे तो पहले ही इंस्टाग्राम पर लाइव आकर जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। उसको भी लाठी-डंडो से पीटना शुरु कर दिया। इस दौरान उसने भाग कर अपी जान बचाई। उसका दोस्त हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान ओके को आरोपी जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। राजेश उर्फ ओके ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ थाना आंवला में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# डिप्टी सीएमओ ने बंद कराया फर्जी हेल्थ सेंटर

» नोटिस जारी कर डॉ मो. अयूब और डॉ सुनैना खान के मांगे कागजात आगे होगी बड़ी कार्यवाही




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जलालाबाद/शाहजहांपुर।** खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर के गौतम ने डिप्टी सीएमओ आसिफ अली को भेजकर प्रिंस हेल्थ केयर सेंटर को चेक करवाया जहाँ पर न कोई मरीज मिला और न ही डॉक्टर लेकिन अस्पताल के अंदर सभी सुविधाएं ठीक ठाक थी जहाँ मरीजों का इलाज किया जाता था खबर लगने के बाद अस्पताल से मरीजो को हटा दिया गया था लेकिन मौके पर कोई भी डॉक्टर नही मिला जाहिर है की फर्जी तरह से अस्पताल पिछले कई महीनों से संचालित है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर के गौतम ने जानकारी देते हुए बताया की उनके आदेश पर एसीएमओ आसिफ अली ने पहुँच कर जांच पड़ताल की और सम्बंधित क्लीनिक संचालक को नोटिस दिया गया है की वह रजिस्ट्रेशन के कागजात दिखाएं कागजात न दिखाने की दिशा में सम्बंधित डॉ. जिनके नाम पर रजिस्ट्रेशन दिखाया गया है और वह पढ़ाई कर रहे हैं उन पर भी कार्यवाही होगी और क्लीनिक को सीज किया जायेगा। यह कोई एकलौता क्लीनिक नही है और भी हैं जो इसी तरह से संचालित किये जा रहे हैं उन पर जल्द ही बड़ी कार्यवाही की और स्वास्थ्य विभाग कदम बढ़ा सकता है। जब डिप्टी सीएमओ आसिफ अली से जिला अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. ऊषा चंद्रा के बारे में पूछा गया जिनका नाम बोर्ड पर अंकित था तो वह कोई जबाब नही दे सके बहरहाल इस पूरे मामले में डिप्टी सीएमओ बचाने का भरसक प्रयास करते रहे है।

# पौधारोपण किया, बांटी स्टेशनरी किट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** विकास खण्ड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत टिकरा में पहुंचकर सहयोग संस्था के सभी पदाधिकारियो ने प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया एवं प्राथमिक विद्यालय के सभी बच्चों को जागरुक करते हुए स्टेशनरी किट बाटी, किट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए।आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता मौजूद रही। जिनका बुके देकर ग्रुप के सदस्यों ने स्वागत किया। शिल्पी गुप्ता ने कहा कि वाकई में यह संस्था बहुत ही मेहनत व लगन से कार्य को कर रही है, संस्था की अध्यक्ष नेहा यादव ने बताया कि हमने बच्चों का विशेष ध्यान रखते हुए किट में रजिस्टर, कॉपी,पेंसिल, रबड़, कटर, बिस्किट, टॉफी आदि रखी है। संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज़ खां एडवोकेट ने कहा कि हमारा उद्देश्य सभी को पौधारोपण करने एवं स्वच्छता अपनाने के लिए जागरूक करना भी है। आज के कार्यक्रम में अनिल गुप्ता प्रधान,



शाहनवाज़ खां एडवोकेट, निखिल महेंद्रु, अनूप कुमार एडवोकेट, महेंद्र दुबे प्रगतिशील कृषक, शालू यादव, शिवम वर्मा, सौरभ गुप्ता, टिकरा ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि धीरज कुमार, ग्राम वासी गोपीनाथ अवस्थी, रानू अवस्थी, कौशल अवस्थी, रामसरन अवस्थी, प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज आरती सिंह आदि मौजूद रहे।

# वाहन चोर गैंग के 7 शातिर गिरफ्तार

» कब्जे से चोरी की गयी 10 मोटरसाइकिल व 2 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सहारनपुर।** पुलिस के द्वारा अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग के 7 शातिर अभियुक्तो गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की गयी 10 मोटरसाइकिल व 02 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की गई।

एसपी सिटी अभिमन्यू मांगलिक ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 22 जुलाई 2024 को वादी पराग पंवार पुत्र संजय पंवार निवासी ग्राम सांचलू थाना रामपुर मनिहारान द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरों के द्वारा वादी की मोटर साइकिलचोरी हो जाने क सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदता पंजीकृत किया गया। थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज पुलिस टीम द्वारा



चेंकिंग के दौरान अभियुक्तगण राहुल पुत्र सन्दीप नि0 ग्राम अहमदपुर थाना रामपुर मनिहारान, सागर पंवार उर्फ सावन पुत्र स्व0 सुरेन्द्र नि0 ग्राम पिलखनी थाना रामपुर मनिहारान, रोहित कुमार पुत्र सुभाष नि0 ग्राम बागाखेडी थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर दीपक पुत्र गोपीचन्द नि0 ग्राम पहासू थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर को नवादा रोड पर ग्राम फतेहपुरजट्ट के पास से 2 चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण की निशानदेही पर ग्राम फतेहपुरजट्ट रोड पर बन्द पडे ईट भट्टे में बने कमरे से अलग-अलग स्थानो से चोरी की गयी 08 अन्य मोटर साइकिल बरामद हुई जिनकी निगरानी कर रहे अभियुक्त आसू पुत्र आबिद नि. ग्राम मोहनपुर गाडा थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर , मोहित कश्यप पुत्र बिट्टू नि0 ग्राम भांकला थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर , दीपक कश्यप पुत्र भागमल नि0 ग्राम भांकला थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर को मौके से गिरफ्तार किया गया व इनके अन्य 3 साथी जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग गये जिनकी तलाश की जा रही है।

**आलोचना** बजट को विपक्षी पार्टी सपा, कांग्रेस और बसपा ने केंद्र सरकार को बचाने का बजट बताया

# बजट में सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश के सहयोगी दलों को खुश किया गया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** केंद्र की मोदी-3 सरकार का आम बजट मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। इस बजट को विपक्षी पार्टी सपा, कांग्रेस और बसपा ने केंद्र सरकार बचाने का बजट बताया है। उनका आरोप है कि बजट में सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश के सहयोगी दलों को खुश किया गया है। जिससे केंद्र सरकार बची रहे। मगर, देश के युवा, किसान और आम आदमी लिए बजट में कुछ नहीं है। हालांकि, भाजपा नेताओं ने बजट को देश की तरक्की का बजट बताया है। उनका कहना है कि यह बजट देश को समृद्धि की ओर लेकर जाएगा। इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। 'ये शक्ति देने वाला बजट है।किसानों-युवाओं को प्रगति की राह पर ले जाना वाला बजट बताया।पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकलने का दावा किया। ये आर्थिक प्रगति में निरंतरता का बजट है। ये युवाओं को अनगिनत मौके देने वाला बजट है। इस बजट से मिडिल क्लास को नई ताकत मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि मोदी 3.0 का यह पहला बजट है। इसमें महिला, युवा, गरीब, किसान के हित को सामने रखकर प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता दोहराता हुआ बजट है। रोजगार के लिए इसमें जो व्यापक रोडमैप बनाया गया है, वो बहुत अभिनंदनीय है। यह बजट भारत की 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करेगा।

## सपाइयों ने कहा, उम्मीदों पर नहीं उतरा खरा



**बरेली।** सपा के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि यह दिशा हीन, भ्रामक और अदूरदर्शी बजट है। देश के सर्वाधिक आबादी वाले प्रदेश को इस बजट ने निराश किया है। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में कम सीट मिलने पर अपनी खींझ जनता पर उतार रही हैं। बजट में महिलाओं, नौजवानों और किसानों की अनदेखी की गई है। घोर निराशा से भरा यह बजट है। सपा के प्रदेश प्रवक्त मुहम्मद साजिद ने कहा कि देश को बजट से काफी उम्मीद थी। मगर, ये युवा, किसान, महिला, गरीबों की नाउम्मीदगी का बजट है। दो करोड़ युवाओ को प्रति वर्ष रोजगार देने का झूठा वायदा करने वाली सरकार युवाओं को पक्की नौकरी नहीं दे रही है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि बजट में कुछ नया नहीं। सिर्फ कट पेस्ट किया गया है।



देश की जनता को केंद्र सरकार के बजट से काफी उम्मीद थी। मगर, ये बजट उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।यह युवा, किसान, महिला, गरीबों की नाउम्मीदगी का बजट है। दो करोड़ युवाओ को प्रति वर्ष रोजगार देने का झूठा वायदा करने वाली सरकार युवाओं को पक्की नौकरी नहीं दे पाई। बजट में कुछ नया नहीं। सिर्फ कट पेस्ट किया गया है।

**मुहम्मद साजिद**
**प्रदेश प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी**



केंद्रीय बजट में रोजगार, कौशल विकास, खेती और उद्योगों को बढ़ावा देने की सरकार की पहल सराहनीय है। इससे बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। नौकरी और व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे। रोजगार सृजन के लिए बजट में तीन योजनाएं शुरू करने की घोषणा बेरोजगारी रोकने में बड़ी मदद करेगी। बड़ी कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप को बढ़ावा दिए जाने से व्यवसाय और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। युवाओं को इसका फायदा होगा। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से किसानों को भी फायदा होगा। इससे किसानों की आय बढ़ने की उम्मीद है। कैंसर की तीन दवाइयों पर से कस्टम ड्यूटी हटाना भी तेजी से बढ़ते कैंसर पर रोक लगाने के लिए अच्छी पहल है।

**आदित्य मूर्ति, डायरेक्टर एसआरएमएस मेडिकल कालेज**

# कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए मण्डलायुक्त ने लॉन्च किया पोर्टल

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सहारनपुर।** कांवड यात्रा 2024 को सकुशल एवं सुविधाजनक सम्पन्न कराने हेतु मण्डलायुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवान, नगर आयुक्त श्री संजय चौहान की उपस्थिति में कांवड यात्रियों की सुविधा के लिए वैब पेज लिंक एवं क्यूआर कोड का लोकार्पण किया।

.मण्डलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि जिलाधिकारी सहारनपुर एवं इनकी टीम द्वारा विकसित किया गया वैब पेज लिंक एवं क्यूआर कोड कांवड़ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत बहुत की सराहनीय कार्य है। उन्होने बताया कि इस लिंक को गूगल मैप से जोडा गया है। इसके माध्यम से कांवडियों को अपने नजदीकी शौचालय, चिकित्सा शिविर, पानी एवं पैट्रोल स्टेशन, ढाबा एवं रेस्टोरेंट, थाना चौकी, रूट डायवर्जन एवं कांवड शिविर सहित हेल्पलाईन नम्बरों की भी जानकारी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने इस कार्य के लिए जिलाधिकारी सहारनपुर एवं उनकी पूरी टीम की सराहना की।

.जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि कांवड यात्रा के दौरान अन्य जनपदों एवं राज्यों के श्रद्धालु जनपद सहारनपुर से होकर गुजरते है।

## एक नजर

### तुलसीसदन में कल किसान मेला गोष्ठी का आयोजन

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा ने बताया है कि कृषि की नवीनतम तकनीक से रबी 2024-25 में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से जनपद में कृषि निवेशों, खाद, बीज, सिंचाई, विद्युत इत्यादि की उपलब्धता एवं तकनीकी प्रचार प्रसार हेतु सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत दिनांक 26 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से तुलसीसदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय खरीफ किसान मेला/गोष्ठी तथा कृषक वैज्ञानिक वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित क्रियाकलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को जानकारी दी जायेगी।

### निःशुल्क प्याज बीज का किया वितरण



**प्रतापगढ़।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्याज की खेती खरीफ मौसम हेतु 125 कृषकों को प्याज बीज का निःशुल्क वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष सुवंशा वेद प्रकाश विन्द द्वारा नगर पंचायत सुवंशा के वार्ड नं0-14 रामपुर में किया गया। इस दौरान राकेश कुमार विन्द, गोविन्द कुमार, प्रमोद रावत, गणेश पाण्डेय, बाल मुकुन्द कनौजिया, पंकज कुमार विन्द सभासद सुवंशा तथा विभागीय कर्मचारियों में सहायक उद्यान निरीक्षक अभिषेक कुमार भारतीय एवं माली राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे।

### दो युवकों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर।** शराब पीने के लिए रुपए न देने से नाराज युवकों ने मजदूर को बंधक बनाकर जमकर पीटा। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वायरल वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते हैं। कस्बे के वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर का निवासी सूरज मजदूरी करके जीवन यापन करता है। गत 21 जुलाई को रात करीब 9 बजे वह घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी पड़ोसी दीपू एवं चिण्टू आए और शराब पीने के रुपए मांगे। सूरज के मना करने पर दोनों उसे बाइक में बैठाकर अपने घर ले गए और कमरे में बंद करके जमकर पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने दीपू एवं चिण्टू के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। इसी तरह पुलिस ने वार्ड 2 के निवासी राजेश की तहरीर पर इमलिया थोक निवासी सुरेंद्र सोनकर, सुरेश विश्वकर्मा एवं जड्डा के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### खपरैल में छिपे सर्प ने वृद्ध को डसा, हुई मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत धुंधपुर के मजरा कलुवा डेरा में सुबह झाडू लगाते समय एक वृद्ध को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन पहले झाड़ फूंक कराते रहे। बाद में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कलुवा डेरा निवासी छिदुवा निषाद 65 वर्ष सुबह 7 बजे जानवरों के बाड़े में झाडू लगा रहा था। तभी उसे कूड़े के ढेर पर छिपे जहरीले सांप ने डस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। मृतक के पुत्र रामकिशुन ने बताया कि पिता खपरैल हटाकर सफाई कर रहे थे। खपरैल में ही छिपे सर्प ने उन्हें डस लिया। इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे यहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी मिडिया, पुत्र रामकिशुन, रामकेश, रामकरन, भगवानदीन, अशोक कुमार को रोता बिलखता छोड़ गया है। ग्राम प्रधान रामेश्वर निषाद ने बताया की वृद्ध की मौत सर्पदंश के चलते हुई है।

### पर्यावरण संरक्षण समिति ने लगाए फलदार पौधे

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे को हरा भरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ मिलकर स्टेशन रोड पर फलदार पौधे रोपित किये। वही वार्ड नंबर दो में लक्ष्य बुंदेलखंड सेवा समिति ने पौध रोपण किया। कस्बे के पर्यावरण को बचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। नगर के प्रत्येक रास्ते में पौधरोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए नगर पंचायत पौधे व लोहे के ट्री गार्ड उपलब्ध करा रहा है। बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे व पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों ने मिलकर स्टेशन रोड पर करीब 31 फलदार पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, उपाध्यक्ष डा. देवीदीन अविनाशी, महिला विंग की अध्यक्ष राखी शिवहरे, गीता ओमर, उषा गुप्ता, सिद्दीक मंसूरी, रज्जू यादव, बृजकिशोर आदि मौजूद रहे। इसी तरह लक्ष्य बुंदेलखंड सेवा समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार भारतवंशी ने अपनी टीम के साथ वार्ड दो में फलदार 20 पौधे रोपित किए हैं।

# विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट से नाराज सैकड़ों नेता एसपी कार्यालय पहुंचे

» आरोपी दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की एसपी से मांग की

विश्ववार्ता संवाददाता



**बांदा।** बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में मंगलवार रात्रि तिंदवारी थाने में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी के साथ लव जेहाद प्रकरण को लेकर बातचीत के दौरान तिंदवारी थानाध्यक्ष द्वारा बदसुलुकी अभद्रता मारपीट की। घटना के विरोध में प्रांतीय अधिकारियों की मौजूदगी में सैकड़ो की संख्या में मौजूद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का रामलीला मैदान में एकत्रीकरण हुआ। तत्पश्चात प्रांतीय पदाधिकारी के नेतृत्व में रामलीला मैदान प्रांगण से सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय को पैदल कूच किया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अंदर घुसने को लेकर प्रशासन से गहमागहमी भी हुई। तब अंदर प्रवेश मिला। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार नारेबाजी करते हुए तिंदवारी थाना अध्यक्ष पुलिस के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया। तदोपरांत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिलकर तिंदवारी थाना अध्यक्ष सहित समस्त स्टाफ को निलंबित करने तथा उनके विरोध आपराधिक मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से तिंदवारी थाने के थाना अध्यक्ष सहित समस्त पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है तथा उनके विरोध आपराधिक मुकदमा आज ही पंजीकृत करने का आश्वासन दिया गया है एवं घटना की जांच 3 दिवस के अंदर पूरी कर निलंबन की कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया है संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने घोषणा की है कि हम लोग तब तक बांदा मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे जब तक संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत नहीं हो जाता और हमें एफआईआर की प्रति नहीं प्राप्त हो जाती। साथ ही यह भी घोषणा की गई है कि यदि हमारी जायज मांगों पर हिला हवाले की जाती है तो संगठन पुनः तीन दिन बाद जोरदार आंदोलन को बाध्य होगा। पुलिस अधीक्षक बांदा से वार्ता करने वाले प्रतिनिधि मंडल में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, प्रांत संयोजक बजरंग दल अजीत राज, प्रांत सहसंयोजक अवधेश, प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख चंद्रिका दीक्षित, प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख पवन सिंह, विभाग अध्यक्ष अशोक कुमार, सहित चित्रकूट विभाग के चारों जिलों के जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री शामिल रहे।

## मसूरियादिन पासी की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय (पूर्व मंत्री) के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रसिद्ध स्वाधीनता संग्राम सेनानी, कांग्रेस पार्टी के नेता एवं पूर्व सांसद स्व0 मसुरियादीन पासी (बापू जी) की पुण्यतिथि स्थानीय रुअनुराधा गेस्ट हाउस दलित बस्ती, देवकली वार्ड में समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह का सफल संचालन सेवादल जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्व0मसुरियादीन पासी का जन्म 02 अक्टूबर 1911 को प्रयागराज के जोधवल में हुआ था। वे स्वाधीनता संग्राम आंदोलन में 1932 से 1944 के बीच कई बार जेल गए। बापू जी 1946 में संविधान सभा के लिए चुने गए थे। उनके आदर्श हमसब के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लें।

पूर्व प्रमुख सदर राय साहब सिंह ने कहा कि स्व.मसूरियादीन पासी न केवल पासी समाज, अन्य समाजों को भी अंग्रेजों द्वारा दिए गए आपराधिक जाति के दंशें से विमुक्त कराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि बापू जी आजादी के बाद शुरुआती चार लोकसभा चुनावों में सांसद चुने गए थे। वे 1952 एवं 1957 में फूलपुर से व 1962 एवं 1967 में चायल लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, राधेश्याम दूबे,सुरेश कुमार सरोज,उदय राज सरोज,सदर ब्लॉक प्रभारी मो.वसीम, फूलचंद्र गौतम, रमाकांत चौधरी, संतोष गुप्ता,रमेश सरोज, रितेश सरोज आदि।

## सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**हमीरपुर।** सदर नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों ने मोर्चा खोलते हुए करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप लगाकर 17 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बिन्दुवार जांच कराने की मांग की है। सभासदों का यह विरोध चर्चा का विषय बन गया है।

सदर नगर पालिका के अध्यक्ष कुलदीप निषाद के ऊपर सभासद संजय कुमार धुरिया, रजनीश कुमार, जुनैद, हसन खान, मोहित कुमार, अजय कुमार, सुधांशु, मिथिलेश, सिंपल लता, रजनी देवी, इरशाद अंसारी, मालती देवी, संतोष कुमार, राज बहादुर निषाद, सुशीला, रमाकांती, सुरेंद्र कुमार, ज्योति देवी, रुखसार, संजय कुमार आदि ने सफाई उपकरणों, निर्माण कार्यों, बिजली उपकरणों की खरीद पर करोड़ों रुपए की हेरा फेरी करने के गंभीर आरोप लगाकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बिंदुवार जांच कराने की मांग की है। सभासदों का आरोप है कि अध्यक्ष मनमाने तरीके से बैठकें करके फर्जी ढंग से प्रस्ताव आदि तैयार कराकर लगातार धांधली कर रहे हैं।

कार्यालय कर्मचारी भी नियमों को ताक पर रखकर अध्यक्ष के इशारे पर कार्य करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभासदों के आरोपों को निराधार बताया है। जिलाधिकारी ने सभासदों को जांच का आश्वासन दिया है।

# डीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्टाम्प देयकों, आबकारी, व्यापार कर, परिवहन, खनन आदि के कर-करेत्तर की वसूली तथा विद्युत देयकों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष करों की वसूली में तेजी लायें। उन्होंने विभागीय प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रतिमाह करों की वसूली कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को लम्बित आर0सी0 की वसूली के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के सहयोग से मिलान कराकर वसूली करायी जाए। उन्होंने आबकारी, परिवहन तथा विद्युत देयकों के कार्यो में तेजी लाते हुए वसूली बढाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विविध देयकों व अन्य देयकों लघु सिंचाई, सिंचाई विभाग के करों की वसूली की समीक्षा करते हुए करों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने तहसीलवार करों की वसूली की समीक्षा करते हुए बबेरू एवं नरैनी तहसील में व्यापार कर, विद्युत देयकों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने 10 बडे बकायेदारों से धनराशि की वसूली किये जाने के सम्बन्ध में तेजी लाकर वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित करों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप तेज गति से करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव सहित समस्त उप जिलाधिकारी, नगर मजिस्टेªट, अति0 मजिस्टेªट सहित तहसीलदार एवं कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### लाइनमैन हाई टेशन करंट से झुलसा

**बांदा।** फाल्ट ठीक करते समय हाई टेंशन करंट लग जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बिसंडा कस्बा निवासी 23 वर्षीय रोहित पुत्र अनिल बिसंडा पावर हाउस में प्राइवेट लाइन मैन था। वह बुधवार की दोपहर तकियांपुरवा में खंभ्भे में चढकर फाल्ट ठीक कर रहा था। तभी हाई टेंशन करंट लग जा ने से वह झुलस गया। मौके पर पहुंचे परिजनो ने आपूर्ति बंद करा कर उसे करंट से मुक्त कराया। घरवालो ने ग्रामीणो की मदद से चारपाई के माध्यम से केबिल में लटके रोहित को नीचे उतारा।

## गुरु के बिना जीवन दिशाहीन होता है : युवराज सिंह

**मौदहा रूहमीरपुर।** श्रवणमास में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम चौधरी पहलवान सिंह इण्टर कालेज इचौली में आयोजित किया गया।

गुरु पूर्णिमा के बाद गुरु के सम्मान में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम बुधवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह संजय ने गुरु के सम्मान में सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारे पहले गुरु माता होती है स गुरु का पद भगवान से भी उच्च माना गया है। गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागो पाँव बलिहारु गुरु आपने गोविन्द दियो बताय ़ गुरु हमारे जीवन में के मार्ग दर्शक होते है स वही पूर्व विधायक युवराज सिंह ने कहा कि गुरु के बिना हमारा जीवन दिशाहीन होता है स जब तक गुरुदेव भगवन का आशीर्वाद न मिले तो यह तो मनुष्य भटकता रहता है। गुरु ही जीवन जीने की शैली बताते है।

इस मौके पर अनुजेंद्र खण्ड कार्यवाह, श्याम बाबू खण्ड प्रचार प्रमुख, रामकीरथ सिंह, सुरेन्द्र कुमार मण्डल कार्यवाह, गंगादीन वर्मा प्रधान इचौली, अरुण कुमार प्रधानाचार्य, धनंजय सिंह पूर्व प्रधान, दिनेश गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, श्यामबाबू गुप्ता, राजाराम,प्रेमचंद्र शिवहरे अध्यक्ष व्यापार मण्डल इचौली सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## एएसपी एसडीएम व सीओ ने किया मंथन

विश्ववार्ता संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन मेले को लेकर रविवार को प्रशासनिक तैयारियों पर मंथन हुआ। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक तथा एसडीएम व सीओ ने धाम में मेले को लेकर प्रबन्धों के बाबत घंटों मशक्कत की।

सोमवार से धाम में कांवड़ियां श्रद्धालुओं के साथ सावन माह में बाबा धाम में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी जुटेंगे। रविवार को निरीक्षण गृह में अफसरों ने तैयारी की बिन्दुवार समीक्षा की। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने बताया कि पूरे मेले के दौरान बाबा धाम में आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जगह जगह सीसी कैमरों की निगरानी रहेगी। उन्होंने बताया कि घुइसरनाथ धाम की पुलिस चैकी को मेले तक अस्थायी थाना बनाया गया हैं। धाम में सुरक्षा की दृष्टि से सांगीपुर, लालगंज, लीलापुर व उदयपुर थानों की फोर्स समेत डेढ़ सेक्शन पीएसी की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि धाम के साथ प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर कांवड़यि डेªस में पुलिस के दर्जन भर जवान भी मुस्तैद रहेंगे। एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि मेले में सई के किनारे एहतियातन नाव की व्यवस्था की गयी हैं।

उन्होंने धाम परिसर में स्वास्थ्य विभाग को अस्थायी स्वास्थ्य शिविर तथा बिजली विभाग को घाट से लेकर मंदिर परिसर तक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग को एसडीएम ने बैरीकेटिंग कराये जाने को कहा। लालगंज नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था को पीने के पानी का टैंकर तथा प्रकाश व्यवस्था के प्रबंध के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लाक के एडीओ पंचायत को धाम में साफ सफाई के लिए स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति शत प्रतिशत बनाये रखने को कहा।

# बड़ी बहन से विवाद पर छोटी बहन कुएं में कूदी, मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** बड़ी बहन से विवाद होने पर छोटी बहन ने कुए में कूद कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव निवासी 17 वर्षीय संगीता पुत्री दासूराम मंगलवार की दोपहर घर से इमली की पत्ती लेने के बहाने निकल गई। नजदीक स्थित कुए में छलांग लगा दिया। काफी देर बाद जव वह घर वापस नही लौटी तो उसकी मां जगरनिया खोजबीन करती हुई कुएं के पास पहुंच गई। देखा तो कुएं की जगत में संगीता की चप्पल रखी थी। इस पर उसने शोर मचाया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ लोग कुएं के अंदर उतरे। उसे पानी से बाहर निकाला। सांस चलने की आशंका पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता ने बताया कि संगीता तीन बहनो में दूसरे नबंर की थी। घरेलू काम काज को लेकर उसका बड़ी बहन मनीषा से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने कुए में कूद कर खुदकुशी कर लिया।

## प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

विश्ववार्ता संवाददाता

» ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर जमकर की जा रही धांधली

**उरई।** महेवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत अटरा खुर्द मे ग्रामीणों व ग्राम पंचायत सदस्यों ने प्रधान के खिलाफ फर्जी बाड़ा करने का खोला मोर्चा, ग्राम पंचायत मे विकास कार्यों के नाम पर जमकर की जा रही धांधली जिसको लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर अपर जिला धिकारी से की शिकायत ।

महेवा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अटरा खुर्द के ग्रामीणों ने ग्राम सभा मे कराए जा रहे विकास कार्यों को शिकायत को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत मे कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे जानकारी दी । ग्रामीणों व ग्राम पंचायत सदस्यों ने अपर जिलाधिकारी विशाल यादव को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम अटरा खुर्द में विकास कार्यों के नाम फर्जी बाड़ा किया जा रहा है और ग्राम पंचायत मे हैंड पंप मरम्मत के नाम से जमकर फर्जी बाड़ा कर धाधली की गई और मनरेगा योजना मे भी फर्जी कार्य दिखाकर पैसों का बंदर वाट किया गया ग्राम पंचायत मे टूटे पड़ी नाली खडंजा, गंदगी से बज बजा रही नाली, और कई वार हैंड पंप ठीक कराने के नाम से फर्जी पेयमेट किए गए और हैंड एक बार भी सही नही कराए गए एक हैंड पंप की मरम्मत अलग अलग नाम से कई वार की गई , इसी तरह मनरेगा योजना मे कई सड़के फर्जी दिखाकर भुगतान कराया गया और जहा काम किया गया उसको भी जे सी मशीन द्वारा कराया गया जिनके नाम से कई वार भुगतान हो चुके है ऐसे ग्राम पंचायत बहुत काम कराए गए जिनका प्रधान व सचिव ने मिलकर ने मिलकर बंदर वाट किया और सरकारी धन को हड़पने का काम किया।

# आईटीआई कोच में रोजगार मेले का आयोजन कल

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी आलोक मिश्रा ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय उरई एवं राजकीय आई०टी०आई० कोंच के संयुक्त प्रयास द्वारा दिनांक 26 जुलाई 2024 को राजकीय आई०टी०आई० कोंच के परिसर में प्रातः 11:00 बजे से एक रोजगार मेला व कॅरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में आये हुए अभ्यर्थियों की कॅरियर काउन्सिलिंग के माध्यम से उनके उज्जवल भविष्य निर्माण के सम्बन्ध में मार्गदर्शन / जानकारियों से अवगत कराया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सभी अभ्यर्थियों को rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रोजगार मेले में हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन एवं टीम प्लस एच०आर० सर्विस प्रा०लि० इत्यादि कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने वायोडाटा सहित राजकीय आई०टी०आई०, कोंच के परिसर में उपरोक्त तिथि को कॅरियर कॉउन्सिलिंग एवं रोजगार मेले में आने वाली कम्पनियों में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थी नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार का ऑनलाइन व ऑफलाइन लेन देन न करें। उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के सम्बंध में बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल roj-gaarsanganmup.gov.inपर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन पंजीयन के लिए सबसे पहले आपको rojgaarsangam.up.gov.in को अपने ब्राउज़र में खोले इसके बाद Sign up/Login मेन्यू में जाकर Job Seeker आप्शन का चयन करें। जॉब सीकर ऑप्शन पर क्लिक करने के उपरांत आपको साइन अप पेज दिखाई देगा। इस पेज पर आपको समस्त वांछित सूचनाएं भरनी है।

रजिस्टर फॉर में दो ऑप्शंस मिलेंगे पहला कैम्पस स्टूडेंट और दूसरा-जनरल जॉब सीकर। अगर वर्तमान समय में आप किसी कैम्पस, इंस्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र हैं तो आपको कैम्पस स्टूडेंट ऑप्शन सेलेक्ट करना है।

यदि आप पास आउट हैं तो आपको जनरल जॉब सीकर ऑप्शन सेलेक्ट करना है। यहां से आप अपनी समस्त सूचनाएं जैसे पर्सनल डिटेल, परमानेंट एड्रेस, फिज़िकल डीटेल्स, करियर प्रोफाइल, एजुकेशनल कालीफीकेशन, एक्सपीरियंस, लैंग्वेज और स्किल आदि भरेंगे। एक्सपीरियस भरने के लिए आपको न्यू एक्सपीरियंस बटन पर क्लिक करना होगा। समस्त डॉक्यूमेंट अपलोड करने के लिए माय डॉक्यूमेंट बटन पर क्लिक कर डॉक्यूमेंट अपलोड करने हैं।

# नाराज महिलाओं ने लगाया जाम

विश्ववार्ता संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या एक में रास्ते की जमीन पर कब्जा करके सीसी मार्ग का निर्माण कार्य रोक देने से नाराज होकर सैकड़ो महिलाओं ने बांदा मार्ग पर जाम लगा दिया और सीसी मार्ग का निर्माण शुरू कराये जाने की मांग की है। बाद में पुलिस ने समझाकर मामला शांत कराकर जाम खुलवाया। कस्बे के वार्ड संख्या एक की निवासी सुनीता निषाद, विद्या विश्वकर्मा, विजय लक्ष्मी, रानी, कमला, अनुसुइया, सुशीला, रजनी, सीता देवी, रामजानकी, कल्पना, रेखा, रामप्यारी आदि सैकड़ो महिलाओं ने बताया की एक रास्ता बस्ती से होकर सीधे बांदा मार्ग में जुड़ता है। बांदा मार्ग किनारे रहने वाले मुन्ना विश्वकर्मा ने रास्ता बंद करके सीसी मार्ग का निर्माण रोक दिया है। इससे बस्ती के लोग परेशान हैं। इसी से नाराज बस्ती की महिलाओं ने करीब 3 बजे बांदा मार्ग जाम करके जमकर हंगामा किया। जाम की सूचना पाकर क्राइम इंस्पेक्टर पुलिस



बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभारी अधिशासी अधिकारी से फोन पर वार्ता करके समस्या से अवगत कराया। समस्या के समाधान के लिए दोनों पक्षों को शनिवार को थाने पर बुलाया गया। क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव के समझाने पर महिलाओं ने जाम खोल दिया। एक घण्टे तक जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

### युवक ने कमरे में फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** युवक ने ऊपरी मंजिल में बने कमरे के अंदर अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी 22 वर्षीय अंतिम पुत्र बड़कू प्रजापति ने मंगलवार की रात ऊपरी मंजिल पर छत के छल्ले पर अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह मां गिरिया अंतिम को जागने गई शव देखा तो वह चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। आनन फानन फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई संजय ने बताया कि वह चित्रकूट में रहकर राजमिस्त्री का काम करता है।

## केन्द्रीय बजट में अधिवक्ताओं के लिए विशेष प्रावधान न होना दुर्भाग्यपूर्ण

विश्ववार्ता संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय बजट में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के साथ कल्याणकारी योजनाओं में बजट के विशेष पैकेज घोषित न करने को लेकर अधिवक्ताओं ने असंतोष जताया है। बुधवार को यहां सिविल कोर्ट परिसर में हुई बैठक को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्रीय बजट में सामाजिक न्याय की लडाई लड़ने वाले अधिवक्ताओं के लिए सरकार ने मांग के बावजूद अलग से बजट का प्राविधान नही रखा।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के साथ अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं में बजट में कुछ भी हाथ नही लग सका। ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं की मांगों पर उदासीन बनी हुई है। उन्होनें अधिवक्ताओं से जुडी मांगो को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन को मुखर बनाने का ऐलान किया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया।

» विशेष पैकेज घोषित न करने को लेकर अधिवक्ताओं ने असंतोष जताया

इस मौके पर रमेश पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, जान्हवी प्रताप सिंह, तपन पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह बघेल, प्रभाकर पाल, शिवप्रसाद यादव, संजय सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शिव नारायण शुक्ल, विपिन शुक्ल, कौशलकिशोर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

### शिव महापुराण कथा को लेकर निकली कलश यात्रा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर में श्रीशिव महापुराण कथा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकली। संगम चैराहे से निकली कलश यात्रा भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ दीवानी वार्ड होते हुए हनुमत निकेतन धाम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने महादेव का जयघोष कर कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की। कलश यात्रा कोतवाली के समीप हरिहर मंदिरम् पहुंची। यहां पूजन अर्चन के बाद शिवभक्त कलश यात्रा को घुइसरनाथ रोड से लेकर कथा स्थली पहुंचे। कथा व्यास श्रीसिद्धि विनायक ओझा जी ने कहा कि भगवान शिव का श्रवण मास में ध्यान लगाने से जीवन सुमंगल हो जाया करता है। इस मौके पर शास्त्री सौरभ, पं. रामकृष्ण ओझा, यज्ञेशदत्त त्रिपाठी, सुधांशु ओझा, हिमांशू ओझा, दीपक पाण्डेय, विष्णु सिंह, अम्बरीश मिश्र, आचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी, त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल आदि रहे।

**सम्मान** सिंधी अकादमी द्वारा मंडपम सभागार में एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम आयोजित

# मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता





**उरई, जालौन।** उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी द्वारा मंडपम सभागार उरई में एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर पूज्य श्री झूलेलाल के चित्र पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाघाटन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश हिंदी अकादमी के निर्देशक अभिषेक सिंह अखिल व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ घनश्याम अनुरागी ने सिंधी समाज को बधाई देते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंधी समाज के लिए सिंधी लोकगीत सिंधी सूफी भगत सिंधी पढ़ाई के लिए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पिटारा खोल दिया है। सिंधी संस्कृति बढ़ावा देने के लिए किसी बच्चे को दिक्कत नहीं आएगी उन्होंने 5 करोड़ की स्थान पर 10 करोड़ का बजट का प्रावधान किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक सिंह अखिल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं सिंधी समाज के लिए तैयार की है पूरे उत्तर प्रदेश में सिंधी समाज को योजनाओं का लाभ मिले इसलिए हर जिले में सिंधी समाज का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि सिंधी समाज के साथ भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता तन से मन से धन से सहयोग करने के लिए तैयार है सिंधी संस्कृति को बढ़ावा मिले इसलिए सरकार की योजनाओं का धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण दास बाबानी नें सभी का स्वागत करते हुए संचालन किया। 70 वर्ष के बुजुर्गों को सम्मानित भी किया गया। सिंधी समाज बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर,टीचर, वकील,पुलिस विभाग में अपनी सेवा देने वालों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हरि मोहन पुरवार ने सिंधी हेमू कलानी एवं सिंधी समाज के आराध्य देव पूज्य श्री झूलेलाल के बारे में जानकारी दी वह डाक टिकट जो भारत सरकार द्वारा संचालित हुई है उनकी प्रदर्शनी के स्टाल भी लगाए। सिंधी समाज के मुखिया घनश्याम जैसवानी, बग्गामाल, श्यामलाल, कमल राजदेव, जीतू अंदानी, जीतू आहूजा, दिनेश बलेचा लक्ष्मण दरयानी, वासुदेव बाबानी,मयंक लालवानी, राजकुमार, कन्हैया जामुनानी, भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष भाई कपिल आहूजा, राजकुमार जामुनानी एवं सिंधी समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में अतिथियों एवं मेधावी छात्र छात्राओं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था भी की गई ।

इस कार्यक्रम में व्यवस्था की दृष्टि से श्रीमती पूजा सुमित रावलानी ने समाज के कार्यक्रम की व्यवस्था में सभी कार्यकर्ता का आभार प्रकट किया।

### गैंगरेप के दो आरोपी मुठभेड़ में चढ़े पुलिस के हत्थे

**प्रतापगढ़।** नाबालिग के साथ गैंगरेप करने वाले चार अभियुक्तों में से दो को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान धर दबोचा। स्वाट व थाना पट्टी पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में दोनों शातिरों के पैर में गोली लगी है। 19 जुलाई को हुई गैंगरैप की घटना की 22 जुलाई को मिली शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कारवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने के निर्देश दिये और महज 24 घंटे के अंदर पुलिस ने दो शातिरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुकदमें में वांछित चल रहे दो अन्य नामजद अभियुक्तों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। नाबालिग द्वारा पुलिस को बताए गये घटनाक्रम के अनुसार 19 जुलाई 2024 को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत कस्बा उडैयाडीह में वह मोबाइल रिपेयरिंग कराने के लिये गई थी। रास्ते में उसके परिचित एक दोस्त द्वारा घर छोड़ने के बहाने मोटर साइकिल पर बैठा लिया गया।

## संपादकीय

# साहसिक कदम

केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटाकर एक साहसिक कदम उठाया है। भले ही इस आदेश को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आ रही है, संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। निश्चित ही वर्तमान सरकार का यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है क्योंकि संघ एक गैर राजनीतिक संगठन है। इस नये आदेश को लेकर विपक्ष में खलबली एवं बौखलाहट का सामने आना स्वाभाविक है क्योंकि इस आदेश से संघ की ताकत बढ़ेगी जो इन विपक्षी दलों की चिन्ता का बड़ा कारण है। दरअसल, पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय-समय पर सरकारी कर्मचारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए अनेक सरकारी कर्मचारी चाहते हुए भी संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्य प्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने एक ऑर्डर जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी। निश्चित ही यह आदेश संघ से जुड़े एवं राष्ट्रीय विचारधारा वाले सरकारी कर्मचारियों के लिये एक नयी किरण है। आपातकाल में इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही खुलकर सामने दिखी थी, लेकिन उससे पहले भी तानाशाही कदम उठाए जाते रहे थे। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। 30 नवंबर 1966 को संघ-जनसंघ के प्रभाव से हिलकर इंदिरा गांधी ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया क्योंकि संघ व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। गोलीबारी में सैंकड़ों निर्दोष साधु-संत मारे गये थे। इस जघन्य हत्याकांड से क्षुब्ध होकर तत्कालीन गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा ने त्यागपत्र दे दिया था। कांग्रेस ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में संघ पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था, लिहाजा अभी हटाने के पीछे गहरी राजनीतिक चाल है। वहीं संघ का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। केंद्र सरकार ने संघ की गतिविधियों में कर्मचारियों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाकर नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा की है। नि:संदेह सरकार का यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की भावना को मजबूत करनेवाला है। एक सामान्य नागरिक की भांति यह अधिकार कर्मचारियों को भी प्राप्त है कि अपने कार्यालयीन समय के बाद सामाजिक गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। परंतु लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देनेवाली कांग्रेस की सरकार ने तानाशाहीपूर्ण तरीके से संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो एक प्रकार से राष्ट्रीय विचार के प्रति झुकाव रखनेवाले लोगों को हतोत्साहित करने का प्रयास ही था। कांग्रेस की नीयत को समझिए कि उसने ऐसा कोई प्रतिबंध इस्लामिक, ईसाई, कम्युनिस्ट और अन्य प्रकार के संगठनों की गतिविधियों में शामिल होने पर नहीं लगाया था। यानी कर्मचारी इस्लामिक एवं ईसाई संगठनों से जुड़ सकता था लेकिन हिन्दू संगठन की गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकता था। कांग्रेस की इस तानाशाही एवं द्वेष का उत्तर संघ ने तो कभी नहीं दिया लेकिन समाज ने अवश्य ही कांग्रेस को आईना दिखाने का कार्य किया।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# विधानसभा उपचुनाव तय करेंगे योगी की उपयोगिता



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

आज यदि देशभर में सर्वे करा कर लोगों से पूछा जाए कि देश के प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी का विकल्प कौन हो सकता है तो संभव है 60 से 70 फीसदी लोग योगी आदित्यनाथ का नाम बेहिचक लें। लेकिन यही प्रश्न उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के लिए पूछा जाए कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का विकल्प कौन हो सकता है तो प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर की जनता शायद ही किसी का नाम ले। आखिर इसका कारण क्या हो सकता है, पर विचार करें तो पाते हैं कि 2017 में जब भाजपा ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत हासिल किया तो मुख्यमंत्री पद के लिए दो नाम बहुत तेजी से हवा में तैर रहे थे। एक नाम था केशव प्रसाद मौर्य का और दूसरा नाम था मनोज सिन्हा का। किंतु नागपुर के मूल्यांकन और संत समाज की इच्छा ने इन दोनों नाम को अस्वीकार कर योगी आदित्यनाथ को कमान सौंप दी थी। योगी एक भगवाधारी व्यक्तित्व हैं जो कथित धर्मनिरपेक्षता के सांचे में पूरी तरह से मिस फिट और हिंदू धर्म ध्वजा के प्रतीक हैं। देश के सबसे बड़े ऐसे राज्य जिसे केंद्र सरकार का प्रवेश द्वार माना जाता है में योगी का मुख्यमंत्री होना एक बहुत बड़ी जोखिम लेना माना जा रहा था लेकिन यह निर्णय कितना सही साबित हुआ यह योगी ने अपने 7 साल के कार्यकाल में न केवल सिद्ध किया बल्कि वे एक कुशल प्रशासक, एक सही रणनीतिकार, एक कठोर निर्णय लेने वाले राजनेता और अपराध की दुनिया के सिरमौरों, माफिया और गुंडों मवालियों के प्रबल विरोधी के रूप में पहचान बनाने में तथा राज्य में कानून व्यवस्था को सुधारने वाले राजनेता के रूप में उभरे।

वर्तमान हालात में उत्तर प्रदेश, भाजपा राजनेताओं की प्रतिद्वंदिता का अखाड़ा बना हुआ है जहां फिलहाल केशव प्रसाद मौर्य योगी आदित्यनाथ को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। असल में केशव प्रसाद मौर्य 2017 से ही प्रदेश के मुखिया बनने की बाट जोह रहे थे लेकिन ना तो भाग्य ने उनका साथ दिया और न ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने। 2017 में वे उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे थे। वे पिछड़ी जाति के महत्वपूर्ण चेहरा हैं और 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आशातीत सफलता अर्जित कर 403 में 312 सीटें जीतकर तीन चौथाई बहुमत हासिल किया था इसलिए यह कयास लगाए गए थे कि केशव प्रसाद मौर्य सूबे के मुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं किंतु उस समय पार्टी हाई कमान ने संत समाज और संघ की अनुशंसा पर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद दिया और केशव प्रसाद मौर्य को उपमुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा। 2017 से अब तक योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह प्रदेश के मुखिया का दायित्व निर्वाह किया है वह भूतो ना भविष्यति ही कहा जाएगा। 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश में जो माफियाओं और गुंडों का राज था उसकी सफाई के लिए योगी ने निर्णायक फैसले लेकर ऐसा वातावरण तैयार किया जिसकी हर घर में प्रशंसा हुई। त्वरित न्याय के कानून सम्मत निर्णयों ने योगी आदित्यनाथ की एक मजबूत और दबंग राजनेता की छवि बना दी जिसकी प्रशंसा केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देशभर में हुई।

हालांकि 2017 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में योगी की घोषणा नहीं की थी किंतु उनके मुख्यमंत्री बनने के निर्णय पर 2016 में ही मोहर तब लग गई थी जब गोरखनाथ मंदिर में हुई संत समाज की एक चिंतन बैठक में जिसमें आरएसएस के उच्च पदाधिकारी भी थे, निर्णय दिया गया कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और यदि राम मंदिर पर उच्चतम न्यायालय का फैसला हिंदुओं के पक्ष में आता है और उत्तर प्रदेश में भाजपा विरोधियों की सरकार बनी तो वह अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनने देंगे इसलिए यह आवश्यक है कि योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाए। निश्चित ही यह ऐसा दूरदर्शी निर्णय था जिसने न केवल योगी आदित्यनाथ को गुरुतर दायित्व सौंपा बल्कि राम मंदिर निर्माण का रास्ता बिना किसी विघ्न के पार किया गया। निश्चित ही योगी के नेतृत्व की क्षमता तो इसी बात से आंकी जा सकती है कि 1998 में मात्र 26 वर्ष की आयु में वे गोरखपुर से लोकसभा सांसद चुने गए थे। यही नहीं संसद में अपने बेबाक और ओजस्वी भाषणों से भी वे फायर ब्रांड नेता की छवि बनाने में सफल रहे। वस्तुतः राजनीति में टांग खिंचाई कोई नई बात नहीं है। यहां सारे नेता एक दूसरे के प्रति न केवल बेमुरब्बत होते हैं बल्कि उस समय का इंतजार करते हैं जब वे अपने प्रतिद्वंद्वी को पटखनी मार कर उच्च पद हासिल कर सकें। केशव प्रसाद मौर्य भी 2017 से लगातार यही प्रतीक्षा कर रहे हैं लेकिन अभी तो ऐसा लगता नहीं कि वे सफल हो पाएंगे। 2017 में ही उन्होंने अपनी महत्वाकांक्षा को उजागर तब कर दिया था जब योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री पद की शपथ के बाद केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री कक्ष में लगी नेम प्लेट पर स्वयं के नाम की नेम प्लेट लगाकर संदेश देने का प्रयास किया था कि मुख्यमंत्री मुझे होना चाहिए था ना कि योगी आदित्यनाथ को। चूंकि केशव प्रसाद मौर्य पिछड़ा वर्ग के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने वाले बड़े नेता थे इसलिए उनके इस कृत्य को इग्नोर कर दिया गया था। आज 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली शिकस्त से यह वातावरण बनाया जा रहा है कि यह प्रदेश में योगी की नाकामी है लेकिन सच्चाई तो यह है यदि योगी को कमान सौंपी गई होती तो परिणाम भिन्न हो सकते थे। सच्चाई तो यह है कि योगी ने राज्य को लॉ एंड ऑर्डर की पटरी पर जिस तरह लाकर खड़ा किया है वह किसी और के बस की बात नहीं थी। अखिलेश यादव के कार्यकाल में आम जनता ने जो संत्रास झेले वह किसी से छिपे नहीं हैं। तब छोटे-छोटे सपा कार्यकर्ता भी स्वयं को अखिलेश ही समझते थे। अल्पसंख्यक वर्ग के असामाजिक तत्वों ने पूरे प्रदेश को गुंडाराज बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। ऐसे में योगी ने अपनी धमक और शक्तिशाली नेतृत्व से प्रदेश की जनता को राहत दिलाई। यही नहीं 2017 में भाजपा को जीत दिलाने का दम भरने वाले केशव प्रसाद मौर्य जब 2022 में खुद की विधानसभा सीट हार गए तो उन्हें अपनी लोकप्रियता की गहराई समझ आई किंतु क्योंकि वह पिछड़े वर्ग का नेतृत्व करते हैं, हार के बावजूद उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाकर शांत्वना पुरस्कार दिया गया लेकिन मौर्य ने इसे अपनी अपरिहार्यता मान लिया। यही कारण है कि उन्होंने 2024 लोकसभा में भाजपा को कम सीटें मिलने में योगी को जिम्मेदार प्रमाणित करने के लिए बयान दिया कि संगठन हमेशा सरकार से बड़ा होता है। लगता है वह यह सिद्ध करना चाहते थे कि जब वे 2017 में संगठन में प्रदेश अध्यक्ष थे तब भाजपा को तीन चौथाई बहुमत से जीत दिलाई थी और यदि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया होता तो भाजपा का प्रदर्शन खराब नहीं होता जबकि सच्चाई यह है कि 2022 में भाजपा की सरकार में वापसी का प्रमुख कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कठोर प्रशासन, जनता का भय मुक्त जीवन यापन, मोदी सरकार के गरीबों के हित में लिए गए निर्णय, ला एंड ऑर्डर की उचित दशा और बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास आदि थे। ऐसे में जब 2022 में केशव प्रसाद मौर्य खुद चुनाव हार गए तो निश्चित ही उनके उस सपने को धराशाई होना ही था जो वह दूसरी बार भाजपा की जीत पर मुख्यमंत्री बनने की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसमें कोई शक नहीं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को 2019 के मुकाबले 33 सीटों का जबरदस्त नुकसान हुआ है लेकिन उसके लिए योगी को दोषी माना जाना बिल्कुल भी उचित नहीं कहा जा सकता क्योंकि चुनावी रणनीतिक योजना में योगी की भागीदारी थी ही नहीं। न तो उनसे प्रत्याशियों के चयन पर सलाह ली गई थी और न कार्यकर्ताओं को संगठित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। जब अब की बार 400 पार वाले नारे ने पूरे देश में भाजपा को एक तरफा विजयी होने की घोषणा की तो न तो आम मतदाता उत्साहपूर्वक वोट डालने निकला और न कार्यकर्ता पूरे दमखम से सक्रिय हुआ। इसके विपरीत इंडी गठबंधन की चुनावी रणनीति, प्रत्याशियों का चयन और पीडीए का आह्वान तथा भाजपा आई तो संविधान बदल देगी, तानाशाही आ जाएगी, आरक्षण खत्म कर देगी और लोकतंत्र खत्म हो जाएगा जैसे झूठे नैरेटिव के साथ मैदान में उतर गई और उसका परिणाम 4 जून को सबके सामने रहा कि किस तरह भाजपा को जदयू और टीडीपी के सहयोग से सरकार बनाना पड़ी। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव योगी की वजह से नहीं बल्कि भाजपा संगठन और नेताओं और कार्यकर्ताओं की उदासीनता की वजह से बीजेपी हारी है। यह भी एक सच्चाई है कि यदि योगी को फ्री हैंड दिया जाता और चुनाव की कमान सौंप दी जाती तो परिणाम अच्छे हो सकते थे। वैसे प्रदेश में आने वाले 10 सीटों के उपचुनावों के परिणाम बताएंगे कि योगी का नेतृत्व भाजपा के लिए कितना उपयोगी है। हालांकि सच्चाई यह भी है कि उत्तर प्रदेश में योगी जितने महत्वपूर्ण हैं केशव प्रसाद मौर्य भी पार्टी के लिए उतने ही आवश्यक हैं क्योंकि वह भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। यही कारण है कि जब अखिलेश ने एक्स पर लिखा, मानसून ऑफर सौ लाओ सरकार बनाओ तो इसके जवाब में मौर्य ने लिखा 2027 में 2017 दोहराएंगे फिर कमल की सरकार बनाएंगे यह अखिलेश को सीधा संदेश था कि घर में बर्तन खड़कते हैं इसका मतलब यह नहीं कि विरोधियों को खुश होने का मौका दिया जाए।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# विपक्ष की नजरों में बजट 'पुरानी बोतल, शर्बत नया' जैसा क्यों ?



डॉ. रमेश ठाकुर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 7वें बजट पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रियाएं देकर गहरी नाखुशी जताई। उनकी नाखुशी के कारण कोई एक नहीं बल्कि बहुतेरे हैं। सियासी दलों ने पिछले और मौजूदा बजट को आपस में मिलाया तो बहुत सी भिन्नताएं दिखीं।

दरअसल, विपक्ष की सबसे बड़ी आपत्ति तो यही रही कि पिछले बजट में जो घोषणाएं ऐसी हुई थीं, वह साल बीतने के बाद भी धरातल पर नहीं उतरीं जैसे, 100 सैनिक स्कूलों का निर्माण करना हो, स्मार्ट सिटी का बनना, आधुनिक गांव, ग्रीन बेल्ट, रोजगार सर्जन आदि। बजट देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि उन्हीं योजनाओं को नए नाम से फिर पिटारे से बाहर निकाल दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने प्रदेश के लिए सौतेला व्यवहार करने जैसा बताया। कुछ और मुख्यमंत्रियों ने ऐसा ही कहा।

ऐसी ही टिप्पणी उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा भी दी गई। केंद्रीय बजट पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की प्रतिक्रिया सबसे ज्यादा चर्चाओं में रही। बनर्जी ने आम बजट-2024-25 को 'कुर्सी बचाओ' बजट करार दे डाला। उनका तर्क था कि सरकार बची रहे, इसके लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया।

बजट में बिहार को 26 हजार करोड़ रुपये के तीन एक्सप्रेस-वे, 21 हजार करोड़ रुपये का 2400 मेगावाट का एक पावर प्लांट, मेडिकल कॉलेज और कई एयरपोर्ट देने की घोषणा हुई है। वहीं, आंध्र प्रदेश को राजधानी विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 15,000 करोड़ रुपये देने का एलान किया है।

पुराने बजट पर अगर गौर करें तो 2023-2024 के बजट में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरों को गति देने और नए रोजगार उपलब्ध कराने की हामी भरी गई थी। कमोबेश, वैसा ही कुछ इस बार भी कहा गया है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नौकरियां बढ़ाई जाएँगी पर कोई वित मंत्री से पिछले 12 महीनों के आंकड़े प्रस्तुत करने को कहे तो शायद पेश न कर पाएं क्योंकि सच्चाई ये है कि इन सेक्टरों में नौकरियां उत्पन्न हुई ही नहीं ?

सुस्त मार्केटं का हवाला देकर ये सेक्टर फ्रीज हुए पड़े हैं। निर्मला सीतारमण ने फिर से 30 लाख युवाओं को नौकरी देने की बात कह दी है जो गले से नीचे नहीं उतरती। किसी से छिपा नहीं है कि टेलीकॉम सेक्टर के हालात कैसे हैं? काबिल इंजीनियर कम वेतन के चलते विदेश पलायन करने लगे हैं। आईटी से जुड़ा एक विशाल शिक्षित वर्ग डिग्री-डिप्लोमा लेकर सड़क पर खड़ा है, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से नौकरी मांग रहा है।

बजट में प्रोडक्टिविटी , रोजगार, शहरी विकास आदि पर फोकस करने की जरूरत थी जिस पर नहीं किया गया। निजी क्षेत्रों में उत्पादकता, सामाजिक न्याय, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा और सुधार आदि को प्राथमिकताओं को इसलिए लेना चाहिए था क्योंकि अब केंद्र सरकार उतनी सरकारी नौकरियां पैदा नहीं कर सकती जितने की देश को जरूरत है।

बजट में गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता गायब दिखे। इनके लिए कागजी और हवा-हवाई बातें तो खूब हुइं, लेकिन उनके हिस्से में आया कुछ नहीं? किसान किस हालात में हैं उन्हें उभारने की कोशिश होनी चाहिए थी। एग्रीकल्चर सेक्टर, शहरी विकास, स्किल डेवलपमेंट,कृषि रिसर्च,ऊर्जा सुरक्षा,इनोवेशन,रिसर्च और ग्रोथ जैसे तथ्यों को पूरी तरह से इग्नोर किया गया।

हास्यास्पद एक बात ये लगी वैश्विक हालात महंगाई के लिहाज से चरमराई होने के बावजूद भी वित्त मंत्री महोदया ने महंगाई को नियंत्रण में बताया और उसे 4 फीसदी दायरे में रखने की बात कही। बजट भाषण में उनकी कई बातें ऐसी रहीं जिनमें खुलकर विरोधाभास दिखाई दिया। इसलिए समूचा विपक्ष इस बार तिलमिलाया हुआ दिखा।

उनका तिलमिलाना बनता भी है क्योंकि बजट किसी भी देश का बजट सिर्फ आय और व्यय का लेखा जोखा वाला थैला ही नही होता है, जनता-समाज, हर वर्ग की उम्मीदों और अपेक्षाओं का थैला भी होता है जिसमे किसान,युवा,महिलाएं, व्यापारी आदि अपनी-अपनी उम्मीदों को तलाशता है।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है जिसमे 9 क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखा गया है जिसमे कृषि और रोजगार को भी थोड़ी बहुत जगह मिली है,जैसे सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा जो लागत से कम से कम 50 फीसदी मार्जिन के वादे को पूरा करता है लेकिन किसानों की मुख्य मांग एमएसपी को जगह नही मिल सकी। ठीक वैसे ही 2 करोड़ रोजगार की बात का कहना,लेकिन कहाँ और कैसे ये नदारद है?

वैसे उच्च शिक्षा में 10 लाख के ऋण पर सरकार ने वितीय सहायता का प्रावधान किया जो कि उच्च शिक्षा के पहुंच को आसान बनाएगा। देश की अर्थव्यवस्था की जान लघुउद्दोग और कुटीर उद्दोग के लिए मुद्रा योजना में लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ा कर 20 कर दिया गया जो कुटीर उद्दोग के लिए अच्छा कदम है। पूरे बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश पर कुछ ज्यादा ही मेहरबानी दिखी लेकिन विशेष राज्य के दर्जा वाली उम्मीदों को झटका भी?

ये उम्मीद और अपेक्षाएं एक साल तक बनी रहती है तब तक नया बजट वर्ष आ जाता है और कहानी वही रहती है कि जुम्मन के घर फूटी रकाबी है. वैसे उम्मीद और अपेक्षाएं कभी पूरी नही होती, यही इंसानी फितरत है। बजट के बाद बिहार में राबड़ी देवी जैसे नेताओं के बयान भी आने शुरू हो गए हैं, कह रहे हैं विशेष राज्य का दर्जा मांगते-मांगते नीतीश कुमार ने मोदी के सामने घुटने टेक दिए हैं ? उन्होंने बिहार को केंद्र सरकार में गिरवी रख दिया है।

## कविता



विदिशा श्रीवास्तव

### अभिलाषा

वह कर रही थी किसी का इंतजार
पल, दो पल नहीं, हर पल
किसी की स्मृति उसे
रह-रहकर जाग्रत करती
सवेरा होते ही, सांझ ढलते ही
और रात्रि में तो खामोशी बन चिल्लाती
नैनों में उसके नीर झरते थे
वह निस्तब्ध थी
बिना महक के फूलों की तरह
और एक दिन अनायास ही
किसी ने उसके हृदय पर दस्तक दी
रोम-रोम पुलकित हो उठा उसका
सुनो! एकाकार होने से पूर्व
मैं समझता हूं, तुम्हारे विचार
मेरे विचारों से गठबंधित हो जाएं
ताकि मैं तुम्हारे सौंदर्य के
मोहक इत्र में बहक न जाऊं
तुम्हारे रूप लावण्य की सरिता में
गोता लगाने से पहले
तुम्हारे प्रेम की स्वीकृति चाहता हूं मैं
सुनो! कुछ पाने के लिए बेशक
कुछ खोना पड़ता है, किंतु
तुम्हें पाने के लिए ही
नहीं खो सकता मैं तुमको ही।

# बजट में चाबहार बंदरगाह के लिए क्यों खोला गया खजाना ?



अशोक भाटिया

भारत और ईरान ने मई में ओमान की खाड़ी पर चाबहार बंदरगाह के संचालन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे । भारत ने लैंडलॉक्ड अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह समझौता किया गया था । हालांकि ईरान के साथ समझौते को लेकर भारत पर दबाव आता रहा है । लेकिन भारत को इस दबाव से कोई फर्क नहीं पड़ा है। यह 2024-25 के बजट में भी दिखा है। यहां भारत ने चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

भारत और ईरान के बीच चाबहार के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के सामान्य कार्गो और कंटेनर टर्मिनलों के उपकरण और संचालन के लिए अनुबंध के अनुसार आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में लगभग 120 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आईएन क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की थी । चाबहार बंदरगाह एक भारत-ईरान फ्लैगशिप परियोजना है जो अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन बंदरगाह के रूप में कार्य करती है, जो भूमि से घिरे हुए देश हैं। चाबहार बंदरगाह के विकास और संचालन में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी हो रहा है।

भारत क्षेत्रीय व्यापार खासकर अफगानिस्तान से संपर्क बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है। यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) परियोजना के एक प्रमुख केंद्र के तौर पर पेश किया गया है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत की अहमियत को रेखांकित करते हुए 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए है ।

चाबहार बंदरगाह पर भारत ने जो भारी निवेश किया है वह दिल्ली के लिए रणनीतिक और आर्थिक महत्व रखता है। यह भारत को कराची और ग्वादर में पाकिस्तान के बंदरगाहों को बायपास करने और भूमि से घिरे अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों तक पहुंचने की अनुमति देता है। इसके अलावा, इस बंदरगाह को चीन की सबसे चर्चित बेल्ट एंड रोड पहल का प्रतिउत्तर भी माना जाता है। यह व्यापारिक समुदायों के लिए संवेदनशील और व्यस्त फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से वैकल्पिक पारगमन मार्ग का पता लगाने के लिए आर्थिक अवसरों का एक नया द्वार भी खोलता है। हालाँकि, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इसका असर इस प्रोजेक्ट पर पड़ा था। ईरान के माध्यम से दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच एक नया व्यापार मार्ग खोलेगा। कनेक्टविटी के मामले में अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशियन क्षेत्रों के बीच चाबहार पोर्ट काफी अहम साबित होगा।



उधर, अमेरिका ने चेताते हुए कहता रहता है कि जो भी ईरान के साथ कारोबार करने पर विचार कर रहा है, उसे हमारी ओर से संभावित प्रतिबंधों के जोखिमों से वाकिफ रहने की जरूरत है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल से जब चाबहार पोर्ट को लेकर भारत और ईरान के एग्रीमेंट को लेकर सवाल किया गया था तो पटेल ने कहा कि हम इन खबरों से वाकिफ हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार पोर्ट को लेकर एक डील की है। भारत सरकार की अपनी विदेश नीति है। ईरान के साथ चाबहार पोर्ट को लेकर की गई डील और ईरान के साथ उनके द्विपक्षीय संबंधों को वह बेहतर तरीके से समझता है। लेकिन जहां तक अमेरिका की बात है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध जारी रहेंगे।

ये पूछने पर कि क्या इसका मतलब है कि भारतीय कंपनियों पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि आपको बता दूं कि कोई भी अगर ईरान के साथ बिजनेस डील करने पर विचार कर रहा है तो उन्हें इसके संभावित जोखिम पता होने चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि उन पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं।

गौरतलब है कि चाबहार में दो पोर्ट हैं। पहला- शाहिद कलंतरी और दूसरा- शाहिद बहिश्ती। शिपिंग मिनिस्ट्री की इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल शाहिद बहिश्ती का काम संभालती है।भारत वैसे तो पहले से ही इस पोर्ट का कामकाज संभाल रहा था। लेकिन ये शॉर्ट-टर्म एग्रीमेंट था। समय-समय पर इसे रिन्यू करना पड़ता था। लेकिन अब 10 साल के लिए लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट हो गया है।सालों से भारत और ईरान के बीच लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट को लेकर बातचीत चल रही थी। लेकिन कई कारणों की वजह से इसमें देरी आ रही थी।

बीच में भारत और ईरान के बीच भी रिश्तों में थोड़ी तल्खी आ गई थी। इसके अलावा ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भी इस समझौते में देरी हुई।बताया जा रहा है कि इस डील के तहत इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल चाबहार बंदरगाह में लगभग 12 करोड़ डॉलर का इन्वेस्टमेंट करेगा। भारत चाबहार पोर्ट का एक हिस्सा डेवलप कर रहा है, ताकि ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशिया के देशों तक सामान पहुंचाया जा सके। नई डील से पाकिस्तान के कराची और ग्वादर पोर्ट को बायपास किया जा सकेगा और ईरान के जरिए दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच कारोबारी रास्ता खुलेगा।

ईरान और अफगानिस्तान तक भारत की सीधी पहुंच के लिए चाबहार पोर्ट अहम जरिया है। एक ओर, अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभावों से निपटने में चाबहार पोर्ट से ईरान की मदद हो सकती है। दूसरी ओर, हिंद महासागर तक पहुंच के लिए अफगानिस्तान की निर्भरता पाकिस्तान पर कम हो सकती है।2016 में भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच इंटरनेशनल ट्रेड कॉरिडोर को लेकर समझौता हुआ था। इस कॉरिडोर में चाबहार को भी शामिल किया जाएगा। इसके बाद भारत ने शाहिद बहिश्ती का काम तेज कर दिया था।

शाहिद बहिश्ती के पहले फेज का काम दिसंबर 2017 में पूरा हो गया था। तब भारत ने यहीं से अफगानिस्तान तक गेहूं की पहली खेप भेजी थी। 2019 में पहली बार चाबहार पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान से कोई सामान भारत आया था।शाहिद बहिश्ती पोर्ट का काम चार फेज में पूरा होना है। काम पूरा होने के बाद इसकी क्षमता 8।2 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। यहां पर एक क्रूज टर्मिनल भी बनकर तैयार हो गया है, जिससे इस पोर्ट की क्षमता और बढ़ गई है।

ईरान में बन रहे चाबहार पोर्ट को चीन और पाकिस्तान के लिए जवाब भी माना जा रहा है। इस कारण भारत की यहां दिलचस्पी बहुत है। ग्वादर पोर्ट में चीन की मौजूदगी की वजह से चाबहार पोर्ट में भारत का होना फायदेमंद है।चीन पाकिस्तान में ग्वादर पोर्ट बना रहा है। ग्वादर पोर्ट और चाबहार पोर्ट के बीच सड़क के रास्ते 400 किलोमीटर की दूरी है। जबकि, समंदर के जरिए ये दूरी 100 किलोमीटर के आसपास है। पाकिस्तान और चीन ईरानी सरहद के क़रीब ग्वादर पोर्ट को विकसित कर रहे हैं। भारत, ईरान और अफ़ग़ानिस्तान को जोड़ने वाले चाबहार पोर्ट को ग्वादर पोर्ट के लिए चुनौती के तौर पर देखा जाता है। सामरिक दृष्टि से भी पाकिस्तान में चीन के नियंत्रण वाले ग्वादर पोर्ट के पास भारतीय मौजूदगी अहम मानी जा रही है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# शिक्षक संग मारपीट, टी-शर्ट फाड़ी

## प्राथमिक विद्यालय बुद्धापुरवा में आंगनबाड़ी कार्यकत्री से भी की अभद्रता, केस दर्ज

» नशे में धुत प्रधान पति ने विद्यालय में काटा बवाल



पुलिस को तहरीर देने आए शिक्षक

**विश्ववार्ता संवाद**

**महोली (सीतापुर)।** बड़ागांव के प्रधान पति द्वारा नशे में धुत होकर कांवरियों पर दागी गई गोलियां व मारपीट का प्रकरण अभी ठंडा भी न पड़ा था कि बुधवार को प्राथमिक विद्यालय बुद्धापुरवा में नशे में धुत प्रधान पति ने जमकर हंगामा बरपाया। बच्चों व आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ अभद्रता की तो शिक्षक ने इसका विरोध किया। जिससे तमतमाए प्रधान पति ने शिक्षक की जमकर पिटाई कर टीशर्ट फाड़ दी।

पूरे मामले का विद्यालय के दूसरे शिक्षकों ने वीडियो बना लिया। पीड़ति शिक्षक ने शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष व अन्य साथियों के साथ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी प्रधान पति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। शील्हापुर ग्रामसभा के मजरा बुद्धापुरवा में बुधवार को शिक्षण कार्य चल रहा था। इसी दौरान शील्हापुर की प्रधान मीना देवी के पति तुलाराम पुत्र फकीरे कक्षा कक्ष में घुस आए और बच्चों व आंगनबाड़ी कार्यकत्री से गाली-गलौज करने लगे।

इसका सहायक अध्यापक शशांक मिश्र ने विरोध किया व प्रधान पति से घर जाने को कहा। जिससे तैश में आकर प्रधान पति तुलाराम ने शिक्षक की पिटाई कर दी। सिर पर मुक्कों से प्रहार किया और टीशर्ट फाड़ डाली। प्रधान पति के तांडव का दूसरे शिक्षकों ने वीडियो बना लिया और इसकी सूचना प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिव सागर वर्मा को दी। जिस पर संकुल के नजदीक विद्यालयों के शिक्षक बुद्धापुरवा पहुंचे और विरोध किया।

इसी दौरान सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची तो प्रधान पति मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर आधा सैकड़ा शिक्षक कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक को पूरी घटना की जानकारी दी। शिक्षक शशांक मिश्र ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके बाद शिक्षक का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352, 351(2), 132 व 324 (2) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# पौन करोड़ रुपए के घोटाले में तीन वीडीओ निलंबित



» एपीओ की संलिप्तता संदिग्ध, नोटिस का नही दिया जवाब

» ग्राम रोजगार सेवको पर कार्रवाई प्रचलन में

**विश्ववार्ता संवाद**

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** चार ग्राम पंचायतों में मिलकर करीब पौन करोड़ का घोटाला करने वाले तीन वीडियों को डीडीओ हरिश्चंद्र प्रजापति ने निलंबत कर दिया है। तकनीकी सहायकों की सेवा समाप्ति को मनरेगा विभाग को पत्र लिखा गया है। इतना ही नहीं ग्राम रोजगार सेवकों पर भी कार्रवाई प्रचलन में है। प्रधानों पर 95 जी की कार्रवाई को लेकर मुहिम तेज हो गई है।

विदित हो कि पिछली 16 मार्च को विकासखंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत पचदेवरा, सिहारूखेड़ा, मदारीपुर और बेहटी में बिना कार्य कराए ही सात प्रोजेक्टों की लगभग एक करोड़ की धनराशि निकाल ली गई थी। इसकी शिकायत हुई थी। जिस पर डीएम और सीडीओ के निर्देश पर जांच की गई जिसमें मामला सही पाया गया।

बीडीओ महमूदाबाद श्रीष कुमार गुप्ता ने 14 जुलाई की रात प्रधान समेत 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। डीडीओ हरिश्चंद्र प्रजापति ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी, बेबी यादव तथा मनोज कुमार पर विधिक कार्रवाई होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। बीडीओ श्रीष कुमार गुप्ता ने बताया कि तकनीकी सहायक की सेवा समाप्ति के लिए उपायुक्त श्रम रोजगार को लिखा जा चुका है तथा दोषी रोजगार सेवक के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रचलन में है। वहीं प्रधानों पर 95 जी के लिए डीपीआरओ को पत्र लिखा गया है।

### जांच में एपीओ की सामने आई बड़ी लापरवाही

ब्लॉक की चार ग्राम पंचायतों में हुए मनरेगा घोटाले में जांच के दौरान एपीओ की भारी लापरवाही सामने आई है। कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से शुरू कराने के साथ पूर्ण होने तक की रिपोर्ट, फोटो अपलोड करने के साथ देने की जिम्मेदारी एपीओ की होती है। एपीओ द्वारा कार्य पूर्ण होने की फोटो अपलोडकर रिपोर्ट भेजने के बाद ही ब्लॉक से उक्त कार्यों का भुगतान हुआ था। जांच के बाद बीडीओ ने धोखे में रखकर कार्य पूर्ण होने के फोटो अपलोड कर रिपोर्ट दिए जाने वाले एपीओ के खिलाफ रिपोर्ट बनाकर सीडीओ को भेज दी है। बीडीओ ने बताया कि एपीओ विनय गौतम द्वारा मनरेगा कार्यों में भुगतान में भारी अनियमितता बरती गई है। पहली जांच के दौरान ही भुगतान में एपीओ की संलिप्तता मिली थी और 15 अप्रैल को इन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था जिसका जवाब नहीं दिया है। मंगलवार को एपीओ पर कार्रवाई के लिए सीडीओ को पत्र लिखकर भेज दिया गया है।

# गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं सड़कों का कार्य

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क निर्माण की परियोजनाओं के अनुश्रवण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा संबंधित को निर्देश दिये कि सड़क से संबंधित जो भी लम्बित कार्य हैं, उन्हें ससमय पूरा किया जाये तथा डी.पी.आर. तैयार कर लें।

उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर कार्य चल रहा है, उन्हें गुणवत्ता के आधार पर बनाया जाये। जिन सड़कों पर कार्य होना है, उसके लिये पत्राचार किया जाये ताकि समय से कार्य प्रारम्भ हो सके। राज्य मार्गों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि लम्बित कार्यों को शीघ्र पूरा करें। गन्ना विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों का सर्वे करते हुये, उन्हें चिन्हित करें। 84 कोसीय मार्गों के कार्यों की जानकारी लेते हुये कहा कि जो कार्य चल रहे हैं, उनमें गतिशीलता लायी जाये तथा मानक के अनुरूप ही कार्य किये जायें।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे सड़कों के कार्यों में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये तथा नई सड़कों की जानकारी ली।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी सड़कें बनायी गयी हैं उनका निरीक्षण अवश्य करें ताकि पता चल सके कि ठेकेदार ने कोई गड़बड़ी तो नही की है। मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी सड़कें मरम्मत करने योग्य हैं उनकी मरम्मत करा दी जाये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी से शहर में मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाये। उन्होंने कहा कि इस मौसम में जो भी कार्य हो सकते हैं, वह कार्य कराये जायें। सावन का महीना चल रहा है, कावड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। जहां पर गड्ढे भरे जाने हैं, उन्हें भरा जाये।बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पट्टे दिलाने के नाम पर दो लाख ठगे

» पट्टा न मिलने पर एसडीएम को दिया शिकायती पत्र



**विश्ववार्ता संवाद**

**सकरन (सीतापुर)।** सकरन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने जमीन के पट्टे दिलाये जाने के नाम पर चार लोगों से दो लाख रुपये की ठगी कर ली। पट्टा न बनने पर पीड़ितों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर इंसाफ मांगा है।

विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत कल्ली गांव निवासी जुगलू पुत्र मनोहर, राकेश व अम्बरपाल पुत्रगण सुंदरलाल मिर्जापुरवा गांव निवासी राजेश पुत्र रामप्रसाद आदि ने उप जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि चार माह पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति ने उन लोगों से 50 हजार रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से दो लाख रुपये लिए थे। रुपये लेते समय एक माह के भीतर जमीन के पट्टे दिलवाये जाने की बात तय हुयी थी। उसके बाद जब चार माह बीत गये और जमीन के पट्टे नही हुये तो उक्त लोगों ने अपने पैसे वापस मांगे मगर दलाल द्वारा किसी की भी धनराशि वापस नही की गई। पीड़ितों ने मामले में उप जिलाधिकारी लहरपुर को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। इस मामले को लेकर जब ग्राम प्रधान जमाल अहमद से बात की गयी तो उन्होने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में कोई भी जमीन राजस्व विभाग द्वारा पट्टे के लिए अधिकृत नही की गयी है।

## ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं का निकला हल

**रामपुर मथुरा (सीतापुर)।** विकास खंड कार्यालय पर मांगों को लेकर धरना कर रहे ग्राम रोजगार सेवको की समस्याओं का आज विधायक व सीडीओ ने समाधान करवा दिया। सीडीओ ने बताया कि शाशनादेश के अनुसार मांगो पर विचार किया जाएगा। ग्राम रोजगार सेवकों ने सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन बीडीओ को दिया था, इसमें तीन माह का बकाया मानदेय दिए जाने, आवासों का जियो टैग प्राइवेट व्यक्ति से न करवाकर रोजगार सेवकों से करवाये जाने आदि थीं। अपनी मांगों को न माने जाने पर मंगलवार को ब्लॉक के सभी रोजगार सेवक जिला अध्यक्ष संतोष शुक्ल के नेतृत्व में कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए थे। सीडीओ निधि बंसल, ज्ञान तिवारी जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ने ब्लाक सभागार में रोजगार सेवक व प्रधानों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान कराया।

# कई गांवों में जंगली जानवर देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लहरपुर (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुहीपुरवा में बुधवार को खेतों के निकट किसानों द्वारा एक जंगली जानवर देखे जाने की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन दरोगा अरविंद गिरी व टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर पगचिन्हों की जांच की।

उन्होंने बताया कि किसी भी जंगली जानवर के पग चिन्ह नहीं मिले हैं, हो सकता है कि पहले देखा गया जंगली जानवर हो, ना वापस लौट आया हो। उन्होंने सभी ग्रामीणों को जागरूक करते हुए समूह में ही खेत जाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जंगली जानवर देखे जाने की सूचना क्षेत्र के ग्राम चौरा, मिदनिया, बरूही पुरवा, आदि से भी मिली है, सभी प्रभावित गांवों में लगातार कांबिंग की जा रही है और ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है। वन दरोगा अरविंद गिरी के अनसार सभी प्रभावित ग्रामों में लोगों को जंगली जानवर से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि जंगली जानवर देखे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम के द्वारा लगातार प्रभावित क्षेत्र की कांबिंग की जा रही है और वन विभाग की टीम को प्रभावित ग्रामों में ही निवास करने के लिए निर्देशित किया गया है। वन विभाग की टीम में प्रमुख रूप से वन दरोगा अरविंद गिरी व ओमप्रकाश, वाचर लालाराम, गजराज, रमेश, ग्राम प्रधान श्याम किशोर, रामू मिश्रा, व ग्रामीण प्रमुख हैं।

## एक नजर

### फुटबाल में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई आरुषि



**सीतापुर।** जिले की फुटबाल खिलाड़ी आरुषि गंगवार का राष्ट्रीय सब जूनियर फुटबाल बालिका प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अगस्त माह में यह प्रतियोगिता कर्नाटक के बेलगाम में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए जिला क्रीडा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि आरुषि ने बाराबंकी में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल बालिका प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था जिसमें उसका चयन उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय टीम के लिए हुआ है। जिला क्रीडा अधिकारी ने आरुषि गंगवार को उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

### एसआई प्रदीप सिंह को कमलापुर थाने की कमान

**सीतापुर।** एसपी चक्रेश मिश्र ने महकमे में एक और फेरबदल किया है। एसपी ने इंस्पेक्टर कमलापुर भानु प्रताप सिंह को लाइनहाजिर करते हुए पीआरओ, एसआई प्रदीप कुमार सिंह को कमलापुर थाने की कमान सौंपी है। एसएसआई थानगांव जितेंद्र कुमार सिंह को महोली कोतवाली की बड़ागांव पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है, जबकि यहां तैनात रहे मान सिंह पाल को कस्बा इंचार्ज कमलापुर का दायित्व सौंपा गया है। एसएसआई कमलापुर वीरेंद्र कुमार को मास्टरबाग चौकी प्रभारी जबकि प्रभारी महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बिसवां राजेश कुमार सरोज को हरगांव थाने की झरेखापुर चौकी भेजा गया है। पिसावां के एसएसआई विकास यादव को खैराबाद थाने, खैराबाद थाने के एसआई उग्रसेन सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। सीओ सदर की पेशी में तैनात मुख्य आरक्षी नर्मदेश्वर तिवारी को कमलापुर थाने का हेड मोहर्रिर बनाया गया है।

### 10 वांछित व वारंटी पुलिस ने दबोचे

**सीतापुर।** पुलिस के धरपकड़ अभियान में जिले के भिन्न-भिन्न थानों की पुलिस ने 10 वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार किया है। मानपुर पुलिस वांछित अभियुक्त सजीवन पुत्र चिंता भार्गव निवासी अहमदपुर थाना मानपुर को गिरफ्तार कर लिया। थानगांव पुलिस ने वारंटी उदयराज पुत्र मनोहर लोनिया निवासी चकदह थाना थानगांव को गिरफ्तार कर लिया। रामपुर मथुरा पुलिस ने वारंटी छोटकऊ पुत्र श्यामबिहारी निवासी रमईपुर हरिहरपुर थाना रामपुर मथुरा को गिरफ्तार किया है। तंबौर पुलिस ने वारंटी महमूद खां पुत्र युसुफ खां निवासी गोरखापुर थाना तंबौर को गिरफ्तार किया है। मछरेहटा पुलिस ने वारंटी रामसहाय पुत्र छोटक्कने व सुन्दर पुत्र छोटक्कने निवासीगण ग्राम जमलापुर मिरचौड़ी थाना मछरेहटा को गिरफ्तार कर लिया। मिश्रिख पुलिस ने वारंटी विनोद पुत्र रामजीवन निवासी बेनियापुर थाना मिश्रिख को गिरफ्तार कर लिया। लहरपुर पुलिस ने वारंटी रामू पुत्र सटल्लू निवासी प्यारापुर व छंगा पुत्र नन्हकू निवासी महजिदिया तथा दिनेश पुत्र कमलेश चन्द्र निवासी टकेला थाना लहरपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है।

### किशोर की तालाब में डूबने से हुई मौत

**सकरन।** भैंस चराने गये किशोर की तालाब में डूबकर मौत हो गयी।हादसा सकरन थाना क्षेत्र के किर्तापुर गांव में हुआ। यहां के निवासी सिटल्ली (15) पुत्र भुंइहारे मंगलवार की शाम घर से गांव के बाहर भैंस चराने के लिए गया था। भैंस घास चरते हुए तालाब में भरे पानी में चली गयी जिसे बाहर निकालने के लिए सिटल्ली तालाब में घुस गया। गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर ग्रामीणों ने तालाब में शव की तलाश शुरू की। देर रात करीब दस बजे शव को तालाब के बाहर निकाला गया। सुबह परिजनों ने बगैर पीएम करवाये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### प्रत्याशियों को आवंटित किए गए चुनाव चिन्ह

**सिधौली।** ब्लॉक क्षेत्र के रिक्त पदों पर होने वाले चुनाव में एक से अधिक नामांकन वाले वार्ड 42 बौनाभारी व कोड़रिया प्रधान पद के लिए उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए। बौनाभारी वार्ड संख्या 42 के क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों में आशा देवी ने नामांकन वापस ले लिया जबकि राजेश कुमार का नामांकन त्रुटि के चलते निरस्त हो गया। एक अन्य नामांकन जजौर ग्राम सभा के ग्राम पंचायत सदस्य आदित्य कुमार का नामांकन निरस्त किया गया। बौनाभारी क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के शेष तीन उम्मीदवारों में से अभिषेक उर्फ बिहारी लाल, कौशलेश व नीरज कुमार को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए। कोड़रिया ग्राम प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवारों में गुड़िया, मोहनलाल, राकेश व लक्ष्मी देवी को भी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। आरओ पशु चिकित्साधिकारी ने बताया चुनाव 6 जुलाई को सम्पन्न होगा।

### विद्युत समस्या को लेकर एमएलसी से मिले लोग

**लहरपुर।** नगर क्षेत्र में आए दिन ट्रांसफार्मर खराब होने से उत्पन्न विद्युत संकट को लेकर मोहल्ला मीरा टोला व बारादरी के लोगों ने पूर्व सभासद वसीम अंसारी के नेतृत्व में विधान परिषद सदस्य मोहम्मद जास्मीर अंसारी के आवास पर उन्हें विद्युत संकट की समस्या से अवगत कराया। एमएलसी जासमीर अंसारी ने उपखंड अधिकारी विद्युत लहरपुर से फोन से बात कर बिजली की समस्या का स्थाई निदान करने व निर्धारित क्षमता के अनुरूप बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने के लिए निर्देशित किया। जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी से निजात मिल सके।

# अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा विद्यालय

» विहिप कार्यकर्ता ने सीएम व डीएम को भेजा शिकायती पत्र

» दूसरे विद्यालय से बच्चों का कराया जा रहा इनरोलमेंट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सिधौली कस्बे के मोहल्ला नरोत्तमनगर दक्षिणी निवासी विहिप कार्यकर्ता ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि उनके वार्ड में कोल्ड स्टोरेज के उत्तर दो वर्षों से अधिक समय से किराये के मकान में राइजिंग स्टार एजूकेशनल एकेडमी स्कूल संचालित हो रहा है। जिसमें केवल एक मकान का ही किराया स्कूल संचालक द्वारा 20 हजार रुपये अदा किया जा रहा है जब कि विद्युत बिल कामर्शियल के बजाय घरेलू बिल मकान मालिक जमा कर रहा है।

पत्र में उन्होंने कहा है कि स्कूल संचालक निर्भीक सिंह बेहद निर्भीकता से नर्सरी से कक्षा दस तक की कक्षायें बिना मान्यता के संचालित कर लगभग 250 बच्चों का भविष्य खराब कर रहे हैं। अभिभावकों से ड्रेस, किताबें, स्कूल वैन व ई-रिक्शा के नाम पर खूब धन कमाया जा रहा है। लगभग 250 छात्र-छात्राओं से 250 रुपये से लेकर 400 रुपये तक फीस वसूली कर अभिभावकों की जेब पर सीधी डकैती डाली जा रही है।

विहिप कार्यकर्ता ने जनहित को दृष्टिगत करते हुए संबंधित अधिकारियों से तुरंत जांच कराकर स्कूल संचालक व उस स्कूल जहां से इस संचालक द्वारा बच्चों का इनरोलमेण्ट कराकर प्रस्थान प्रमाण-पत्र व पेन नम्बर तथा यूडाइज नंबर दिया जा रहा है जो कि सरासर गलत एवं विधि संगत नहीं है, के विरूद्ध नियमतः कठोर कार्यवाही करते हुए फर्जी स्कूल को बन्द कराने की कृपा करें। शिकायतकर्ता ने बीईओ सिधौली को भी शिकायती पत्र भेजा है।

## पौधा रोप वृक्ष बनने तक देखभाल का लिया निर्णय

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री के आवाहन पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत बुधवार को कचेहरी प्रांगण में अधिवक्ताओं द्वारा धरती मॉ के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करते हुए पौध रोपित किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी द्वारा पौधरोपण किया गया, जबकि पौध की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वकील साब ट्रस्ट के प्रमुख अधिवक्ता किशोर मोहन सक्सेना द्वारा ट्री-गार्ड अधिवक्ता सूरज राय को भेंट किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन के सचिव दिनेश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय, आरती राय, नेहा कुलसुम, हेमलता, कौशलेन्द्र सिंह, अरूण कुमार, रत्नेश द्विवेदी, आदित्य गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अक्षय सहाय, अशोक चौधरी, सुरेश प्रकाश गौतम, जयपाल, रजनीश विक्रम, लाल बहादुर श्रीवास्तव, अनूप त्रिपाठी, राघवेन्द्र सिंह, विजय राय, सुनील, आलोक बाजपेयी, वसीमुल हक, संदीप पाण्डेय, विकास सक्सेना आदि लोगो ने उपस्थित रहकर पौध के वृक्ष बनने तक उसके देखभाल का निर्णय लिया।

# करंट लगने पर प्राइवेट कर्मचारी की मौत से हड़कंप

» एचटी लाइन का तार जोड़ते समय सप्लाई आने से हुआ हादसा

**विश्ववार्ता संवाद**

**सकरन (सीतापुर )।** विद्युत हाईटेंशन लाइन का तार जोड़ते समय बिजली की चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

सकरन थाना क्षेत्र के बरबटा गांव में दो दिन पूर्व बिजली ट्रान्सफार्मर फुक गया था। जिसको बदलवाने के लिए विभाग ने रेउसा थाना क्षेत्र के चन्द्रसेनी गांव निवासी कैलाश भार्गव (35) पुत्र बाबूराम को बुलाया था। कैलाश खम्भे पर चढ़कर ट्रान्सफार्मर के तार जोड रहा था तभी एचटी लाइन में बिजली सप्लाई आ जाने के कारण वह चपेट में आ गया। बिजली करंट लगने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांडा लेकर गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा व विवाहित था। स्थानीय बिजली के लाइनमैनों के साथ सहयोग हेतु जाता था जिसकी एवज में उसे पारिश्रमिक में थोड़े बहुत रुपये मिल जाते थे। जिससे परिवार का भरण पोषण होता था। एसओ कृष्ण कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## फल एवं सब्जी दुकानदारों को लगवाईं नेम प्लेट

**सीतापुर।** राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू के नेतृत्व में जनपद के अंदर समस्त हिंदू फल एवं सब्जी की दुकानों पर उनके ओरिजिनल हिंदू नाम की एक नेम स्लिप लगाई गयी जिससे हिंदू दुकानदारों की पहचान हो सके। पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हृदय से स्वागत करते हैं इसलिए हम किसी दूसरे पर यह दबाव नहीं डाल सकते कि आप अपनी नाम की पहचान स्पष्ट करें लेकिन हम स्वयं अपनी पहचान तो बता सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं इसलिए हमारे समस्त हिंदू भाई जो भी है वह अपनी दुकान के आगे अपना बैनर लगा सकते हैं। इसमें कोई प्रतिबंध नहीं है और यह अभियान राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के द्वारा समस्त जिलों में चलाया जाएगा। समस्त जिलों में हिंदू दुकानदारों की नाम के आगे उनकी नेम स्लिप लगाई जाएगी।

# सचिव ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

» महिला अस्पताल के गेट पर जाम की स्थिति से जताई नाराजगी , कार्यवाही के दिये निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सीतापुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय, के निर्देशानुसार नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वन स्टाफ सेन्टर का निरीक्षण किया गया।उपरोक्त वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण के समय 3 बालिकायें उपस्थित मिली।

ड्यूटी रोस्टर के अनुसार समस्त स्टाफ उपस्थित मिला एवं सेल्टर होम में साफ-सफाई सही पाई गयी एवं सेल्टर में उपस्थित बालिकाओं से वार्ता की गयी तो उन सभी के द्वारा बताया गया कि खाना इत्यादि समय से मिलता है। इसी क्रम में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को साफ-सफाई पर अत्यधिक ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया तथा खाने पीने की वस्तुओं को भी समयानुसार व नियमानुसार देने हेतु निदेर्शित किया गया।

उक्त वन स्टाप सेन्टर में प्रवेश हेतु जिला महिला अस्पताल के मेन गेट पर प्रवेश करते समय गाड़ियॉ अव्यस्थिति एवं बेतरतीब रूप से खड़ी पायी गयी तथा इस कारण जाम की स्थिति पायी गयी। जिसके सम्बन्ध में सी.एम.एस. महिला अस्पताल से वार्ता की गयी, तब उनके द्वारा यह बताया गया कि जो गेट पर अव्यस्था पाई गयी है उसके सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिटी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को पूर्व में अनेकों बार पत्र प्रेषित किये जा चुके है, किन्तु अभी कोई कार्यवाही नही की गयी है। इस सम्बन्ध में सी.एम.एस. महिला अस्पताल द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कई बार गाड़ियों को हटाये जाने को लेकर गाड़ी खड़ी करने वालों से विवाद एवं मारपीट की स्थिति भी उत्पन्न होती है, साथ ही एम्बुलेंस इत्यादि को आपातकालीन स्थिति में प्रवेश नही मिल पाता है, जिस कारण अव्यवस्था की स्थिति लगातार बनी रहती है। जिससे मरीजों के सामान्य प्रवेश मे भी कठिनाई होती है।

# छात्रों का टैबलेट वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लहरपुर (सीतापुर)।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंजीनियर समीर अहसन द्वारा एच.एम.एच. डिग्री कॉलेज लहरपुर में छात्र-छात्राओं के टेबलेट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।जिला अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में वहां उपस्थित छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

वहां उपस्थित छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए जिला अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से एनसीईआरटी सिलेबस के बारे में छात्र-छात्राओं से वार्ता की। सरकार द्वारा कल जो बजट पेश किया गया है उसमें अल्पसंख्यक मंत्रालय को 3183 करोड रुपए दिये जाने के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त किया और युवाओं को इस बजट के माध्यम से जो रोजगार मिलेगा उसे पर भी चर्चा की और जनपद में इस योजना के तहत जो कार्य हो रहे हैं, उस पर वार्ता की।

कॉलेज कैंपस में जिला अध्यक्ष द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया और वहां उपस्थित छात्राओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता सलमान जैदी, कॉलेज की प्रबंधक श्रीमती अफसाना खातून, हाजी कमालुद्दीन जिला अध्यक्ष ईद उद्योग समिति , अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सीतापुर, सम्मानित छात्राएं एवं भारी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

**मांग** राष्ट्रीय सेवा परिषद ने सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

# सरायन नदी पर कब्जा करने के प्रयास में भूमाफिया

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सीतापुर।** राष्ट्रीय सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ल के सामूहिक नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियो द्वारा बुधवार को पांच सूत्रीय जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम अंजली सिंह को सौपा गया। ज्ञापन में जन समस्याओं को रखते हुए उसके समाधान की मांग की गयी। ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने पहले बिंदु में बताया कि भूमाफिया सरायन नदी पर कब्जा करने के प्रयास में हैं।

श्मशान घाट से लेकर शहर के दूसरे छोर तक नदी के दोनों तरफ अवैध कब्जे हैं। कुछ लोगों ने मकान बनवा लिए हैं और कुछ लोग मकान बनाने की ताक में है। नदी का अस्तित्व लगातार कम होने से शहरी इलाकों में भूगर्भ जल स्तर घटता जा रहा है। इस मामले में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए जाने की बात कही गयी। दूसरे बिंदु में बताया गया कि हरदोई चुंगी से लेकर श्यामनाथ तिवारी चैराहा एवं कोट चौराहा से लेकर मुंशीगंज व कोट चौराहा से लेकर सिटी स्टेशन तक जाम की समस्या बनी रहती है जिसको लेकर जनता को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। तीसरे बिंदु में जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ल ने बताया कि शहर के मोहल्ला होली नगर साईं मंदिर रोड पक्का जीभा मोहल्ला के मकानों में सरकारी नलों से आने वाले पानी में अत्यधिक बालू व अत्यधिक दुर्गन्ध आने से पानी पीने योग्य नहीं है। पानी पीकर लोग बीमार हो रहे है उक्त मामले में उचित कार्यवाही की मांग की है। चौथे बिंदु में बताया गया बिजली की अघोषित कटौती से लोग काफी परेशान हो रहे है बिजली कब गुल हो जाए कोई भरोसा नहीं।

विभाग द्वारा कटौती की कोई भी सूचना उपभोक्ता को नहीं दी जाती है। जिला उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा ने ज्ञापन के अंतिम बिंदु को केंद्रित करते हुए बताया कि मुंशीगंज बड़ागांव रोड रेलवे फाटक निकट दयाल आश्रम जनकपुरी कालोनी में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से कच्चे मार्ग पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। मार्ग पर घरो का गंदा पानी भरा होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ते पर गंदा पानी भरा होने से बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष डॉ. शांति स्वरूप रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष अन्नी महरोत्रा, जिला उप सचिव डॉ. विकास जैन, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकांत वाजपेयी, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, जिला कोषाध्यक्ष अम्बरीष दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## अश्लील वीडियो वायरल करने वाले पर केस

**सिधौली (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुत्री का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

तहरीर में बताया कि गांव का ही निवासी हरीराम कश्यप उर्फ बौआ उनकी पुत्री की अश्लील फोटो लगाकर व गाली-गलौज का वीडियो कई माह से सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। जिससे उनकी पुत्री अवसाद में है और शर्मिंदगी महसूस कर रही है। उसकी छवि धूमिल होने के चलते वह कोई बड़ा कदम न उठा ले इसलिए पिता ने युवक पर कड़ी कार्रवाई कर सोशल मीडिया से वायरल वीडियो डिलीट कराए जाने की मांग की।

वहीं इस मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मुकद्दमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# अधिकारी विकास कार्यक्रमों में न बरतें लापरवाही:आयुक्त

## आयुक्त ने जून में हुये विकास कार्यों की समीक्षा की, फर्जी बैनामा करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्यवाही

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोण्डा।** देवीपाटन मण्डल में चल रहे विकास कार्यों की गति को बढाने के लिए आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने चारों जिलों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य मंडलीय अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जून माह में मण्डल में हुये विकास कार्यक्रमों की सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से 77 बिन्दुओं समीक्षा की गई। आयुक्त ने मंडल के सभी जिलों के विकास कार्यक्रमों की बारी-बारी से समीक्षा की।

मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मनरेगा, निराश्रित महिला पेंशन, पशु टीकाकरण, मिड डे मील, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, सड़क व सेतुओं के निर्माण की समीक्षा की गई।



आयुक्त सभागार में मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते मंडला आयुक्त

### अपराधियों के खिलाफ़ हो कठोरतम कार्यवाही

कानून व्यवस्था व अभियोजन कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक करते हुए कमिश्नर देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने डीआईजी देवी पाटन रेंज, चारों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी सख्त निर्देश दिये कि अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही ऐसे बहुत से आरोपी हैं, जो गैंग बनाकर के कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति कुर्की की भी कार्रवाई की जाए। कहीं भी अगर किसी के साथ कोई घटना होती है तो उसको जिला मुख्यालय पर न आना पड़े थाने पर ही समस्या का समाधान हो जाए। मंडलायुक्त ने चोरी की घटना पर लगाम लगाने व चोरी की घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा के दौरान सभी मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जहां जरूरत है वहां पर मार्ग डायवर्जन किया जाए। अवैध कब्जे को लेकर उन्होंने कहा कि जो दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करते हैं उन्हें बिल्कुल भी बक्शा न जाए। फर्जी बैनामा करने व कराने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अभियोजन के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि मुकदमे से संबंधित गवाहों की सुरक्षा सुरक्षित की जाए। अधिक से अधिक मुकदमों में दोषी व्यक्ति को सजा दिलाई जाए इस दौरान वन संरक्षक, डीआईजी,अपर आयुक्त देवीपाटन, संयुक्त आयुक्त देवीपाटन, गोंडा डीएम नेहा शर्मा, बहराइच डीएम मोनिका रानी, बलरामपुर डीएम पवन अग्रवाल और श्रावस्ती डीएम अजय कुमार द्विवेदी के साथ ही सभी एसपी व सीडीओ समेत मंडलीय अधिकारी मौजूद रहे।

मण्डलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने अपने जिलों में प्रत्येक माह विकास कार्यों की समीक्षा बैठक पूरी गंभीरता से करें ताकि सरकार की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की गति धीमी न होने पाए।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन कराते हुए सुनिश्चित कराएं कि पात्र एवं जरूरतमंद को ही लाभ प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं। जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गतिमान परियोजनाओं को मानक व गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्धता के साथ पूर्ण करते हुए हैंड ओवर किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य एवं परियोजनाएं जो पूर्ण हो गईं हैं, उनकी सूची तैयार कर डीएम को उपलब्ध कराई जाए ताकि उसका समय से लोकार्पण कराया जा सके।

### अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिले योजना का लाभ

आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सरकार द्वारा चलाई जारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को हर हाल में मिलना चाहिए। योजनाओं का लाभ देते समय पात्र और अपात्र की पूरी गहनता से जांच की जाए। किसी भी अपात्र को योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए। लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जाए जिससे सरकार की मंशा पूरी हो सके। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए।

### भ्रष्टाचार हुआ तो होगी दण्डात्मक कार्यवाही

आयुक्त ने कहा कि बजट के अभाव में रुके हुए विकास कार्यों को बजट मंगाकर समय से पूरा कराया जाए किसी भी स्तर पर विकास कार्यो में भ्रष्टाचार पाया गया तो सम्बंधित अधिकारी के साथ कर्मचारियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सभी सरकारी योजनाओं को धरातल पर काम करते हुए जल्द से जल्द तेजी लाने का भी काम अधिकारी करें।

## एक नजर

### एक ही गांव के दो युवकों की मौत से मातम

**गोंडा।** कोतवाली इटियाथोक के तेलयानी कानूनगो गांव से मुहर्रम के दिन उठी ताजिया का गुम्बद 132 केवी एचटी लाइन से छू जाने से उसकी चपेट में आने सिराज अहमद उर्फ बब्बू, मो अकरम पुत्र शमसाद, साहिल और गया प्रसाद बुरी तरह झुलस गए थे। जिसमे सिराज अहमद उर्फ बब्बू और मो अकरम की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। सोमवार की तड़के इलाज के दौरान सिराज अहमद उर्फ बब्बू की मौत हो गई वही हादसे में बुरी तरह झुलसे मो अकरम पुत्र शमसाद का बुधवार की तड़के लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। गांव के दो युवकों की मौत से पूरा गांव सहम गया पूरे गांव में मातम का माहौल है । आसपास के लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर गहरी संवेदना प्रकट की। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी और मां का रो–रो कर बुरा हाल है।

### गुरुवार को होगी राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में बाढ़ से बचाव के लिए राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल गुरूवार 25 जुलाई, 2024 को मोहम्मदपुर कला तटबंध पर संपन्न होगी। प्रतिवर्ष राज्य स्तर पर होने वाली इस मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सभी जनपदों की तैयारियों की समीक्षा करता है। इस बार यह मॉकड्रिल मोहम्मदपुर कला गांव में स्थित अपूर्ण तटबंध पर करायी जा रही है। जिसकी निगरानी राज्य आपदा कंट्रोल रूम से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा की जायेगी। मॉकड्रिल संपन्न होने के बाद पर्यवेक्षण अधिकारी इसकी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

### दिव्यांगजन ऋण एवं ब्याज का पैसा करें जमा

**श्रावस्ती।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया है कि जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, श्रावस्ती से दुकान निर्माण/संचालन योजनान्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। उक्त लाभान्वित दिव्यांगजनों को सूचित किया जा रहा है कि वे ऋण एवं ब्याज की धनराशि विभागीय हेड–6235021010300 में चालान फार्म के माध्यम से जमा किया जाना सुनिश्चित करें तथा उसकी एक प्रति जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यदि दिव्यांगजन को ऋण एवं ब्याज की धनराशि जमा किये जाने में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो कमरा नं0–19 में उपस्थित हो, जिससे उसकी समस्या का निदान किया जा सके।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**श्रावस्ती।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिये पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम (कक्षा 9–10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत पात्र छात्रों के लिये छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आनलाइन आवेदन करने के लिये समय सारिणी शासन द्वारा जारी की जा चुकी है। छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन अपने सम्पूर्ण विवरण के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होने यह भी बताया है कि शैक्षणिक संस्थानो द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने सम्बंधी कार्यवाही पूर्ण करने की अन्तिम तिथि 20 अगस्त 2024 तक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि का सत्यापन की अन्तिम तिथि 27 अगस्त 2024 तक, कक्षा 9–10 एवं कक्षा 11–12 छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 20 जुलाई से 20 अक्टूबर 2024 तक, विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 25 जुलाई 2024 से 27 अक्टूबर 2024 तक, राज्य एन0आई0सी0 द्वारा स्क्रूटनी किया जाना 28 अक्टूबर 2024 से 08 नवम्बर 2024 तक, राज्य एन0आई0सी0 की स्क्रूटनी के पश्चात संदेहास्पद/त्रुटिपूर्ण आवेदनों को छात्रो के स्तर से सही कराना 05 नवम्बर 2024 से 11 नवम्बर 2024 तक, राज्य एन0आई0सी0 द्वारा छात्र स्तर से संशोधित आवेदन का पुनः स्क्रूटनी किया जाना 11 नवम्बर 2024 से 18 नवम्बर 2024 तक, जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति द्वारा शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा लॉक किया जाना 06 नवम्बर 2024 से 05 दिसम्बर 2024 तक, जनपद स्तरीय समिति तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी स्तर से सत्यापित तथा लॉक डाटा के आधार पर राज्य एन0आई0सी0 द्वारा निदेशालय की लॉगिन पर मांग उपलब्ध कराया जाना 06 दिसम्बर 2024 से 13 दिसम्बर 2024 तक एवं छात्र/छात्राओं के एन0पी0सी0आई0 बैंक खातों मे धनराशि अंतरित किया जाने की तिथि 19 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित की गई है।

### डीएम ने चकबंदी वादों के निस्तारण में देरी पर की कार्यवाही

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में चकबंदी वादों के निस्तारण में देरी पर कड़ी कार्यवाही की है। उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी समेत सभी तीनों चकबंदी अधिकारियों को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। जवाब न मिलने पर इनके खिलाफ कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
जिलाधिकारी ने बीती 18 जून को एक पत्र जारी कर जनपद के चकबन्दी न्यायालयों में लम्बित वादों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी पीठासीन अधिकारियों को प्रतिदिन न्यायालय में उपस्थित रहकर एक वर्ष से अधिक समय से लम्बित पुराने वादों का दो सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी के न्यायालय में अब तक मात्र 170 वाद निस्तारित किए गए हैं, जबकि अभी भी 906 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं।

### अच्छी पैदावार के लिए गन्ना बंधाई आवश्यकः वहाजुद्दीन



**कैसरगंज, बहराइच।** इस वर्ष गन्ने की फसल विगत वर्षो से काफी अच्छी है। जिसके कारण पैदावार बहुत अच्छी होने की सम्भावना है। माह जुलाई से अक्टूबर तक गन्ने की बढ़वार बहुत तेजी से होती है। किसान भाई अपने गन्ने को गिरने से बचाने किए गन्ने के बढ़वार के अनुसार पहली बंधाई अभी जुलाई में कर दें तथा दूसरी बंधाई अगस्त में व तीसरी बंधाई माह सितम्बर में अवश्य कर दें ताकि गन्ना न गिरे। अगस्त व सितंबर में तेज बारिश के साथ तेज हवा चलती है। जिससे गन्ना गिरने की पूरी सम्भावना रहती है। यदि गन्ना गिरता है तो लगभग 30% तक नुकसान हो सकता है। यह बातें पारले मिल के उप मुख्य प्रबंधक वहाजुद्दीन अहमद ने किसानो से रूबरू होते हुए कही। उन्होंने किसानों को बताया कि इस समय गन्ने में विशेषकर सीओ 0238 में रेड राट बीमारी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। पत्ती के मध्य शिरा पर कत्थई रंग का रूद्राक्ष की माला की तरह धारी दिखाई देती है। यदि ऐसा प्रतीत होता है तो बिना देर किए 5 लीटर बायोएेस्ट्रैक्ट व 200 ग्राम हेक्जास्टाप को 400 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने की जड़ में ड्रैंचिग करें। यदि गन्ना सूख रहा है तो सूखे क्लैम्प को जड़ से खोदकर खेत से बाहर निकाल दें तथा खोदे हुए स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर 20–25 ग्राम डालकर मिट्टी को बराबर कर दें। यदि कोई शंका है तो सम्बंधित गन्ना अधिकारी से सम्पर्क कर बीमारी की पहचान कराऐ तथा समस्या का समाधान करें।

## पांच लाख लोगों के घरों में लगाए जाएंगे प्रीपेड मीटर

**बहराइच।** लाइन लॉस व बिजली चोरी के चलते लगातार घाटे में चल रहे बिजली विभाग ने अब शहर के घरों में प्रीपेड मीटर लगाने की कार्ययोजना बनाई है। जिले में करीब पांच लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। विभाग की ओर से इसके लिए शहर में कराए जा रहे सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में जारी है। विभाग का मानना है कि प्रीपेड मीटर लग जाने से बिजली चोरी पर तो पूरी तरह से अंकुश लग ही जाएगा, साथ में उपभोक्ताओं के बिजली बिल के ब्याज, गलत बिजली बिल आदि समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। विभाग अपनी कार्ययोजना को अगस्त माह के अंतिम सप्ताह से अमलीजामा पहनाने में जुट जाएगा। प्रीपेड मीटर सर्वे कार्य से जुड़े हेंमत त्रिपाठी ने बताया कि इसमें एक मॉडम लगा रहेगा। इसे सर्वर के साथ संबंधित उपभोक्ता के मोबाइल से कनेक्ट कर दिया जाएगा। ऐसे में उपभोक्ता को पता रहेगा कि उनके पास कितना बैलेंस है। उपभोक्ता को रिचार्ज समाप्त होने से पूर्व उसके मोबाइल पर रिचार्ज करने का मैसेज प्राप्त हो जाएगा। प्रीपेड मीटर को उपभोक्ता अपने मोबाइल से ही रिचार्ज कर सकेंगे।

## कोतवाल लाइन हाजिर, उपनिरीक्षक समेत तीन निलंबित

**बहराइच।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र में तीन दिन पूर्व कांवड़ यात्रा के लिए सामान लेने जा रही बाइक सवार युवतियों से अश्लील हरकत के बाद उन पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया था। पुलिस ने मामले को छुपाने का प्रयास किया। लेकिन मीडिया में आने के बाद दूसरे दिन मामला दर्ज कर लिया। हालांकि पुलिस ने सभी नौ आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है लेकिन मामले में शिथिलता बरतने की बात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कड़ी कार्रवाई की है।
कोतवाली नानपारा अंतर्गत एक गांव निवासी तीन युवतियां शनिवार को बाइक से कांवड़ यात्रा के लिए सामान लेने जा रही थी। क्षेत्र के बोधवा चौराहे के पास बाइक सवार युवतियों से एक चिकवा ने अश्लील हरकत की। विरोध करने पर मांस काटने वाले हथियार से हमला कर दिया था। शोर सुनकर बचाने आई गांव की महिलाओ और युवको पर भी हमला किया था। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया।

## पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा दो, गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

**पयागपुर, बहराइच।** पहलवारा गांव स्थित बाग में सोमवार को एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया था। जिसकी शिनाख्त श्याम सैनी पुत्र अयोध्या निवासी जयनगरा जिला गोण्डा के रूप में की गई थी। सूचना पर मृतक के भाई संदीप ने दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शराब पीने के बाद हुए विवाद के दौरान कुल्हाड़ी सिर पर मारने से व्यक्ति की मौत हुई थी।

पयागपुर थाना क्षेत्र के पहलवारा गांव में प्राथमिक विद्यालय के निकट बाग में श्याम सैनी की हत्या कर शव फेंक दिया गया था। पयागपुर थाने में बुधवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी हीरालाल कनौजिया ने बताया कि मृतक श्याम सैनी शराब का आदी था। रविवार रात मृतक के ममेरे ससुर शीतल सैनी पुत्र जमुना व नरायन सैनी पुत्र बलिराज निवासी पहलवारा देवरिया थाना पयागपुर ने सेमरियावां स्थित शराब के ठेके से शराब खरीदी और पीने के लिए मृतक श्याम सैनी को साथ लेकर बाग में गये।



» पुलिस की हिरासत में श्याम सैनी हत्याकांड के आरोपी।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी को राज्यपाल ने दिया एवार्ड

**बहराइच।** कोरोना संकटकाल के साथ ही विषम परिस्थितियों में सेवा के लिए उत्तर प्रदेश की राजपाल आनंदी बेन पटेल ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ ही रेड क्रॉस के अनेक पदाधिकारी सदस्यों की मौजूदगी में वार्षिक सामान्य बैठक के दौरान राज्यपाल ने राजभवन में बहराइच रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन सरदार सरजीत सिंह को अवार्ड देकर उत्साह वर्धन किया पूर्व जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद के निर्देशन में बहराइच रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान में उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ इसके लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. दिनेश चंद को उत्कृष्ट सेवा सम्मान राज्यपाल आनंदीबेन वा उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्य में डीएचआईओ बृजेश सिंह की भी अहम भूमिका रही इसके लिए जनपद के कई संगठनों नागरिकों द्वारा यूपी में बहराइच का मान बढ़ाने के लिए सरदार सरजीत सिंह को बधाइयां दी जा रही है।

## अंतिम यात्रा का रास्ता भी विवादों के घेरे में

### लवेदपुर शमशान घाटके रास्ते पर रसूखदार का कब्जा

विश्ववार्ता संवाददाता

**श्रावस्ती।** कहते हैं कि आदमी की मृत्यु के पश्चात वह बहुत ही शांति वातावरण में शमशान घाट पहुंचता है लेकिन भिनगा नगर में मरने के बाद व्यक्ति की आखिरी यात्रा विवादों के भरे रास्ते से होकर गुजरती है।

भिनगा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत तीन श्मशान घाट है। जिसमें अधिकांश लोग पार्थिव शरीर को लवेदपुर शमशान घाट ले जाते हैं । कुछ दिन पूर्व लबेदपुर शमशान घाट का सौंदर्यकरण पूर्व विधान परिषद सदस्य हाजी मोहम्मद रमजान ने कराया था । श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल और लोगों को बैठने के लिए एक टीन सेट का निर्माण कराया गया था । इस श्मशान घाट का मुख्य द्वार श्मशान घाट के उत्तर दिशा की बाउंड्री वालों के पूर्व दिशा में था लेकिन उसे ओर जाने वाले रास्ते पर लवेद पुर के रहने वाले एक रसूखदार का कब्जा था जिसके चलते पूरब दिशा में बाउंड्री वाल का रास्ता ना खोल करके पश्चिम दिशा में इसका मुख्य द्वार बना दिया गया । जबकि जिस तरफ श्मशान घाट का मुख्य द्वारा बनाया गया उस तरफ लवेदपुर गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति के नंबर की जमीन पड़ रही थी । उसी रास्ते से कई वर्षों से लोग लाश को लेकर को उसी रास्ते से श्मशान घाट के अंदर आते जाते रहे । इसके बाद कुछ दिन पूर्व उक्त जमीन के मालिक ने लाशों को अपने जमीन के तरफ से ना ले जाने के लिए लोगों को रोकना शुरू किया जिसको लेकर कई बार जमीन के मालिक और लोगों के बीच विवाद भी हुआ लेकिन मामले को किसी तरह शांत करा कर अंतिम क्रिया का कार्य संपन्न कराया जाता रहा । अब एक बार फिर उक्त जमीन के मालिक ने यह कहना शुरू कर दिया है कि हम अपनी जमीन से होकर किसी भी लाश को शमशान घाट के अंदर नहीं जाने देंगे जो अब नगर पालिका क्षेत्र के रहने वाललोगों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है प्रशासन ने अगर इस औरध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में रास्ते को लेकर बहुत बड़ा विवाद बन सकता है ।



## एलएलबी की परीक्षा देते आठ नकलची पकड़े गए

### संजीवनी विधि महाविद्यालय तथा कलावती देवी महाविद्यालय के परीक्षार्थी किसान पीजी कॉलेज में दे रहे परीक्षा

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** जिले के संजीवनी विधि महाविद्यालय तथा कलावती महाविद्यालय के एलएलबी की परीक्षा किसान पीजी कॉलेज में संचालित हो रही है। इस दौरान मंगलवार को आठ परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए। इनमें से दो परीक्षार्थियों को कक्ष निरीक्षक ने पकड़ा जबकि अन्य अच्छे परीक्षार्थियों को महाविद्यालय के आंतरिक उड़ाका दल ने पकड़ा है।

केंद्र व्यवस्था पर तथा किसान पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर विनय सक्सेना ने बताया विधि परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डॉ ओपी सोनी, डॉ. मो. उस्मान तथा डा. किसुनवीर को परीक्षा संचालन का प्रभार सौंपा गया है। मंगलवार को प्रथम पारी की परीक्षा शुरू होने पर डॉक्टर किसुनवीर के नेतृत्व में आंतरिक उड़ाका दल ने परीक्षा कक्षा में जाकर संदिग्ध परीक्षार्थियों की तलाशी शुरू की तो कक्ष संख्या तीन से 2 कक्ष संख्या 4 से 2 कक्ष संख्या 3 से 2 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए। कच्छ संख्या 21 में कक्ष निरीक्षक ने एक परीक्षार्थी को नकल करते हुए पकड़ा। शाम की पाली में कच्चे संख्या 3 से एक परीक्षार्थी को कक्ष निरीक्षक ने नकल करते हुए पकड़ा। इस प्रकार मंगलवार को दोनों पारियों की परीक्षा में कुल आठ नकलची नकल करते हुए पकड़े गए। परीक्षा नकल विहीन करने के इस अभियान में हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ नीरज कुमार पांडे, बीएड विभाग के डॉक्टर प्रमोद कुमार प्रशांत दीप सिंह सक्रिय रहे।



संजीवनी विधी महाविद्यालय में एलएलबी की परीक्षा देते छात्र छात्राएं

## पड़ोसी से विवाद के बाद फायरिंग, चार घायल

**बहराइच।** एक हिस्ट्रीशीटर ने दो अन्य के सहयोग से मंगलवार रात को पड़ोसी महिला से विवाद शुरू कर दी। इसके बाद हवाई फायरिंग और ईंट पत्थर चलाए। जिसमें महिला समेत चार घायल हो गए। मौके से खोखा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरनवा निवासी सुमन पत्नी मंशाराम के घर के पड़ोस में थाने के हिस्ट्रीशीटर वैधा का मकान है। मंगलवार रात 10 से 11 बजे के मध्य वैधा ने सहयोगी राम लखन और मलखान के साथ मिलकर सुमन देवी की देवरानी गुड्डी देवी पत्नी फकीरे से विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद ईंट पत्थर मारे। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर ने तमंचे से फायरिंग की। लेकिन महिलाओं के छत पर होने के चलते गोली नहीं लगी। दबंगों ने शराब के नशे में आधी रात तक उत्पात मचाया।

## 70 लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने भारत नेपाल सीमा के निकट स्थित भारतीय क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पानी टंकी के पास से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान इन दोनों के पास से 140 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 70 लाख रुपए बताई जाती है।पुलिस ने दोनों को नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की ओर से अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व मादक पदार्थो की तस्करी पर रोकथाम एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो की धरपकड़ के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम चौकी इंचार्ज बाबागंज उप निरीक्षक रामगोविन्द वर्मा व विजय कुमार पुलिस बल तथा एसएसबी के साथ संयुक्त गश्त बुधवार की दोपहर बाद इण्डो नेपाल बार्डर पर रेलवे स्टेशन पानी की टंकी के पास कर रहे थे। तभी नेपाल की तरफ से दो लोग आते दिखाई पड़े। पुलिस और एसएसबी के जवानों ने रोक कर पूछताछ की।



» स्मैक के साथ गिरफ्तार तस्कर साथ में पुलिस और एस एस बी के जवान।

## वायु भी शिव जी का ही दिव्य स्वरूप : रवि शंकर

### आकाश मंडल है भगवान का द्वितीय स्वरूप

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोंडा।** शहर के शारदा मैरिज लान में चल रहे 9 दिवसीय महापुराण कथा में दुसरे दिन गुरुवर रवि शंकर महाराज जी ने ब्रह्मा जी की उत्पत्ति कैसे हुई इसकी कथा सुनाई। इस दौरान उन्होंने बताया कि भगवान की कई मूर्तियां मानी गईं हैं। जिसमें अष्ट मूर्ति बड़ी दिव्य मानी गई है। अष्ट मूर्ति क्या है पृथ्वी। जिस पृथ्वी पर हम विराजमान हैं बैठे हैं घर मकान बनाते हैं। अगर पड़ोस की जगह मिल रही हो तो लालायित हो जाते हैं कि वो जगह हमें मिल जाए। वो भगवान का ही एक स्वरूप है। भगवान की मूर्ति है। इसीलिए पार्थिव पूजन में मिट्टी का प्रयोग किया जाता है। वो हाथ में मिट्टी नहीं लगती है। बल्कि उस मिट्टी के शिवलिंग में भगवान शिव के प्रथम स्वरूप का दर्शन होता है और आप भगवान की भक्ति से जुड़ जाते हैं। रविशंकर जी कथा सुनाते हुए आकाशमंडल को भगवान का द्वितीय स्वरूप बताया। उन्होंने बताया ये जो वायु हमारे अंदर प्रवेश कर रही होती है। ये भी शिव जी का ही दिव्य स्वरूप है। जल, अग्नि ये पांच जिसे पंच महाभूत हम कहते हैं। ये भगवान शंकर के मूर्त स्वरूप हैं। इन्हें अष्ट मूर्ति कहा गया है। गुरु जी ने बताया कि हम लोग कहते हैं कि भगवान कहां हैं। उन्हीं शिव जी के आठ मूर्तियों में से सात मूर्तियों का प्रत्यक्ष दर्शन जीव करता है। और आठवें मूर्ति का एहसास करता है। कथा के दौरान बीच-बीच में भजन गायक शिवा शुक्ला और राघव पंडित अपनी टीम के साथ भजनों के गंगा की निर्मल धारा प्रवाह करते रहे।



महापुराण कथा कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु

## नहर के किनारे मिला अज्ञात महिला का शव

**बहराइच।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के हाडा बसहरी नहर के पास मंगलवार शाम को एक अज्ञात युवती का शव मिला है। पुलिस ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बहराइच जिले के कोतवाली नानपारा अंतर्गत हांडा बसहरी गांव के निकट से सरयू नहर की शाखा निकली है। मंगलवार रात आठ बजे के आसपास कुछ लोगों को सड़ांध महसूस हुई। जिस पर गांव के लोग एकत्रित हुए, देखा की युवती का शव पड़ा हुआ है। युवती के शव का सिर और हाथ कटा हुआ है। युवती की उम्र 30 वर्ष के आसपास है। सूचना पर कोतवाली पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सादिक हुसैन ने मामले की तहरीर दी है।

## उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने ली शपथ

### जाति, धर्म का भेदभाव भूलकर सारे व्यापारियों को एक जुट होना है

विश्ववार्ता संवाददाता

**रुपईडीहा, बहराइच।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की रुपईडीहा शाखा का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह व व्यापारी एकता महासम्मेलन का आयोजन स्थानीय धर्मशाला में रविवार की रात सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने अपने संबोधन में कहा कि जाति, धर्म का भेदभाव भूलकर सारे व्यापारियों को एक जुट होना है। आपकी एकजुटता के आगे सरकारें भी झुकती हैं। उन्होंने भामाशाह का उदाहरण देते हुए कहा कि आज भी व्यापारी जीएसटी सहित तमाम टेक्स सरकार को देता है। हमारे आपके टैक्स से ही सरकारें चलती हैं। व्यापारी देता रहता है लेता कुछ नही। किसी व्यापारी को कोई समस्या होगी मैं आधी रात को आपके फोन पर 3 घंटों में लखनऊ से पहुंच जाऊंगा। सम्मेलन को प्रदेश महामंत्री सचिन कंछल, नानपारा के विधायक राम निवास वर्मा, बहराइच जिलाध्यक्ष कालिका प्रसाद गुप्ता आदि लोगो ने संबोधित करते हुए संगठन को जुझारू व एकताबद्ध बनाने की अपील की। रुपईडीहा शाखा के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, महामंत्री योगेंद्र शर्मा व कोषाध्यक्ष संतोष सहित कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर रुपईडीहा के पदाधिकारियों ने स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील बंसल ने किया।



पद व गोपनीयता की शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

## ग्राम गोलागंज में बाढ़ से बचाव व राहत कार्यों का होगा पूर्वाभ्यास

**बहराइच।** आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बचाव व राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से 25 जुलाई 2024 को तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम बौण्डी के सिलौटाघाट पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। मॉक ड्रिल के लिए तैयार की गई। नेपाल राष्ट्र से पानी आने के कारण बाढ़ से गॉव में पानी भर जाता है। ऐसी स्थिति में बाढ़ के दौरान बचाव व राहत कार्य से जुड़े सभी विभाग रेस्क्यू करने का पूर्वाभ्यास करेंगे।

ग्राम बौण्डी के सिलौटाघाट पर आयोजित होने वाले मॉकड्रिल की तैयारियों की समीक्षा हेतु वर्चुअली कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टेबिल टाक के दौरान राष्ट्रीय व राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के अधिकारियों तथा राहत आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि शासन के मंशानुसार सफलता पूर्वक पूर्वाभ्यास का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाय।

## एक नजर

### ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव स्थित बाण सागर नहर में मंगलवार की देर शाम ईंट लादकर जा रहा ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर बाणसागर नहर के पानी में पलट गया ट्रैक्टर चालक की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को रस्सी के सहारे नहर के पानी से बाहर निकाला।हलिया थाना क्षेत्र के हलिया पहड़ी गांव निवासी सीता राम कोल का ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली पर जिगना से ईंट लादकर सिलहटा गांव में उतरने जा रहा था कि जैसे ही सिलहटा गांव के बाणसागर नहर पर पंहुचा कि ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर बाणसागर नहर में जाकर पलट गया ट्रैक्टर चालक की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को रस्सी के सहारे नहर से बाहर निकाला हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया।

### बिच्छू के डंक से श्रमिक बीमार,पीएचसी पर उपचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव में बन रही आरसीसी सड़क निर्माण कार्य में कार्य कर रहे श्रमिक के पैर में बिच्छू ने डंक मार दिया जिससे दर्द से श्रमिक बीमार हो गया श्रमिक के साथियों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट दिनेश शुक्ल ने श्रमिक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक द्वारा उपचार करने के बाद हालत में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया है । सोनभद्र के श्रमिक 20 वर्षीय शंकर अपने कुछ साथियों के साथ हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव में बन रही आरसीसी सड़क निर्माण कार्य में कार्य करने के लिए आया है कि रात्रि में कमरे में आराम कर रहा था कि बिच्छू ने श्रमिक के पैर में डंक मार दिया जिससे श्रमिक दर्द होने पर बीमार हो गया मौके पर मौजूद साथियों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा वाहन पर दिया मौके पर सूचना मिलने पर पंहुचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट दिनेश शुक्ल ने श्रमिक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां चिकित्सक रीना पटेल ने श्रमिक का उपचार किया उपचार के बाद श्रमिक के हालत में सुधार होने पर साथियों द्वारा लेकर चले गए।

### उल्टी-दस्त से पीड़ित किसान की मंडलीय चिकित्सालय में मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** उल्टी-दस्त से पीड़ित एक किसान की मंडलीय चिकित्सालय में उपचार के दौरान मंगलवार की रात में मौत हो गई।ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव निवासी 50 वर्षीय मेवालाल उर्फ भुवर बीते शनिवार को 50 वर्षीय पत्नी कमली देवी को उल्टी-दस्त शुरू होने पर एंबुलेंस सेवा से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।साथ में गई 23 वर्षीय बहू निशा पत्नी हरिश्चंद्र की दूसरे दिन उल्टी-दस्त शुरू होने पर उसे मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। पत्नी व बहू की ती मारदारी में लगे मेवालाल की सोमवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया गया वहां से मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां पर रात में मौत हो गई।मृतक के बेटे प्रदीप ने बताया कि पिता को हार्ट और सुगर की बीमारी थी।उल्टी दस्त से पीड़ति मां और भाभी का मंडलीय चिकित्सालय में उपचार चल करवा रहे थे कि उनकी तबियत बिगड़ गई और उपचार के दौरान मौत हो गई है।मृत किसान को पांच पुत्र हैं खेती-बाड़ी कर परिवार का गुजर बसर करता था।

### कावड़ियों की सुरक्षा पर चर्चा

**खागा, फतेहपुर।** नगर के रामनगर मोहल्ले में विहिप की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने कावड़ियों के लिए जलाभिषेक आवागमन में सड़क मरम्मत करने, ट्रैक्टर ट्राली में भक्त के जाने पर पाबंदी को लेकर चर्चा की। बैठक में तय किया कि प्रशासन से मिलकर सख्ती करने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मनोज त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन ट्रैक्टर ट्राली में सवारी बैठाने को लेकर सख्ती नहीं दिखा रहा है। जिससे सड़को में खुलेआम ट्राली में सवारी भरकर गंगा स्नान करने जाते हैं। ताराचंद्र पांडेय ने कहा कि कावड़ियों की व्यवस्था चुस्त कराने को लेकर इस बार विहिप के पदाधिकारी कार्यकर्ता सड़कों में उतरकर पूरी सहायता करेंगे। बैठक में केके मिश्रा, जुगेश सोनी, नोड़ी सोनी ने अपने विचार रखे।

### कागजों में जीटी रोड बनाकर लापता हुई कार्यदाई संस्था

**फतेहपुर।** जीटी रोड के खागा नगर खंड का उल्लेख सरकारी दस्तावेजों में निर्माण कार्य पूर्व हो गया है। यह खंड, जो जिले में महत्वपूर्ण यातायात मार्ग है, स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सरकारी कागजों के अनुसार इस खंड के निर्माण और मरम्मत का कार्य एक कार्यदाई संस्था को सौंपा गया था जिसने 15 जून 2024 को ही कार्य पूर्ण कर दिया। हकीकत में निर्माण पूर्ण किए बिना कार्यदाई संस्था लापता है। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने इस मामले पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गंभीर मामला है। इस तरह की लापरवाही से न केवल जनता को असुविधा होती है, बल्कि सरकारी धन का दुरुपयोग भी हो सकता है। इस मामले की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय निवासी भी आक्रोशित हैं। एक स्थानीय व्यापारी ने कहा कि हम रोजाना इस सड़क का उपयोग करते हैं। इसकी मरम्मत न होने से हमें बहुत कठिनाई होती है। सरकार को तुरंत इस मामले का समाधान करना चाहिए।

### करंट से वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर में मंगलवार की रात पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ जाने से 61 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुर गांव निवासी रविकिरन का पुत्र पिथरी लाल मंगलवार की रात लगभग नौ बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। तभी पंखा चालू करते समय वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र प्रेमचंद्र ने दी है।

### बाइक सवार महिला की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के गौरइया माता मंदिर के सामने एनएच-2 में ट्रक की टक्कर से 60 वर्षीय बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के औरेई गांव निवासी प्रकाश नारायण की पत्नी सविता देवी अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से खागा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गौरइया माता मंदिर दर्शन के लिए गई थी। बताते हैं कि वापस लौटते समय जैसे ही वह बाइक से चलने लगी तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गह भेज दिया।

### फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम ओती में मानसिक तनाव के चलते 40 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार ओती गांव निवासी राम आसरे का पुत्र अशोक सिंह ने मंगलवार की देर शाम मानसिक तनाव के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### मशीन में आया करंट, अधेड़ घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदों में बुधवार की सुबह चारा कतरने वाली मशीन में उतर रहे करंट की चपेट में आ जाने से 50 वर्षीय अधेड़ झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हरदों निवासी देशराज का पुत्र फूल सिंह आज सुबह चारा काटने के लिए जैसे ही उसने मशीन को छुआ तभी उसमें उतर रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए पहले हरदों ले गए बाद में उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

### सर्पदंश से बिगड़ी हालत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत खेत में काम करते समय जहां एक युवक को सर्प ने डस लिया वहीं दूसरे को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के मोहलिया का पुरवा गांव निवासी संतलाल का पुत्र रंजीत सिंह बुधवार की दोपहर खेत में काम कर रहा था। तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के अयाह गांव निवासी रामपाल का 35 वर्षीय पुत्र मोतीलाल खेत में मेड़ बांध रहा था तभी उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। दोनों के परिजनों ने उन्हें सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# एएनएम के गलत इलाज से जच्चा-बच्चा की मौत

## सरकारी अस्पताल की जगह मेडिकल स्टोर में प्रसव का गोरखधंधा

» पीड़ित पति ने दर्ज कराई एफआईआर



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल व लगी भीड़।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** सरकारी अस्पताल में सेवारत एएनएम के गलत इलाज के चलते जच्चा व बच्चा की मौत हो गई। प्रसूता के पति ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग किया है।

नई तहसील के निकट स्थित पाल नगर निवासी कमलेश कुमार की पत्नी सोनी देवी 28 वर्ष आठ माह की गर्भवती थी। घर के पास स्थित श्रद्धा मेडिकल स्टोर पर दवाई ख़रीने के दौरान कोराई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एएनएम गीता उत्तम के सम्पर्क में आने व प्रसव कराने की बात कही गयी। 22 जुलाई को प्रसूता सोनी देवी गीता उत्तम को दिखाने पहुंची जिस पर एएनएम गीता उत्तम ने प्रसूता की हालत नाजुक होने व तत्काल भर्ती करने को कहा। प्रसूता के पति कमलेश ने बताया कि एएनएम के कहने पर श्रद्धा मेडिकल स्टोर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। 23 जुलाई को एएनएम ने आकर बताया कि बच्चे की मृत्यु हो चुकी है। प्रसूता को बचाने के लिये सफाई करना होगा।

उसके बाद भी प्रसूता की हालत गंभीर बताकर शहर के अंश हॉस्पिटल में भर्ती कर इलाज शुरू किया। पीड़ति पति ने बताया कि आधे घण्टे इलाज के बाद एएनएम गीता उत्तम ने प्रसूता की हालत गंभीर बताते हुए तत्काल कानपुर ले जाने को कहा।

महिला की स्थिति खराब होने पर पति को शंका होने लगी लेकिन वह इलाज के लिये कानपुर स्थित रीजेंसी हॉस्पिटल ले गया जहाँ डॉक्टरों ने प्रसूता की मौत होने की जानकारी दी। प्रसूता की मौत की ख़बर होने पर बड़ी संख्या में मोहल्ले वाले व रिश्तेदार मेडिकल स्टोर पहुँचकर हंगामा करने लगे। उधर एएनएम व संचालक मेडिकल स्टोर को ताला लगाकर फरार हो गये। पीड़ति पति ने एएनएम व मेडिकल स्टोर संचालक पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

**तीन वर्ष पहले भी एएनएम आई थी सुर्खियों में**

सरकारी अस्पताल में तैनात एएनएम गीता उत्तम तीन वर्ष पहले भी गलत इलाज को लेकर सुर्खियों में आई थी। खुद की नौकरी बचाने के लिए अधिकारियों से सेटिंग गेटिंग करके किसी तरह मामला रफा दफा कराया। जानकारों की माने तो एएनएम गीता उत्तम द्वारा मेडिकल स्टोर पर लंबे समय से प्रसव कराने का गोरखधंधा किया जा रहा है। जिसकी खबर स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भी होगी लेकिन एएनएम के रसूख व सिस्टम के चलते कभी कार्रवाई नहीं हुई।

# एक हफ्ते से जला ट्रांसफार्मर नहीं लगा, ग्रामीण पानी के लिये परेशान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में आए दिन ट्रांसफार्मर जल रहे हैं लेकिन बदलवाने के लिए विभाग के पास समय नहीं है किसान खुद निजी खर्चे पर ट्रांसफार्मर लेकर इधर से उधर घूम रहे हैं लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं मिल रहा है। राजगढ़ पावर हाउस के जेई का मोबाइल स्विच ऑफ है।

जब पावर हाउस के मड़िहान एसडीओ से बात हुई तो उन्होंने कहा कि पहले कनेक्शन बताइए उसके बाद देखा जाएगा आप कितना बिजली का बिल देते हैं कितना नहीं देते हैं उसी हिसाब से ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा बेतुका बयान एक अधिकारी होते हुए इस तरह का बयान दे रहे हैं। इसके अलावा किसानों को इसके अलावा किसानों को पशुओं को पानी पिलाने की बहुत ज्यादा दिक्कत हो रही है और खुद भी पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है 72 घंटे के अंदर जला हुआ ट्रांसफर बदलकर नए लगाए जाना चाहिए लेकिन सभी अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं।अगर ऐसे ही चला रहा तो सही सूख जाएगी। किसान कृष्ण कुमार सुनील कुमार गंगा सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगते ही जल जा रहा है इसका लोड नहीं बढ़ाया जा रहा है कनेक्शन है 30 और ट्रांसफार्मर लगा है 25 केवी का। यहां पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है जो न कही साबित हो रहा है लो वोल्टेज की समस्या से निजात नहीं मिल रही है और 2 महीने के भीतर यह जल जा रहा है यहां पर भी लोड बढ़ाने की समस्या हो रही है लेकिन विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन लोड नहीं बढ़ाया गया। जब भी जले हुए ट्रांसफार्मर के लिए कंप्लेंट किया जाता है तो उसके बाद बिजली विभाग के अधिकारी ट्रांसफार्मर भी मांगना उचित नहीं समझते हैं और किसान खुद निजी खर्चे से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करता है। राजगढ़ मड़िहान क्षेत्र के विद्युत पावर हाउस के एसडीओ ने बताया कि पहले कनेक्शन बताइए आप कितना बिजली का बिल देते हैं उसी हिसाब से ट्रांसफार्मर आएगा।

# पति से झगड़ पुल से पत्नी ने लगाई छलांग

» पुलिस ने मछुआरों की मदद से सकुशल बचाया



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**विजयीपुर, फतेहपुर।** किशनपुर दादों यमुना ओवर ब्रिज में बुधवार सुबह घर से झगड़ा कर एक महिला ने छलांग लगा दी जिसको मछुआरों की मदद से पुलिस ने बाहर निकाल लिया परंतु महिला को गंभीर चोट आई है। जिसको पुलिस ने इलाज के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार किशनपुर कस्बा के वार्ड नंबर 4 निवासी अखिलेश निर्मल व उसकी पत्नी ममता देवी के बीच विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई जिसके बाद नाराज ममता ने पास के किशनपुर दादों यमुना ओवर ब्रिज पहुंची जहां से यमुना नदी में छलांग लगा दी। यह देख राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दिया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मछुआरा शंकर निषाद की मदद से तुरंत नाव से महिला के पास पहुंचकर उसे सकुशल बाहर निकाल लिया परंतु यमुना में पानी कम होने के कारण महिला को गंभीर चोट बताई जा रही है जिसको इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# यमराज के पंजे से महिला ने बचाया अपना सुहाग

» मौत के मुहाने पर था पति, कलयुग की सावित्री ने नहीं मानी हार



लाल घेरे में हाईटेंशन लाइन पर चढ़े पति को बचाने के लिए टावर पर चढ़ी पत्नी।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** सुहाग बचाने के लिये एक महिला ने अपनी जान की परवाह किये बिना मौत के पंजे से अपने पति को वापस लाते हुए अपने ही सुहाग की रक्षा कर नारी सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया। किशनपुर थाना क्षेत्र के इटरौरा गांव निवासी पति पप्पू-पत्नी केसिया में मामूली बात को लेकर आपस मे झगड़ा हो गया। बात बिगड़ने पर पति हाई टेंशन की लाइन पर चढ़ गया।

काफी देर मान मनव्वल के बाद भी जब पति टावर से नीचे नही उतरा तो पत्नी भी टावर पर चढ़ गई और पति को समझाकर आखिर नीचे उतरने में कामयाब हो गयी। पति और पत्नी के नीचे उतरने के बाद मौजूद ग़ांव वालो के साथ साथ विद्युत व विद्युत विभाग के अफसरों ने भी राहत की सांस ली। वही महिला के जज़्बे की हर जगह जमकर सराहना हो रही है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मंडैयन गांव निवासी पप्पू निषाद अपनी ससुराल परान का डेरा मजरा लोधौरा गया था जहां किसी बात को लेकर पत्नी केसिया देवी से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद पप्पू ने जमकर शराब पी और शराब के नशे में इटरौरा बिजली के हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया और इन्सुलेटर पर बैठ गया।

उधर पत्नी केसरिया भी रोती चिल्लाती मनुहार करती रही। काफी देर हाई वोल्टेज ड्रामा देख राहगीरो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस भी काफी समझाती रही। लेकिन पप्पू उतरने का नाम नही ले रहा था। शराब के नशे की हालात में पति को इंसुलेटर पर बैठा देखकर पत्नी केसिया से रहा नही गया और वह भी टावर पर चढ़ गई और पति पप्पू को समझाने लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम के साथ खागा सीओ बृजमोहन राय भी मौके पर पहुँचे व उतारने की कोशिश में लग गये।

इस बीच सूचना पर विद्युत विभाग के अफसरों ने भी पहुँचकर पावर हाउस से बात कर लाइन को बन्द करवाया। पत्नी के समझाने के बाद रात्रि ग्यारह बजे फायर ब्रिगेड की टीम के सहयोग से पप्पू को हाई टेंशन लाइन से नीचे नहीं उतारा जा सका। वही पत्नी केसिया देवी के विद्युत लाइन पर चढ़कर पति पप्पू की जान बचाने की कोशिश की जमकर सराहना हो रही है। लोग उसे कलयुग की सावित्री तक बता रहे है।

# श्यामकोल के हत्यारे तत्काल गिरफ्तार हों : माले





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के में माले कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया।भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) और अखिल भारती खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओ ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्यामकोल के हत्यारों को गिरफ्तार करों, हत्यारो को बचाने के लिए घटना की लीपापोती बंद करों, हत्यारे तीन महीने बाद भी गिरफ्तार क्यों नही जिला प्रशासन जबाव दो, आदि नारों के साथ ददरा बाजार से राजगढ. थाने तक प्रतिवाद मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अभी तक ना तो गिरफ्तारी की गई है और ना ही मामला दर्ज हो पाया है। थाने के सामने प्रतिवाद सभा को सबोधित करते हुए भाकपा( माले) के जिला सचिव रामप्यारे भारती ने कहा कि, अपराधी माफियाओ जगह जेल मे कब होगी। कोई कितना भी ताकतवर अपराधी होगा वह खुली हवा में सांस नही लेगा, उसकी जगह जेल की सलाखों में होगी दावे के साथ कानून के राज का ढिढोरा पीटने वाली योगी राज में अपराध की घटनाएं रोज रोज बढ़ रही है।

क्योकि पुलिस अपराधियों को ठंढे दिमाग से बचा रही है हत्या तथा गैगरेप, लूट और अपहरण जैसेगंभीर मामले के आरोपियो हर घटना में मोटी रकम लेकर बचाया जा रहा है। राजगढ़ थाना क्षेत्र के रैकरा गांव इसका उदाहरण है श्यामकोल के हत्यारे आज तक गिरफ्तार नही हुए बल्की हत्यारो को बचाने के लिए राजगढ. पुलिस आत्महत्या करार देकर मामले मे लीपापोती कर रही है। पुलिस का यह कदम अपराध को बढावा देने वाला, अपराधियों का मनोबल बढाने वाला है ।

उन्होने कहा कि इसलिए प्रदेश में हत्या गैगरेप और लूट, बलात्कार की घटनाओ का ग्राफ तेजी से बढ. रहा है दूसरी ओर कोर्ट मे सरकार की कमजोर और लचर पैरबी के चलते सौ मामले में केवल दस को ही सजा मिल रही है। उन्होने कहा श्यामकोल के हत्यारो, को पुलिस बचाना बंद करे.मामले की निष्पक्ष जांच कराकर, घटना का सच सामने लाये हत्यारे जेल भेजे जाय। खेग्रामस जिलाध्मक्ष जीरा भारती ने संबोधित करते हुए कहा कि भांवा मुसहर बस्ती में सामंती रोज रोज आकर गाली गलौज कर गोली मारने की धमकी दे रहे है। मुसहर बस्ती के लोग दहशत में कभी भी किसी के घर में घुस जाना मारपीट देना आये दिन की बात हो गयी है ।पुलिस से दलित एक्ट का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई, वही खोराडीह में छैबर वनबासी के लडको को मारपीट कर मनबढ. लोगो ने घायल कर दिया। थाना दबंगो के पक्ष में खडा होकर पुलिस परेशान कर रही है ।दलितों गरीबों की थाने में कोई सुनवाई नही हो रही है। रिपोर्ट दर्जकर गिरफ्तार करने की मांग उठाई।

प्रतिवाद सभा को ओमप्रकाश पटेल, रामकृपाल, बच्चूलाल, उमाशंकर, मीना कोल, राजकुमारी कोल, चुन्नीलाल, दिनेश कुमार बिन्द, मनोज कुमार, रामाधार गुप्ता, छैबर, वनवासी, रामजी वनवासी, अमृत कोल, बसंतकोल ने संबोधित किया अध्यक्षता किसान नेता रबिशंकर और संचालन अमरेशचंद भारती ने किया।

# बुलडोजर से बिल्डिंग गिराने वाले अधिकारी नहीं उखाड़ पा रहे धान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**खागा, फतेहपुर।** प्रशासनिक अधिकारी अपने अधिकारों का सही प्रयोग करें तो नियम विरुद्ध कुछ भी नहीं हो सकता है। अधिकारियों का अभयदान मिल जाए तो कोई भी अवैध काम आसान बन जाता है। विगत दिनों प्रशासनिक अनदेखी से पाई गांव में हुई घटना हम देख, सुन चुके हैं। इसके बावजूद अधिकारियों की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है।

धाता विकास खंड के पौली गांव निवासिनी विधवा, भाइयों द्वारा कब्जा की गई भूमिधरी वापस पाने के लिए आला-अधिकारियों के चक्कर लगाते थक चुकी हैं। सवाल खड़ा होता है कि जिन खेतों पर वर्षों तक महिला का कब्जा था, अचानक फर्जीवाड़ा करके उसके सगे भाई कब्जा कर लेते हैं। विधवा अपने बेटे के साथ प्रयागराज में रहती हैं। चार बीघा खेतों पर फसल बुवाई के लिए महिला जब गांव जाती हैं, तब उन्हें खेतों पर कब्जा होने की जानकारी लगती है। भाइयों के बारे में महिला ने बताया कि एक दिन गांव से दोनों भाई उन्हें विधवा पेंशन बनवाने के लिए खागा तहसील लेकर आए थे। जिनमें अंगूठा, हस्ताक्षर बनवाकर जमीन हड़पने की साजिश रच डाली।

विगत दो महीने से विधवा उर्मिला देवी अपने बेटे को साथ लेकर अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई तथा जमीन वापस दिलाने की गुहार लगा रही हैं। अधिकारी हैं कि धान की फसल उखाड़ने में खुद को असमर्थ बताकर विधवा को वापस लौटा देते हैं। एसडीएम खागा अजय कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त प्रकरण संज्ञान में है। जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालय प्रबंध तंत्र के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** एक महिला ने विद्यालय प्रबंध तंत्र पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर प्रधानाचार्य व प्रबंधक पर कार्रवाई करते हुए उनके पुत्र को विद्यालय में पढ़ाते हेतु आदेशित किए जाने की गुहार लगाई है।

शहर के राधानगर अंदौली पुलिया निवासी प्रीति सिंह पत्नी बृजेश सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसका पुत्र अंश सिंह अंदौली रोड स्थित एक स्कूल में पढ़ता है। प्रतिवर्ष फीस दी जाती है। इसके बावजूद मनमाने ढंग से कापी-किताबें व पढ़ाई से संबंधित सामग्री विद्यालय के लाभ वाली व यूनीफार्म को खरीदने के लिए प्रबंधक दबाव बनाते हैं। फीस विलंब होने पर बच्चे को प्रताड़ति करते हैं। जिससे बच्चा मानसिक अवसाद में हो जाता है। बताया कि चैबीस जुलाई को उसके पुत्र को सभी बच्चों के सामने बेइज्जत करके भगा दिया।

उन्होने आरोप लगाया कि फीस जमा की रसीद व ब्योरा भी विद्यालय की ओर से नहीं दिया जाता है। उन्होने प्रबंधक व प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके पुत्र को उसी स्कूल में पढ़ाने हेतु आदेशित किए जाने की मांग की है। इस मौके पर सुनैना विश्वकर्मा, कीर्ति दीक्षित, विमला तिवारी, बृजेश सिंह, रावेंद्र, शैलेंद्र, अनुराग भी मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में बुधवार की दोपहर से हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं किसानों को धान की रोपाई करने के लिए बारिश का पानी खेतों में जमा हो गया है जिससे किसान अपने धान की रोपाई करने के लिए खेतों में जुट गए हैं। बारिश नहीं होने से किसानों को नहर के पानी पर धान की रोपाई करने के लिए आश्रित रहना पड़ रहा था।

जिसमें किसानों की धान की रोपाई पिछड़ रही थी लेकिन झमाझम बारिश होने से किसानों को बारिश का पानी फायदे मंद साबित हो रहा है।बारिश से जहां खेतों में पानी जमा हो गया वहीं सड़कों पर भी पानी चलने लगा है।बारिश के पानी से सड़क मार्ग पर चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षेत्रीय किसानों का कहना कि बारिश का पानी धान की रोपाई करने के लिए फायदेमंद है लेकिन दलहनी व तिलहनी फसलों के लिए नुकसानदायक भी है।

# प्रत्युष त्रिपाठी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र के लालपुर निवासी प्रत्युष त्रिपाठी को प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर उत्कृष्ट कार्य हेतु इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नईं दिल्ली में बुधवार को वर्ल्ड कल्चर एंड एन्वायरमेंट प्रोटेक्शन कमीशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिष्णु प्रसाद बराल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के उपाध्यक्ष, कत गीता प्राचार्य हंसराज स्नातकोत्तर महाविद्यालय दिल्ली श्री आचार्य क्त येशी फुंटसोक निर्वासित तिब्बती संसद के उपाध्यक्ष डब्ल्यूसीएईपीसी के बोर्ड सलाहकार, एवम कुलपति तिब्बती विश्वविद्यालय। प्रत्युष त्रिपाठी पिछले 10 वर्ष से सोनभद्र के दुद्धी म्योरपुर और बभनी विकासखंड प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर कार्य कर रहे है जो की अब वर्तमान में विधान संस्था के सचिव के पद पर हैं। पिछले 10 वर्षो से आप नाबार्ड कीवाडी (बगीचा) एवं जलागम परियोजना पर कार्य कर रहे हैं जिसमे आजीविका आधारित वृक्षारोपण, भूमि सुधार और भुगर्भ जल को संरक्षित करने तथा पुनर्भरण पर पूरी तकनीकी विशेषज्ञता के साथ कार्य कर रहे है जो जिसका असर अब दिखने भी लगा है।

गांवों में भुगर्भ जल में सुधार के साथ 1000 हेक्टेयर से अधिक असिंचित भूमि को सिंचित भूमि के रूप में सुधार हुआ। आदिवासी समुदाय के विकास के लिए 1500 से अधिक आदिवासी परिवारो के बेकार पड़ी हुई अनुपजाऊ भूमि पर आम अमरुद ईत्यादि के बागीचे का भी विकास कराया गया। अब तक लगभग 100000 से अधिक फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण व संरक्षण करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में करवा रहे हैं। क्षेत्र के उमेश पांडेय, कृपाशंकर चतुर्वेदी, नीरज पांडेय, राही पांडेय, अनिल पांडेय, अजय यादव, दिलीप पाठक, सुरेंद्र त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, आशीष पाठक, विनय पाठक आदि ने प्रत्युष को बधाई दी।

**मायूसी** इस बजट से हर वर्ग को हाथ लगी निराशा

# मध्यमवर्गीय व्यापारियों का बजट में नहीं दिया गया ध्यानः मनोज



व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज साहू व साथ में नगर अध्यक्ष एवं संरक्षक।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** केंद्र सरकार का पहला बजट घोषित होने के बाद से लगातार प्रतिक्रियाओं का दौर चल रहा है। बुधवार को उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में मध्यमवर्गीय व्यापारियों का ध्यान नहीं दिया गया है। बजट से हर वर्ग को निराशा हाथ लगी है।

शहर के पक्का तालाब स्थित एक परिसर में संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि छोटे और मध्यमवर्गीय व्यापारियों का बजट में कोई ध्यान नहीं दिया गया है। वर्तमान में ऑनलाइन दुकानों के कारण प्रत्येक माह कई व्यापारी अपनी दुकान बंद करने को मजबूर हो रहे हैं। जिसका प्रमुख कारण जीएसटी और कमर्शियल कनेक्शन, विभिन्न प्रकार के लाइसेंस हैं। एक परचून या पान की दुकान का भी कमर्शियल कनेक्शन है जिससे उसके ऊपर आर्थिक बोझ पहले ही इतना हो जाता है कि वह अपने खर्चे नहीं निकाल पा रहा है। दूसरी तरफ ऑनलाइन सामानों की बिक्री मूल्य में इतना भारी अंतर होता है कि स्थानीय व्यापारी की कमर टूट जाती है। सरकार ने इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जिसकी अत्यंत जरूरत थी।

नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि बजट से हर वर्ग को निराशा हाथ लगी है। किसानों की उर्वरक सब्सिडी में कमी, एलपीजी सब्सिडी में कमी, सरकारी नौकरी की कोई घोषणा नहीं, युवा को इंटर्नशिप के बाद के भविष्य में कोई चर्चा नहीं, ये कुछ बिंदु है जिससे बजट भ्रमित करने वाला महसूस हो रहा है। सरकार ने गरीब महिलाएं युवा व किसान की चार जातियों पर फोकस करने की बात कही है परंतु कहीं न कहीं उनके हित भी इस बजट से प्रभावित हो रहे हैं।

जिला संरक्षक श्रवण कुमार दीक्षित ने कहा कि आम एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह बजट कोई खास नहीं है। इनकम टैक्स में कुछ छूट देने से सरकारी कर्मचारी एवं पेंशन भोगी लोगों की बचत में थोड़ा सा फर्क पड़ सकता है। व्यापारी हित में लोन का दायरा बढ़ाने से भी लाभ दिखता प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि बैंक लोन देने में बहुत आना-कानी करते हैं। जिसके सरलीकरण हेतु सरकार को एकल खिड़की व्यवस्था का बनाना जरूरी है।

# गोल्ड व सिल्वर पर कस्टम ड्यूटी घटी, जताया हर्ष

**फतेहपुर।** केंद्र सरकार के पहले बजट में गोल्ड व सिल्वर पर कस्टम ड्यूटी आधी किए जाने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री व वित्त राज्यमंत्री का आभार जताया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने कहा कि आम बजट में केंद्र सरकार ने छोटे व मध्यम वर्गीय सर्राफा व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर गोल्ड व सिल्वर पर कस्टम ड्यूटी 12.5 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दी है। जो एक अति लाभकारी व हितैषी पहल सरकार द्वारा ली गई है। आम बजट में वर्गी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होने कहा कि इस बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्यमंत्री पंकज चैधरी का धन्यवाद व आभार जताया।

# अमेरिका और चिली बोर्ड को मिला नोटिस

## श्रीलंका में हुई ICC की एनुअल कॉन्फ्रेंस

एजेंसी

**कोलंबो।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने श्रीलंका में एनुअल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। चार दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में ICC के 108 सदस्यों ने भाग लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में में टी-20 वर्ल्ड कप कराना ICC के लिए घाटे का सौदा रहा है। टूर्नामेंट के दौरान बजट से ज्यादा पैसा वहां पर खर्च हुआ। ऐसे में ICC की मीटिंग में इसको लेकर भी तीन सदस्यों की कमेटी बनाई गई हैं। इसमें रॉजर त्वोसे, लॉसन नाइडू और इमरान ख्वाजा शामिल हैं। यह कमेटी साल के आखिर तक वर्ल्ड कप को लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। ICC मीटिंग में यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) चेयरमैन मोहसिन नकवी पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली

### » चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के पाकिस्तान जाने को लेकर कोई बात नहीं

चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर BCCI सचिव जय शाह से बात कर सकते हैं। मगर इसको लेकर दोनों बोर्ड के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। पाकिस्तान में अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी होनी है, जिसके लिए 6 टीमों ने तो पाकिस्तान जाने के लिए सहमति दे दी है, लेकिन भारतीय टीम के जाने को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। ऐसे में टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में हो सकता है। ICC मीटिंग में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई। इसमें सिर्फ चैंपियन ट्रॉफी 2025 का बजट पास हुआ। ICC की मीटिंग में दो क्रिकेट बोर्ड को नोटिस देने का फैसला भी लिया गया।



# सूर्यकुमार के नेतृत्व में खेलेगी टीम इंडिया

## भारत–श्रीलंका टी20 : हार्दिक को नहीं मिली कप्तानी तो भड़के श्रीकांत, गंभीर–अगरकर के बयान पर जताई नाराजगी

एजेंसी

**पाल्लेकल (श्रीलंका)।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का आगाज 27 जुलाई को होगा। भारतीय टीम पल्लेकेले पहुंच चुकी है और प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहा रही है। इस बीच पूर्व मुख्य चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत ने हार्दिक पांड्या को कप्तानी नहीं सौंपने को लेकर गंभीर और अगरकर के तर्क पर असहमति जताई है।

आगामी टी20 सीरीज में टीम इंडिया सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में खेलती नजर आएगी। इसकी घोषणा हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने की थी। हालांकि, रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद माना जा रहा था कि हार्दिक पांड्या को टी20 टीम की कमान सौंपी जा सकती है, लेकिन बोर्ड के फैसले ने प्रशंसकों को चौंका दिया। वहीं, 22 जुलाई (सोमवार) को श्रीलंका के खिलाफ रवाना होने से पहले टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने इस फैसले की वजह का खुलासा किया था। अगरकर ने बताया था कि हार्दिक की फिटनेस और सूर्यकुमार यादव को लेकर ड्रेसिंग रूम से मिले फीडबैक को ध्यान में रखते हुए टी20 क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज सूर्या को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। हालांकि, पूर्व मुख्य चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत ने इस तर्क से असहमति जताई। उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि वे ड्रेसिंग रूम के फीडबैक से गए हैं। यह शायद आईपीएल से आया होगा। फिटनेस एक ऐसी चीज है जिससे मैं सहमत नहीं हूं। उन्होंने पूरा आईपीएल खेला। उन्होंने गेंदबाजी भी की। हां, हो सकता है कि उन्होंने (आईपीएल में) अच्छा प्रदर्शन न किया हो। यह एक और मुद्दा है। मुंबई इंडियंस क्वालिफाई नहीं कर पाई। विश्व कप में, वह उप-कप्तान थे और उन्होंने अच्छा खेला। इसलिए, फिटनेस एक ऐसी चीज है जिससे मैं सहमत नहीं हूं। अजीत अगरकर ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया था कि उन्हें नेतृत्व कौशल के बारे में ड्रेसिंग रूम से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। हालांकि, श्रीकांत ने इस तर्क पर सहमत नहीं जताई। उन्हें कहा, सूर्यकुमार एक बेहतरीन कप्तान हो सकते हैं, लेकिन ड्रेसिंग रूम से प्रतिक्रिया? मैं इसे समझ नहीं पा रहा हूं। हां, सूर्यकुमार में कप्तान बनने के गुण हैं। मैं इससे सहमत हूं। वह एक बहुत अच्छे कप्तान साबित हो सकते हैं। लेकिन हार्दिक पांड्या को कप्तान के रूप में हटाने के कारण तर्क के मामले में गोलमोल हैं।



### गंभीर की देखरेख में भारतीय टीम ने श्रीलंका में शुरू किया अभ्यास

नये मुख्य कोच गौतम गंभीर की देख रेख में भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले यहां अपने शुरूआती अभ्यास सत्र में मैदान पर उतरी। दिग्गज राहुल द्रविड़ की जगह कोच बने गंभीर ने मैदान पर टीम का नेतृत्व किया और अभ्यास सत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने हलका अभ्यास किया जिसमें क्षेत्ररक्षण अभ्यास, दौड़ने और गेंद को पकड़ने का अभ्यास शामिल था। इस दौरान टीम के खिलाड़ी टी 20 अंतरराष्ट्रीय टीम के नये कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ बातचीत करते देखे गये। गंभीर ने बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे संजू सैमसन के साथ बातचीत करने के बाद मैदान पर हरफनमौला शिवम दुबे के साथ समय बिताया। भारत के पूर्व हरफनमौला अभिषेक नायर और नीदरलैंड के बल्लेबाज रयान टेन डोशेट श्रीलंका दौरे के लिए गंभीर के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। इन तीनों ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल 2024 खिताब दिलाने के लिए सहयोग किया था। राष्ट्रीय टीम के साथ उनका पहला कार्य 27 जुलाई को टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा जिसके बाद तीन वनडे मैच होंगे। द्रविड़ के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप टीम के साथ बने हुए है। इसके अतिरिक्त, बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से जुड़े साईराज बहुतुले इस दौरे में अंतरिम गेंदबाजी कोच के रूप में काम करेंगे।

**'रायन' के प्री-रिलीज पर धनुष बोले-**

# जूनियर एनटीआर के साथ काम करने की इच्छा जताई



इस साल 'कैप्टन मिलर' जैसी सक्सेसफुल फिल्म देने के बाद अब धनुष फिल्म 'रायन' के साथ बतौर डायरेक्टर कमबैक करने जा रहे हैं। 26 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में धनुष टाइटल रोल भी प्ले करते नजर आएंगे। मेकर्स ने रविवार को हैदराबाद में फिल्म का एक प्री–रिलीज इवेंट होस्ट किया। इस इवेंट में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही। इवेंट में जब एंकर ने धनुष से पूछा कि वो एक मल्टीस्टारर फिल्म में महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, राम चरण और अल्लू अर्जुन में से किसके साथ काम करना चाहेंगे? तो धनुष ने जूनियर एनटीआर का नाम लिया। वहीं जब धनुष से पूछा गया कि तेलुगु सिनेमा में उनका फेवरेट एक्टर कौन है। तो धनुष ने कहा, मैं जवाब दूंगा पर बाकी फैंस से रिक्वेस्ट है कि वो मुझसे नफरत ना करें। मुझे सिनेमा और पवन कल्याण सर से प्यार है।' धनुष का जवाब सुनकर इवेंट में मौजूद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए। इवेंट में प्रकाश राज भी मौजूद रहे जो फिल्म 'रायन' में अहम रोल में नजर आएंगे। उन्होंने स्टेज से धनुष की एक्टिंग और फिल्ममेकिंग की जमकर तारीफ की। इस मौके पर उन्होंने यह भी अनाउंस किया कि धनुष की अगली डायरेक्टोरियल फिल्म में वो नित्या मेनन के साथ नजर आएंगे। वर्कफ्रंट पर धनुष इस वक्त इलैयाराजा की बायोपिक पर बिजी हैं। इसके अलावा बॉलीवुड में वो आनंद एल राय के साथ तीसरी बार फिल्म 'तेरे इश्क में' पर भी काम कर रहे हैं।

## मिर्जापुर की गोलू बन पॉपुलर हुईं श्वेता त्रिपाठी



5 जुलाई को सीरीज मिर्जापुर 3 अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई है। सीरीज की हर तरफ चर्चा हो रही है। लेकिन गोलू के किरदार को दर्शक सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस किरदार को श्वेता त्रिपाठी ने निभाया है। सीरीज की रिलीज के बाद श्वेता ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक्टिंग में आने से पहले वे जर्नलिस्ट थीं। इसके बाद वॉयस ओवर और कास्टिंग का भी काम किया। फिर श्वेता का एक्टिंग फील्ड में आना हुआ। अब तो घर–घर में नाम हो गया है। जहां भी जाती हूं, लोग गोलू दीदी, गोलू डॉन कहकर पुकारते हैं। ये सब देख कर बहुत अच्छा लगता है। इस तरह के निक नेम को सुन कर अपनापन सा महसूस होता है। सबसे ज्यादा मजा एयरपोर्ट पर आता है। जब ID चेकिंग के दौरान ऑफिसर्स कहते हैं– अरे आप तो गजगामिनी हैं। ये देख खुशी होती है कि नेता से लेकर ऑफिसर रैंक के अधिकारी भी इस सीरीज को देख रहे हैं। हमारी एक दोस्त हैं। उनकी 62 साल की मां प्रिंसिपल हैं। उन्होंने सीरीज का पिछला दोनों सीजन नहीं देखा था। तीसरा सीजन आने वाला था तो उन्होंने बेटी के साथ पुराना दोनों सीजन देखना शुरू किया। उन्होंने सीरीज को देख कर कहा– थोड़ा गंदा है, लेकिन बहुत अच्छा है। ये देख कर बहुत खुशी होती है कि हम इस सीरीज के माध्यम से 18 साल की उम्र से लेकर 62 साल के लोगों को भी एंटरटेन कर पा रहे हैं। हम ये मानते हैं कि सीरीज में गालियां हैं, खून–खराब वाले सीन्स हैं, लेकिन ये सारी चीजें स्टोरी टेलिंग के लिहाज से बहुत जरूरी हैं। हम जिस समाज में रहते हैं, यहां भी तो बुराइयां हैं, दुख–दर्द है इसलिए ये सिनेमा में दिखाने से शर्माना नहीं चाहिए।

**सालाना आधार पर 36% बढ़ा, निवेश से आय 19,283; एक साल में 23.95% चढ़ा शेयर**

# एसबीआई लाइफ को पहली तिमाही में 520 करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**मुंबई।** इंश्योरेंस कंपनी SBI लाइफ ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 519.52 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। सालाना आधार पर इसमें 36.34% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही यानी Q1FY24 में कंपनी ने 381.04 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था।

इस दौरान कंपनी का नेट प्रीमियम इनकम अप्रैल-जून 2023 के मुकाबले 15% बढ़कर 15,105 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले कंपनी की प्रीमियम से कमाई 13,104 करोड़ रुपए थी। वहीं, इन्वेस्टमेंट यानी निवेश से कमाई 32.27% बढ़कर 19,283.50 करोड़ रुपए रही। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 के मुकाबले SBI लाइफ का शुद्ध मुनाफा 35.92% कम हुआ है। पिछली तिमाही में कंपनी ने 810.80 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। इसी तरह, प्रीमियम से होने वाली कमाई भी करीब 40% कम हुई है। Q4FY24 में यह 25,116.47 करोड़ रुपए था। जून तिमाही के अंत में एसेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) 26% बढ़कर 4.14 लाख करोड़ रुपए हो गई। नए बिजनेस की वैल्यू (VoNB) 12% बढ़कर 970 करोड़ रुपए रही। सॉल्वेंसी रेश्यो पिछले साल के 2.15% से घटकर 2.01% हो गया। यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (Ulips) का टोटल प्रोडक्ट मिक्स में 61% हिस्सा रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 53% था। अप्रैल-जून 2024 के दौरान न्यू बिजनेस सालाना आधार पर 13% बढ़कर 7,030 करोड़ रुपए हो गया। रिन्यूअल प्रीमियम सालाना आधार पर 16% बढ़कर 8,540 करोड़ रुपए हो गया। SBI लाइफ का शेयर आज (24 जुलाई) 2.37% चढ़कर 1,632 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी के शेयर ने पिछले 5 दिन में 0.65%, एक महीने में 12.38%, 6 महीने में 15.75% और एक साल में 23.95% का रिटर्न दिया है। केवल इस साल की बात करें (1 जनवरी से अब तक) तो SBI लाइफ का शेयर 14.00% चढ़ा है। SBI लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड स्टेट को बैंक ऑफ इंडिया (SBI) और फ्रांस की फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन BNP पारिबा कार्डिफ के बीच एक जॉइंट वेंचर रूप में शुरू किया गया था। इसकी शुरुआत अक्टूबर 2000 में हुई थी। फिलहाल कंपनी में SBI की 55.50% और BNP की 0.22% हिस्सेदारी है। SBI लाइफ के देशभर में 1,040 ऑफिस, 23,893 कर्मचारी, 246,078 एजेंट्स के अलावा 77 कॉर्पोरेट पार्टनर्स हैं। कंपनी के 14 बैंक अश्योरेंस पार्टनर्स, 40,000 से ज्यादा पार्टनर और 143 ब्रोकर्स का नेटवर्क है। कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.64 लाख करोड़ रुपए है।




# 32 साल की सेलेना गोमेज 6.7 हजार करोड़ की मालकिन

**अमेरिकन** एक्ट्रेस और सिंगर सेलेना गोमेज का आज 32वां बर्थडे है। इतनी कम उम्र में ही सेलेना ने कई बड़े अचीवमेंट्स अपने नाम किए हैं। उनके नाम 16 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी हैं। इसके अलावा वे 425 मिलियन फॉलोअर्स के साथ इंस्टाग्राम पर दुनिया की तीसरे सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली सेलेब हैं। 2017 में सेलेना का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। वो ल्यूपस नाम की बीमारी से जूझते हुए डिप्रेशन में भी रहीं और बाइपोलर डिसऑर्डर से भी जूझीं। कभी तंगहाली में बचपन बिताने वाली सेलेना की नेटवर्थ आज 800 मिलियन डॉलर, यानी करीब 6 हजार 698 करोड़ रुपए है। यह बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण से कई गुना ज्यादा है। सेलेना का जन्म 22 जुलाई, 1992 को अमेरिका के टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी शहर में हुआ था। उनके पिता रिकार्डो जोएल गोमेज मीडिया पर्सन और मां मैंडी टीफी स्टेज एक्ट्रेस रह चुकी हैं। सेलेना का नाम सिंगर सेलेना क्विंटनीला के नाम पर रखा गया था जिनका 1995 में निधन हो गया था। सेलेना जब पांच साल की थीं, तब उनके पेरेंट्स का तलाक हो गया था, जिसके बाद से वो अपनी मां के साथ रहती हैं। सेलेना ने होम स्कूलिंग से अपनी पढ़ाई की थी। सेलेना जब पैदा हुईं तब उनकी मां सिर्फ 16 साल की थीं। सेलेना का पूरा बचपन तंगहाली में बीता। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा था, 'मैं फ्रस्ट्रेट हो गई थी क्योंकि मेरे पेरेंट्स साथ नहीं थे। मां मेरे जीवन को बेहतर बनाने के लिए बहुत मेहनत करती थीं। 16 साल की उम्र में बेटी की रिस्पॉन्सिबिलिटी उठाना आसान नहीं होता, पर उन्होंने मेरे लिए अपनी पूरी लाइफ सैक्रिफाइस कर दी। अपनी मां को स्टेज प्रोडक्शन का काम करते देख सेलेना को भी एंटरटेनमेंट फील्ड में इंट्रेस्ट आने लगा। 2002 में उन्होंने चिल्ड्रन टीवी सीरीज 'बार्नी एंड फ्रेंड्स' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

दो साल तक यह शो करने के साथ-साथ सेलेना 'स्पाई किड्स 3', 'वॉकर' और 'टेक्सास रेंजर' जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। सेलेना ने इसके अलावा डिज्नी चैनल के फेमस शो 'हैना मॉन्टेना' में भी काम किया। बतौर एक्ट्रेस सेलेना को पहचान मिली 2007 में शुरू हुए डिज्नी चैनल के ही शो 'विजार्ड्स ऑफ वेवर्ली प्लेस' से जिसमें उन्होंने लीड रोल प्ले किया। शो में एलेक्स रूसो के लीड कैरेक्टर ने सेलेना को टीन आइडल बना दिया। कुछ दिनों बाद वे सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टीवी चाइल्ड स्टार्स में से एक बन गईं। उन्हें एक एपिसोड के लिए 25 से 30 हजार US डॉलर, यानी 20 से 25 लाख रुपए मिलने लगे। इसी शो ने उन्हें कई अवॉर्ड भी दिलाए।



**इमोशनल होकर बोले– अब कंटेंट पर और ज्यादा ध्यान दूंगा**

# लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों से अक्षय कुमार का टूटा दिल !

एक वक्त ऐसा था कि अक्षय कुमार का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा रहता था। साल में तीन-चार फिल्में करते और सभी हिट हो जातीं। मगर बीते 4-5 सालों से एक्टर को शायद नजर लग गई। उनकी बढ़िया फिल्म भी फ्लॉप हो रही है। हालिया रिलीज 'सरफिरा' भी कुछ कमाल नहीं कर सकी। ये मूवी सूर्या की तमिल फिल्म 'सोरारई पोटरु' का हिंदी रीमेक है, जिसके लिए एक्टर को तो नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। मगर अक्षय कुमार तो 100 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी से 12 दिन में 30 करोड़ नहीं कमा सके। इन सब पर अक्षय ने अब रिएक्ट किया है। अक्षय कुमार ने 'फोर्ब्स इंडिया' को दिए इंटरव्यू में कहा है, 'हर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून, पसीना और जुनून होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना, दिल तोड़ने वाला होता है। लेकिन आपको सकारात्मक पहलू देखना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता के मायने सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है। सौभाग्य से, मैंने अपने करियर में पहले ही इससे निपटना सीख लिया था। बेशक, यह आपको दुख पहुंचाता है और अफेक्ट करता है, लेकिन इससे फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी।' अक्षय कुमार ने आगे कहा, 'अब ये आपके कंट्रोल में तो है नहीं... आपके बस में तो बस यही है कि आप कड़ी मेहनत करें। खुद को और सुधारें और अगली फिल्म के लिए खुद को झोंक दें। अपना सबकुछ दे दें। मैं ऐसे ही अपनी एनर्जी को इन्वेस्ट करता हूं और अगली फिल्म के लिए आगे बढ़ता हूं। मैं अपनी ताकत सही जगह पर लगाता हूं, जहां इसके सही मायने हैं।' अक्षय कुमार अपनी सक्सेस का क्रेडिट अपने अनुशासन और काम के प्रति लगन को देते हैं। वह एक टाइम टेबल फॉलो करते हैं। और मानसिक-शारीरिक रूप से फिट रहने पर जोर देते हैं।



## एक नजर

### त्रिलोकपुर परियोजना पूरी, हर घर नल से जलापूर्ति शुरू

**मुंशीगंज।** लगभग सवा चार करोड़ रुपए की लागत से त्रिलोकपुर में हर घर तक नल परियोजना का काम पूरा हो गया है।587घरों तक जल निगम की जलापूर्ति शुरू हो गई है। त्रिलोकपुर ग्रामीण पेयजल योजना से त्रिलोकपुर और टेरी दो राजस्व ग्राम जुड़े हुए हैं।हर घर तक नल पहुंचाने के लिए लगभग 17किमी लम्बाई में पाईप लाईन का निर्माण हुआ है। उधर तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जंगल रामनगर में तीन ओवर हेड टैंक निर्माणाधीन हैं।पाईप लाईन के निर्माण पूरा होने के बाद डायरेक्ट पम्पिंग सिस्टम से जलापूर्ति की जा रही है। उसरहिया में खारे पानी की समस्या दूर नहीं हो पाई है।

### महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालयीन विद्यार्थी विभाग के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में नगर प्रचारक विकास, सह नगर महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख यशस्वी प्रताप सिंह ने अन्य छात्र छात्राओं और अध्यापकों के साथ मिलकर यह कार्य किया। पांच पौधे-आम, बेल, नींबू, अमरूद, आंवला के लगाए गए। साथ ही छात्रों को चिन्हित कर के पौधों की जिम्मेदारी भी दी गई जिस से की वृक्षारोपण के बाद ये जीवित भी रहें। इसके पश्चात विकास और यशस्वी ने वृक्षारोपण और नशा मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में भी संपर्क किया। विज्ञान संकाय के द्वारा पांच पौधे दिए गए जिसे बी एड विभाग के पीछे लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक बालचंद्र सिंह, और नगर प्रचारक द्वारा आम के पौधे को लगाकर की गई। इसके बाद वाणिज्य विभाग, विज्ञान विभाग और बी एड विभाग के अध्यापक अध्यापिकाएं और बीकॉम के छात्र-छात्राओं ने भी पौधारोपण का कार्य किया।

### खराब विद्युत व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश किसान सभा ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर।** खराब विद्युत व्यवस्था, मनमानी बिजली बिल और बिजली के निजीकरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश किसान सभा ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष बाबूराम यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश की विद्युत व्यवस्था खराब है। सरकार बिजली का निजीकरण करने की पूरी तैयारी कर चुकी है। बिजली एक सामाजिक जरूरत है इसलिए बिजली सार्वजनिक क्षेत्र में ही रहनी चाहिए।जिला सचिव राजबहादुर यादव ने कहा कि हमारी मांग है कि सरकार किसानों को निजी नलकूपों के लिए फ्री बिजली कनेक्शन दे। कनेक्शन न होने की वजह से किसान जब मोटर लगाते है तब उनके मोटर जब्त कर लिए जाते हैं और उसने जबरन वसूली की जाती है। फर्जी मुकदमे किए जाते हैं। जब तक बारिश न हो किसानों को मोटर चलाने की छूट होनी चाहिए। जिला सचिव लालबिहारी मौर्य ने कहा कि आज के इस प्रदेश व्यापी आंदोलन के माध्यम से हम मांग करते हैं कि सरकार 300 यूनिट मुफ़्त बिजली का वादा पूरा करे। इस मौके पर राधेश्याम वर्मा, श्रीकृष्ण बरनवाल, श्यामू मौर्य, स्वामीनाथ यादव, जवाहर लाल, अमरावती, कांति देवी, विपिन यादव, रामदौर यादव, जंग बहादुर वर्मा, शिवनाथ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### उपचुनाव में भंडरा प्रधान निर्विरोध निर्वाचित, बुकुनपुर में होगा चुनाव

**सुलतानपुर।** बीते दिनों बीमारी से मृतक हुए दो ग्राम प्रधानों के निर्वाचन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका ज्योत्सना के आदेश पर चल रही है। नाम वापसी व निशान आवंटन के दिन भंडरा ग्राम प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुई, जबकि बुकुनपुर ग्राम पंचायत में दाखिल 03 पर्चे में एक द्वारा अपना नामांकन वापस लिया गया तब भी दो प्रत्याशी होने के कारण 06 अगस्त को चुनाव होगा। बता दे कि गंभीर बीमारी के चलते पखवारे भर पहले भंडरा प्रधान सतई राम निषाद की मौत हो गई थी। उपचुनाव में मृतक प्रधान की पत्नी गुड्डा देवी ने ही केवल नामांकन पत्र दाखिल किया, जिससे कोई और पर्चा दाखिल न होने के कारण निर्वाचन अधिकारी ने गुड्डा देवी को निर्वाचित प्रधान घोषित कर दिया। वही बुकुनपुर में कुछ माह पहले ग्राम प्रधान की पत्नी की मौत के कुछ देर बाद ही उनकी भी मौत हो गई थी। इस ग्राम पंचायत से नूर मोहम्मद, शहजाद व सद्दीक ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। बुधवार को निर्वाचन अधिकारी से नूर मोहम्मद ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब बुकुनपुर में शहजाद व सद्दीक के बीच उपचुनाव 06 अगस्त को होगा। ग्राम पंचायत सदस्यो की रिक्त सीटों में सरकौड़ा से अनूप मिश्रा, रनकेडीह से राकेश कुमार, मुड़ई नेवादा में वार्ड संख्या 07 में सैयद बसारत व 09 में मो सफीक, अगई में परमानंद मिश्रा, रवनिया पूरब में सुमनलता, बुकुनपुर में जमीला बानो, नरही में शिवानी व पूरे पवार में राजकुमारी निर्विरोध निर्वाचित हुई। परसीपुर में संतोष कुमारी द्वारा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर नामांकन किया गया था, लेकिन जाति प्रमाण पत्र न दे पाने के कारण उनका पर्चा निरस्त कर दिया गया।

### निदेशक पंचायती राज का आदेश फाइलों में बंद, पहले की तरह दफ्तरों में डटे हुए हैं 150 सफाईकर्मी

**अमेठी।** गांवों में मूल तैनाती स्थल के बजाय जिले से विकास खंड मुख्यालयों तक अधिकारियों के कार्यालय में सम्बद्ध सफाई कर्मियों को राजस्व ग्रामों में भेजने के मामले में निदेशक पंचायती राज , उत्तर प्रदेश का पत्र फाईलों में बंद पड़ा है।150से अधिक सफाई कर्मी अभी भी गांवों में जाने के बजाय विभिन्न दफ्तरों और जिला स्तरीय अधिकारियों के आवास पर काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिले के पदाधिकारी कामचोरी के कारण इस आदेश के क्रियान्वयन पर मौन है। शासन की ओर से 29जुलाई 2020को जारी आदेश का क्रियान्वयन अभी तक नहीं हो पाया है। ड्यूटी और काम के मामले अधिकारी एक ही पद पर तैनात सफाई कर्मियों के साथ भेदभाव कर रहे हैं। सफाई कर्मचारी जिला मुख्यालय ऑफिस और अधिकारियों के आवास पर तैनात है। पंचायती राज विभाग ने इस पर सख्त रुख अपनाया है। दस जुलाई को निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने प्रदेश के सभी जिला पंचायतराज अधिकारी को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं। सफाई कर्मचारी से अन्य कार्य लिए जा रहे है।इनको अपने तैनाती वाले राजस्व गांव में ही रखे वा सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। यदि वह अन्य कही नियोजित होंगे तो सीधे डीपीआरओ जिम्मेदार होंगे।इसका तत्काल कड़ाई से पालन हो।इस पत्र के आते ही अलग काम में लगे सफाई कर्मचारी में हड़कंप मच गया है।

### शिक्षा सप्ताह -स्कूलों में मनाया गया स्पोर्ट्स डे

**भादर।** शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत बुधवार को परिषदीय विद्यालयों में स्पोर्ट्स डे मनाया गया। स्पोर्ट्स डे में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। स्पोर्ट्स डे के अन्तर्गत रस्साकसी,खो -खो, कबड्डी ,बोरा दौड़ आदि खेल हुए।कम्पोजिट विद्यालय भादर -प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय भादर द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनारी,सांगापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर,कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया,कम्पोजिट विद्यालय सवनगी,प्राथमिक विद्यालय नगरडीह,पूरे संकल्प,वैधिकपुर, कुरंग, रामगंज,मंगरा, मवइया, टीकरमाफी आदि स्कूलों में खेल गतिविधियों में बच्चों ने उत्साह से प्रतिभाग किया।

# डीएम ने की सिंचाई व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

## नहरों में पानी व रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति को लेकर किया समीक्षा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गौरीगंज।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत ने सिंचाई व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर नहरों में पानी व रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने को लेकर समीक्षा किया ।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करती जिला अधिकारी निशा अनंत।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में नहरों में पानी न आने तथा बिजली से संबंधित शिकायतें अत्यधिक प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहरों में पानी की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि नहरों में रोस्टर के अनुसार पानी दिया जाए जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए।

उन्होंने कहा कि नहरों में पानी दिए जाने के रोस्टर का जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे किसानों को जानकारी हो सके कि उनके क्षेत्र में पड़ने वाली नहरों में कब तक पानी आएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली एवं कहा कि वर्तमान समय में सिंचाई को लेकर ज्यादा शिकायतें आ रही हैं इसके दृष्टिगत जिन क्षेत्रों में नहरों का पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां सरकारी नलकूपों से सिंचाई हो रही है परंतु विद्युत कटौती तथा लो वोल्टेज के कारण नलकूप नहीं चल पा रहे हैं जिसको लेकर उन्होंने कहा कि सरकारी नलकूपों पर अनिवार्य रूप से विद्युत आपूर्ति की जाए तथा लो वोल्टेज की समस्या ना रहे जिससे किसान भाइयों को सिंचाई हेतु पानी मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की विद्युत आपूर्ति का रोस्टर जारी किया जाए तथा हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने को कहा जिससे जन सामान्य विद्युत से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्तमान स्थिति को देखते हुए विद्युत व सिंचाई विभाग को दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत संजय गुप्ता, अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड 41 मनीष रंजन सहित सिंचाई व विद्युत विभाग के अन्य अधिशासी अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दलालों के मकड़जाल में उलझा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय दलालों के मकड़जाल में उलझा हुआ है। चिकित्सक कमीशन के चक्कर में खूब बाहर की दवाएं लिख रहे है। जिससे मरीजों को काफी समस्याएं हो रही है। सस्ते इलाज के लिए दूर दराज से अस्पताल में आने वाले मरीजों की जेबें ढीली हो रही है। जिससे मरीज चिकित्सक को दिखाने के बाद अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

सस्ते व अच्छे इलाज के लिए दूर दराज से मरीज जिला अस्पताल दिखाने आते है।लेकिन यहां दलालों से घिरे चिकित्सक उन्हे बाहर से कमीशन वाली दवा लिख रहे है। जिससे मरीजों को काफी समस्याएं हो रही है। कमरा नंबर 6 में डॉक्टर के पी पटेल को दिखाने आए चौक निवासी अवधेश ने बताया उन्हे एलर्जी की समस्या थी तो उन्हे 16 सौ की दवा बाहर से लिखी गई। यही नहीं चिकिसक के बगल बैठे अन्य लोगो ने कहा की दवा मेडिकल स्टोर से लेने के बाद लाकर दिखा देना।इसी तरह कुड़वार से आई सरोज देवी ने बताया की वो भी अपनी बेटी को स्किन प्रॉब्लम के लिए दिखाने आई थी उन्हे 15 सौ की दवा बाहर से लिखी गई और दवा लाकर दिखाने के बात कही गई। ये तो बानगी है इसी तरह पर अस्पताल में दलालों का रैकेट चल रहा है जो नए नए चिकित्सक आ रहे है उन्हे कमीशन का झांसा देकर बाहर की दवा लिखवा रहे है। कुछ चिकित्सक है जो इन दलालों को अपने पास भटकने भी नही देते तो ये लोग मरीजों को उन चिकित्सको के पास दिखाने से ही मना करते है।कुछ ओपीडी कमरों में तो चिकित्सक के बगल बैठ कर मेडिकल स्टोर के दलाल और पैथोलॉजी वाले अपने मनमाफिक दवा और जांच भी लिखवाते दिखते है। कमरा नंबर छह में डॉक्टर के बगल बैठ कर बाहरी लोग मरीजों से दवा मंगा कर जांच कर रहे थे। इस संबंध में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव से बात करने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो सका। सीएमएस डॉक्टर सुधीर कुमार गोयल ने बताया कि बाहर की दवा लिखना गलत है दवाएं अस्पताल में उपलब्ध है। कल इसकी जांच करवाएंगे अगर इस तरह हो रहा है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## 5 अगस्त से लगेंगे दिव्यांगों के चिन्हांकन के लिए कैम्प

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु दिव्यांगजन विभाग एवं एल्मिको (भारत सरकार का उपक्रम) जीटी रोड कानपुर की ओर से चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में दिव्यांगजन की सहायता के सभी प्रकार की कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि तहसील गौरीगंज अंतर्गत 5 अगस्त 2024 को विकासखंड गौरीगंज में, तहसील अमेठी अंतर्गत विकासखंड परिसर अमेठी में 6 अगस्त 2024 को, तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत दो कैंप लगाए जाएंगे। मुसाफिरखाना परिसर में दिनांक 7 अगस्त 2024 को तथा विकासखंड जगदीशपुर परिसर में 8 अगस्त 2024 को तहसील तिलोई अंतर्गत 9 अगस्त 2024 को विकासखंड परिसर तिलोई में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक चिन्हांकन कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## सीडीओ ने किया ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम के प्रधानों व सचिवों से संवाद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गौरीगंज।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विकास भवन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के रूप में चयनित ग्रामों में SLWM के कार्यों को पूर्ण कराए जाने एवं ओडीएफ निरंतर को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से सीधा संवाद किया।



मुख्य विकास अधिकारी की ओर से विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत ओदारी, तेंदुआ, ब्रहमिनी, पीढ़ी, सराय महेशा, मोहना, जमालपुर रामपुर, सैम्बसी तथा विकास खंड भादर के टीकरमाफी एवं नरहरपुर के ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव से सीधा संवाद किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपरोक्त संदर्भित ग्राम पंचायत में ओडीएफ प्लस तथा SLWM के तहत कराए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली गई एवं उन्हें कतिपय (स्वच्छता बनाए रखने हेतु) सुझाव भी दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों को ग्राम पंचायत के कचरा ढोने वाले वाहन अर्थात ई रिक्शा की मैकेनिकल जानकारी हेतु संबंधित ई रिक्शा एजेंसी के मैकेनिक से समन्वय स्थापित करते हुए वाहन चालकों के वर्कशॉप आयोजन हेतु निर्देश भी दिए गए। इस वर्कशॉप से वाहन चालक हाइड्रोलिक मशीन तथा अन्य उपकरण के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे एवं आपातकालीन स्थिति में वह स्वयं से ही मरम्मत करने में सक्षम हो सकेंगे।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपरोक्त सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान से एक-एक करके उन्हें आ रही। समस्याओं को विस्तार से सुना भी गया। उसके निराकरण हेतु जिला पंचायत राज्य अधिकारी अमेठी को निर्देशित किया। विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए समस्या को अविलम्ब निस्तारित कराने के निर्देश भी दिए गए।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने डीएम को दिया ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गौरीगंज।** किसान समस्याओं के निराकरण को बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को 18 बिंदुओ का ज्ञापन दिया।



ज्ञापन में किसानों को छुट्टा जानवरों की समस्या से निजात दिलाने, अघोषित विद्युत कटौती दूर करते हुए समुचित विद्युत आपूर्ति, राशन की दुकानों पर घटतौली की शिकायतें दूर करने, नहरों में पानी छोड़ने, आदि समस्याओं के साथ जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की गई है।जामों विकास खंड की जनापुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन के निर्माण के दौरान टूटी हुई सड़क को अभी तक ठीक नहीं किया गया है। ग्राम पूरे दाउद हुसैनी में चकमार्ग और नाली पर अवैध कब्जे से जल निकासी बाधित है।

» जिले को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग

संयुक्त जिला चिकित्सालय में सुबह आठ बजे के पहले और दोपहर दो बजे के बाद मरीजों को आपात कालीन सेवाएं नहीं मिल रही हैं।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिला संयोजक आर के मिश्र ने कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों और मजदूरों की समस्यायों की अनदेखी कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण की ओर से मंगलवार को संसद में पेश किया गया अंतिम बजट पूंजीपतियों और कारपोरेट जगत के अलावा किसी के हित में नहीं है।ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में किसान संग्राम समिति के गया प्रसाद, गुलाम रसूल, सूर्यपाल यादव आदि किसान नेता शामिल रहे।

## कल राहुल गांधी कोर्ट में होंगे हाजिर

**सुलतानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांगेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 26 जुलाई की तारीख नियत की है। इस मामले में कोर्ट ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। गौरतलब है कि बैंगलोर में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक बयान बाजी की थी। जिसको लेकर हनुमानगंज निवासी पूर्व कोआपरेटिव चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत पहले ही हो चुकी है। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि राहुल गांधी कोर्ट में पेश होने के लिए कल जिले में आएंगे।

## शिक्षामित्र पूनम मिश्रा बनीं महिला मोर्चा उपाध्यक्ष

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन सुलतानपुर में जनपदीय समिति ने प्राथमिक विद्यालय बेलासदा विकास क्षेत्र भदैंया की शिक्षा मित्र पूनम मिश्रा को जिला महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने बताया कि शिक्षामित्रों के हित के लिए पूनम मिश्रा के द्वारा हमेशा बढ़-चढ़कर प्रयास किया गया है।इनके द्वारा विद्यालय में शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाता है। विद्यालय के बच्चे शिक्षामित्र पूनम मिश्रा से घुले मिले रहते हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करते हैं।इनके व्यवहार से बच्चों में तनिक भी डर या भय का वातावरण नहीं रहता है।शिक्षा क्षेत्र के साथ साथ इन्होंने सामाजिक कार्य मे भी एक अलग मिसाल कायम किया है। गरीबो की मदद व मृतक शिक्षामित्रों के परिवार को आर्थिक मदद भी करती रहती है। बताते चले कि इनके ससुर श्री शिव नारायण मिश्र जी लम्भुआ विधान सभा से विधायक भी रह चुके है। पति हाईकोर्ट लखनऊ के सीनियर अधिवक्ता है। संगठन के महामंत्री प्रदीप यादव ने बताया कि पूनम मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में और संगठन के प्रति उत्तरदायित्व को निभाने में अनूठा प्रदर्शन किया है। इस संबंध में शिक्षामित्र पूनम मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं हर संभव शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हमेशा से प्रयासरत रही हूं। चयन पर जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, संरक्षक के.सी.मिश्र, वरिष्ठ सलाहकार अरुण यादव, शिव बहादुर, किरन वर्मा, रीना उपाध्याय आदि लोगों ने बधाई दी है।

## राजीव गांधी की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता के साथ पारम्परिक आयोजनों की तैयारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव में इंडिया एलाइंस की जीत से उत्साहित कांग्रेस ने इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाने के लिए एक महीने पहले से तैयारी शुरू कर दी है। 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म दिन सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जन्मदिन दिन के अवसर कांग्रेस न्याय पंचायत स्तर पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी कर रही है। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई बैठक में तैयारी की कार्ययोजना बनाई गई।

» कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक

बैठक में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने सभी 17 ब्लॉक अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी एवं कार्यक्रम आयोजकों के साथ बैठक कर वृहद चर्चा की एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र के छात्रों, किसानों नौजवानों, महिलाओं के साथ-साथ क्षेत्रीय पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन की रूप रेखा तैयार की गई।

अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी न्याय पंचायत स्तर पर कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने निबंध प्रतियोगिता के समनव्यक अशोक तिवारी सहीत कांग्रेस पदाधिकारी को सौंपी।

बैठक में विजय पासी पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह, अरविन्द चतुर्वेदी, सुनील सिंह, वीरेन्द्र मिश्र, धर्म राज बहेलिया, सर्वेस सिंह, तुलसी राम पासी,सैय्यद हुसैन मौजूद रहे।

## पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार का होगा कायाकल्प

**सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार का कायाकल्प किया जाएगा। जिसका कार्य कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड को सौंपा गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1.58 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से छत की वॉटर प्रूफिंग, वॉटर हार्वेस्टिंग, कार्पेट टाइल्स, सीसीटीवी कैमरे साउंड सिस्टम, एयर कंडीशनर व्यवस्था, टॉयलेट मेंटिनेंस के अलावा कई कार्य किए जाने हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, सुलतानपुर विधायक, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भाजपाइयों के साथ बुधवार को विधिवत पूजन अर्चन कर कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार का कायाकल्प बहुत ही अच्छे तरीके से कराया जाएगा।

## अधिशासी अभियंता ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर सुनी शिकायतें

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार ,लो वोल्टेज की समस्या दूर करने और विद्युत उपभोक्ताओं की अन्य समस्याओं की जानकारी को बुधवार को अधिशासी अभियंता इंजीनियर रोहित सिंह ने एस डी ओ और उपखण्ड अमेठी के विद्युत कर्मियों की टीम के साथ विधायक महाराजी प्रजापति के जनसंपर्क कार्यालय पर कैम्प लगाई। अधिशासी अभियंता ने विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति की सूचना पर आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समुचित निस्तारण का भरोसा दिया।



कैम्प के दौरान अरुण प्रजापति ने अधिशासी अभियंता की विधायक से फोन पर बातचीत कराई। विधायक ने लो वोल्टेज की समस्या दूर करने, रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने,खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की।

कैम्प में मौजूद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री सुशील जायसवाल ने कहा कि अमेठी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ही पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति ने गुंगवाछ में पावर स्टेशन का निर्माण कराया है। बिजली विभाग के सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अमेठी में बिजली आपूर्ति के मामले में जनता की शिकायतें शून्य हों।

भीमी निवासी बसपा नेता राम अभिलाष बौद्ध ने अपने नव निर्मित मकान तक बिजली की लाइन खींचने,नया ट्रांसफार्मर लगाने के व लिए अधिशासी अभियंता को आवेदन दिया।

जिला पंचायत सदस्य रेनू प्रजापति के वार्ड के कई लोगों ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए। सुरेन्द्र प्रजापति, अशोक यादव, चंदन आदि मौजूद रहे।

## बिजली आपूर्ति के लिए सांसद ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**अमेठी।** संसदीय क्षेत्र अमेठी में खरीफ के मौसम में किसानों को सिंचाई सुविधा,अघोषित विद्युत कटौती को दूर करने, खराब ट्रांसफार्मरों और जर्जर लाइनों को बदलकर समुचित विद्युत आपूर्ति को सांसद किशोरी लाल शर्मा ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है। सांसद ने पावर कारपोरेशन के एम डी से फोन पर भी बातचीत की है। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी की जनता एवं देश की अवाम के अन्नदाता किसानों की समस्याओं को लेकर अरविंद कुमार शर्मा माननीय ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखा और बिजली विभाग के एमडी लखनऊ से भी फोन पर वार्ता की है। मुख्य अभियंता फैजाबाद व जनपद के अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंताओं (अमेठी, सलोन रायबरेली) से लगातार बिजली की समस्या के निराकरण के लिए बैठक वा वार्ता की जा रही है।

**लापरवाही** एक्सईएन ने लगाई निर्माण कम्पनियों की क्लास, रोड रेस्टोरेशन न पूरा होने पर एफआईआर का अल्टीमेटम दिया

# आठ करोड़ रुपए के जुर्माने के बाद भी वेलस्पन कम्पनी का काम ठीक नहीं हुआ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार राव ने बुधवार को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के लिए निर्माण कम्पनियों के प्रतिनिधियों और अवर अभियंताओं के साथ लगभग तीन घंटे तक बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सड़क पुनर्स्थापना सम्बन्धी जनता की शिकायतों को लेकर निर्माण कम्पनियों की कड़ी क्लास लगाई और एक सप्ताह के अंदर शिकायतें शून्य न होने पर कठोर विभागीय कार्रवाई और एफ आई आर कराने का अल्टिमेटम दिया।

» जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में धीमी मिली निर्माण कार्यों की प्रगति, रोज आ रही टूटी सड़कों को ठीक न करने की शिकायतें



समीक्षा बैठक करते अधिशासी अभियंता व मौजूद अधिकारी।

बुधवार को अधिशासी अभियंता ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा को सहायक अभियंताओं और अवर अभियंताओं के साथ निर्माण कम्पनी वेलस्पन, वीटीएल गाजा, गायत्री के प्रतिनिधियों और तीन निगरानी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को एक साथ बुलाया था।

समीक्षा के दौरान सबसे अधिक शिकायतें पाईप लाईनों के निर्माण के दौरान टूटी सड़कों को ठीक न कराने से सम्बंधित रहीं। अधिशासी अभियंता ने निर्माण एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि एक सप्ताह के अन्तर्गत रोड रिस्टोरेशन का काम पूरा कराएं, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

जिले में 944राजस्व गांवों में हर घर तक नल परियोजना के अन्तर्गत वाटर सप्लाई को487परियोजनाओं पर काम चल रहा है। 30जून तक 82ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा हुआ है।263 गांवों में पम्पों से जलापूर्ति की जा रही है। शासन की ओर से बराबर आदेश जारी होने के बावजूद नोएडा, हैदराबाद और मुम्बई की तीनों निर्माण कम्पनियां मनमानी कर रही है। इनमें से एक कम्पनी वेलस्पन को समय से काम न करने के आरोप में आठ करोड़ रुपए का जुर्माना भी हो चुका है।

### जल जीवन मिशन के काम की प्रगति रिपोर्ट -एक नजर

कम्पनी का नाम परियोजनाओं की संख्या, राजस्व ग्रामों की संख्या,पूर्ण किए गए ओवर हेड टैंक

वेलस्पन,133,240,22

गायत्री 160,302,19

वी टी एल 194,402,30

## बसपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**तिलोई।** सर्वसमाज के लोगों को बहुजन समाज पार्टी से जोड़ने के साथ बूथ कमेटियों के पुनर्गठन को बसपा के विधानसभा अध्यक्ष विजय गौतम ने बुधवार को कोटवा सेक्टर में जन सम्पर्क अभियान चलाया और बूथ कमेटियों के साथ बैठक कर कार्यकर्ताओं को पार्टी का सदस्य बनाया।

विजय गौतम ने गांवों में लोगों के साथ बैठक कर बसपा की रीति नीति और सुश्री मायावती के चार बार के मुख्य मंत्रित्व काल की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं पर संवाद भी किया।

बसपा की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक आज कान्हा मैरिज लान, गौरीगंज में आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री और कई सेक्टरों के प्रभारी धर्मवीर सिंह अशोक, अयोध्या मंडल के सेक्टर प्रभारियों के साथ संगठन के काम की समीक्षा करेंगे।

## एक नजर

### लारेंस ने मुझे मारने को गोली चलवायी : सलमान खान



**मुम्बई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने घर पर हुई गोलीबारी के मामले में बड़ा दावा किया है। खबर है कि मुंबई पुलिस के सामने सलमान ने कहा कि उन्हें लगता है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ही उन्हें मारने की कोशिश की थी। 14 अप्रैल को दो बाइक सवारों ने एक्टर के बांद्रा स्थित आवास पर गोलीबारी कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया था। मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलमान खान का बयान दर्ज किया है। इससे पहले भी पुलिस सलमान और उनके भाई अरबाज खान के बयान ले चुकी है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने कहा कि बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर अप्रैल में हुई गोलीबारी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया रिकॉर्ड में पर्याप्त सामग्री हैं। आरोपी हत्या के प्रयास के अलावा अन्य आरोपों का सामना कर रहे हैं। विशेष न्यायाधीश बी डी शेल्के ने आरोपियों के खिलाफ मुंबई पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। अदालत ने कहा कि आरोपपत्र और उसके साथ दाखिल दस्तावेजों से पता चलता है कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 34, 120 (बी) के साथ-साथ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने के लिए रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री मौजूद है।

### मास्टर माइंड की बीवी को मिली जमानत

**नैनीताल।** हल्द्वानी दंगा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक को उच्च न्यायालय से राहत मिल गयी है। अदालत ने आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है। अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में आपराधिक साजिश का मामला दर्ज है। उस पर कूटरचित दस्तावेज और झूठे शपथ पत्र के माध्यम से हल्द्वानी के बनभूलपुरा में सरकारी भूमि को हड़पने का आरोप है। साफिया मलिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 417,420, 467, 468, 471 के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने साफिया मलिक के अलावा आधा दर्जन लोगों के खिलाफ भी अभियोग पंजीकृत किया है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद साफिया मलिक को जमानत प्रदान कर दी।

### धामी ने किये बाबा केदारनाथ के दर्शन

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों को श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा, अर्चना कर, प्रदेश की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ के दर्शनों को पहुंचे धामी तीर्थ, पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर संपूर्ण विश्व एवं मानवता के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने राज्य के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा। करीब 20 मिनट पूजा के बाद उन्होंने धाम में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का अभिवादन कर श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं।

### झारखंड के 27 कामगारों की घर वापसी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश एवं श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग की त्वरित पहल पर दक्षिण अफ्रीका के कैमरून के याउंडे में विनायक कंस्ट्रक्शन, फेस जेंडरमेरी, अप्रेस ऑडिटोरियम और जीन पॉल टू मबांकलो कंपनी में कार्यरत झारखंड के 27 श्रमिकों की आज सवेरे सुरक्षित अपने घर वापसी हो गई। राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री श्रीमती बेबी देवी, विधायक कल्पना सोरेन और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने श्रमिकों के आज गिरिडीह पहुंचने पर उनका स्वागत किया। उन्होंने श्रमिकों से बात कर उनकी पूरी व्यथा को जाना। मुख्यमंत्री सोरेन ने भी मोबाइल के जरिए श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग मदद करने का आश्वासन दिया। श्रमिकों ने विकट परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका से वापस अपने घर झारखंड लौटने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए पहल को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

### ईनामी तीन महिला नक्सलियों का समर्पण

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के पखांजूर में पांच लाख की इनामी डिप्टी कमांडर समेत तीन महिला नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। तीनों महिला नक्सलियों पर कुल सात लाख का इनाम घोषित था। इन महिला नक्सलियों ने बुधवार को सीमा सुरक्षा बल 94 बटालियन के उप महानिरीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया। समर्पण करने वाली नक्सली लंबे समय से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय थीं। नक्सलियों में मोती पोयाम उर्फ़ यमला (25 वर्ष), संचिला मंडावी (21 वर्ष) और लख्मी पददा (20 वर्ष) शामिल हैं। गौरतलब है कि मोती पोयाम पर 5 लाख, संचिला मंडावी और लख्मी पददा पर एक-एक लाख रुपये की इनामी राशि घोषित थी।

### चार लाख श्रद्धालु पहुंचे बाबा बर्फानी के द्वार

**श्रीनगर।** दक्षिणी कश्मीर में हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा में अब तक 4.17 लाख श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के दौरान अब तक 4.17 लाख श्रद्धालु हिमालय में गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। तीर्थयात्रा संपन्न होने में अभी करीब एक महीना शेष है, इसलिए अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को अभूतपूर्व सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के बीच धार्मिक भजन गाते हुए बालटाल और नुनवान पहलगाम के दोहरे मार्गों से तीर्थयात्रियों के नये जत्थे आगे बढ़े। यात्रा सुचारू रूप से जारी है। अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों के लिए आवास, स्वास्थ्य, भोजन, पानी और अन्य आवश्यक दैनिक जरूरतों सहित दोनों यात्रा मार्गों पर विस्तृत व्यवस्था की है।

### पापुआ न्यू गिनी में 26 की सामूहिक हत्या

**सिडनी।** पापुआ न्यू गिनी के ईस्ट सेपिक प्रांत में सामूहिक हत्याकांड में महिलाओं और बच्चों सहित 26 लोग मारे गये। प्रांत के अंगोरम क्षेत्र में सेपिक नदी के किनारे स्थित तमारा, तांबरी और अग्रुमारा गांवों में हत्या, बलात्कार और संपत्ति जलाने की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं के लिए कथित तौर पर 30 से अधिक स्थानीय युवकों को दोषी ठहराया गया है। इनमें से पहली हत्याएं 17 और 18 जुलाई के बीच तमारा में हुई, उसके अगले दिन तांबरी में हुई। अंगोरम के सांसद सालियो वेपो ने मीडिया को बताया कि सामूहिक हत्या और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटना भूमि विवाद से संबंधित थी। उन्होंने कहा कि अंगोरम जिला विकास प्राधिकरण मदद भेजे जाने से पहले हत्या क्षेत्रों को खाली कराने के लिए पुलिस जांच का इंतजार करेगा। 33 संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और एक पुलिस दल भी तैनात किया गया है। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों से शांत रहने का आह्वान किया तथा सहायता के लिए नियुक्त पुलिस अधिकारियों से सहयोग करने को कहा।

# दिल्ली मार्च जारी रखेंगे किसान

## राहुल से मुलाकात के बाद किसान नेताओं ने किया ऐलान, नेता प्रतिपक्ष ने कहा- हम सरकार पर दबाव बनायेंगे

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** न्यूनतम समर्थन मूल्य में सुधार के लिए सरकार पर दबाव बना रहे किसानों ने बुधवार सुबह संसद परिसर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। उन्होंने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक के 12 किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा- कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है, ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की। हमने तय किया है कि इंडिया गठबंधन के नेताओं से चर्चा कर हम सरकार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे।

राहुल गांधी से मुलाकात के बाद एक किसान नेता ने कहा कि सरकार उनकी मांगें मानने में विफल रही है और वे दिल्ली मार्च जारी रखेंगे। किसानों में से एक जगजीत सिंह दल्लेवाल ने कहा कि सरकार अब तक आश्वासनों को पूरा करने में विफल रही है। स्वामीनाथन रिपोर्ट का क्रियान्वयन जरूरी है। हम दिल्ली की ओर मार्च जारी रखेंगे।

इससे पहले किसानों की मुलाकात राहुल गांधी के संसद भवन स्थित कार्यालय में हुई। इसमें कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, कांग्रेस नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा, गुरजीत सिंह औजला, धर्मवीर गांधी, अमर सिंह, दीपेंद्र सिंह हुड्डा और जय प्रकाश भी मौजूद थे। बैठक के बाद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा, 'राहुल गांधी संसद के अंदर किसानों की आवाज उठाएंगे...' किसानों द्वारा दिल्ली में फिर से मार्च निकालने की योजना बनाने की खबरों पर उन्होंने कहा, 'उन्हें दिल्ली आकर विरोध करने का पूरा अधिकार है और अगर कोई निजी विधेयक लाने की जरूरत पड़ी तो हम उसे भी लाएंगे।' इससे पहले राहुल गांधी ने कहा, 'किसान नेताओं को मैंने संसद भवन में मिलने के लिए बुलाया था लेकिन उन्हें अंदर नहीं आने दिया गया तो मैं ही उनसे मिलने बाहर चला गया। किसान मुझसे संसद भवन आकर मिले इसके लिए भी प्रधानमंत्री से पूछना पड़ेगा।' राहुल गांधी के साथ जिन किसान नेताओं ने मुलाकात की उनमें पंजाब से जगजीत सिंह, श्रवण सिंह पंधार, सुरिजित सिंह तथा रमणदीप सिंह मान, हरियाणा से लखविंदर सिंह, तेजवीर सिंह, अमरजीतसिंह तथा अभिमन्यु, कर्नाटक से शांता कुमार, तेलंगाना से एन वेंकटेश्वर राम, तमिलनाडु से पी रामलिंगम शामिल हैं।

# बिहार में पेपर लीक पर 10 साल की सजा

## एक करोड़ का जुर्माना, विधानसभा से पास हुआ बिहार लोक परीक्षा बिल



**एजेंसी**

**पटना।** परीक्षा में धांधली और पेपर लीक रोकने के लिए आज विधानसभा से बिहार लोक परीक्षा विधेयक 2024 पास हो गया है। इस कानून के तहत पेपर लीक करने वालों को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। विधानसभा के बाद अब विधान परिषद में पास होना बाकी है, जिसके बाद इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। विधेयक पेश करते हुए संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ऐसे महत्वपूर्ण कानून का हिस्सा नहीं बनना चाहता, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए एक स्वच्छ परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करना है।

विजय चौधरी ने कहा कि यह विधेयक किसी भी तरह से परीक्षाओं को प्रभावित करने वाले पेपर लीक में शामिल संगठित गिरोहों और असामाजिक लोगों को रोकने के लिए कठोर दंड देता है क्योंकि यह समय की मांग है। मुझे पता चला है कि पिछले 16 दिनों में देशभर में ऐसे 48 मामले सामने आए हैं। बिहार पर भी असर पड़ा है। केंद्र का कानून जुलाई से प्रभावी हो गया है और बिहार ने भी अपना कानून बना लिया है। अगर परीक्षा प्रणाली में छेड़छाड़ करने वाले ऐसे तत्वों पर मामला दर्ज किया जाएगा तो विपक्ष को क्या दिक्कत हो सकती है? यह दुखद है, बिहार की जनता सब देख रही है।

हालांकि विपक्ष ने कई संशोधन पेश किए थे, लेकिन उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कोई नहीं था, जिसके बाद स्पीकर को विपक्ष को यह बताने के लिए मजबूर होना पड़ा कि क्या वे सरकार की मदद करना चाहते हैं या अपने विधायकों को इतने महत्वपूर्ण विधेयक में संशोधन पेश करने से रोकना चाहते हैं। हालांकि, विपक्ष वॉकआउट करने से पहले नारेबाजी करता रहा। विधेयक में साफ़ है कि कानून के अधीन अपराधों में संलिप्त व्यक्ति को न्यूनतम 3 साल की सजा होगी, जो 5 सालों तक की होगी।

अगर कोई अभ्यर्थी नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसे तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान नए बिल में किया गया है। परीक्षा में शामिल सेवा प्रदाता अगर कानून का उल्लंघन करते हैं तो उनके लिए एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान है।

# आतंकी या तो जेल में रहेंगे या जायेंगे जहन्नुम

## नित्यानंद राय की राज्यसभा में दो टूक घोषणा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** कश्मीर सहित देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए सरकार ने बुधवार को कहा कि उसकी नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है और 'आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे।' गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह भी बताया कि विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में हटाए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना ने 900 से अधिक आतंकियों को मार गिराया है। आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प जताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कश्मीर में 28 आतंकियों को मार गिराया गया है।

उन्होंने स्वीकार किया कि आतंकी हमलों में हमारे कुछ जवानों की भी जान गई है। उन्होंने पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि 2004 से 2014 के बीच आतंकी घटनाओं की संख्या 7217 थी जबकि 2014 से 21 जुलाई 2024 तक ऐसी 2259 घटनाएं हुई हैं' जो नहीं होनी चाहिए थी। इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है तथा आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे।' राय ने बताया कि 2004 से 2014 तक आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले सुरक्षा बलों और आम नागरिकों की संख्या 2829 थी जो बीते दस वर्ष में 67 प्रतिशत घट कर करीब 941 रह गई। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर का आज अनुकूल माहौल है, स्कूल, कालेज खुल रहे हैं, कारोबार बढ़ रहा है और अवसंरचना का विकास किया जा रहा है।

कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि कश्मीर जाने वाले पर्यटक के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता होती है। आतंकी हमले पर्यटकों के मन में चिंता उत्पन्न करते हैं। ऐसे में वहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं। इस पर राय ने बताया कि 2023 में दो करोड़ 11 लाख पर्यटकों का कश्मीर जाना बताता है कि वहां सुरक्षा की स्थिति है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले तो पर्यटक कश्मीर जाने से डरते थे। गृह राज्य मंत्री राव ने बताया कि 2015 में लागू किया गया जिसके तहत भारत सरकार के 15 मंत्रालयों ने 58477 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जिससे राज्य के विकास को गति मिली। इसके तहत 53 परियोजनाएं शुरू की गईं जिनमें से 35 परियोजनाएं पूरी होने जा रही हैं।

# गुजरात से असम तक लो प्रेशर के पांच सेंटर

## दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में पूरे हफ्ते होगी झमाझम बारिश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में बुधवार की सुबह तेज बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हालांकि अब भी उमस बरकरार है। आज दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से ढाई डिग्री कम है। दिल्ली यातायात पुलिस के अनुसार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सुबह बारिश होने से कई स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम हो गया। बारिश की वजह से परिवहन की व्यवस्था भी प्रभावित हुईं। उधर गुजरात में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। द्वारका के खंभालिया में एक तीन मंजिला इमारत गिरने से एक बुजुर्ग महिला और दो बच्चियों की मौत हो गई। सूरत में सड़कों



» गुजरात में तीन की मौत, छत्तीसगढ़ में चेकडैम टूटा

पर नदियों जैसा पानी बह रहा है। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में भारी बारिश की वजह से दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में स्थित एनएमडीसी का चेक डैम टूट गया। इससे डैम का पानी किरंदुल शहर में घुस गया। इस दौरान करीब 100 से ज्यादा मकान-दुकान ढह गए। पानी का फ्लो इतना तेज था कि सड़क पर खड़े छोटे-बड़े वाहन बहने लग गए। मुख्य सड़क से लेकर बस्तियों की सड़कें और गलियां तक उखड़ गईं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली में बृहस्तपतिवार तक येलो अलर्ट जारी किया है। इसी के साथ आईएमडी ने राजधानी और आसपास के इलाकों में 28 जुलाई यानी सप्ताहांत तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में भी अगले चार दिन यानि 28 जुलाई तक भारी बारिश का 'येलो' अलर्ट जारी किया है। वहां भी बुधवार को कई इलाकों में भारी बरिश रिकॉर्ड की गई। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

# एएमयू कैंपस में फायरिंग, दो को लगी गोली

## पीड़ित की पत्नी बोली- मेरी 13 साल की बेटी के पीछे पड़ा है तालिब गैंग

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कैंपस में बुधवार सुबह फायरिंग हुई। हमलावरों ने दो कर्मचारियों पर गोलियां बरसाईं। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें कैंपस के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद कैंपस में अफरा-तफरी मच गई। हमलावर भागने लगे, लेकिन एएमयू की सुरक्षा में तैनात जवानों ने दौड़कर दोनों हमलावरों को पकड़ लिया।

वारदात की सूचना पर आस-पास की पुलिस फोर्स पहुंच गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एएमयू की कुलपति प्रो. नाईमा खातून जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पहुंचीं। यहां उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। एएमयू के प्रॉक्टर प्रोफेसर मो. वसीम अली ने बताया कि नदीम और कलीम एएमयू कैंपस से ऑफिस जा रहे थे। तभी हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। कलीम-नदीम आपस में भाई हैं। दोनों रजिस्ट्रार ऑफिस में तैनात हैं। हमलावरों के बारे में अभी पता नहीं चल पाया है। हमलावर यूनिवर्सिटी के छात्र या कर्मचारी नहीं हैं। लोगों ने बताया है कि पांच राउंड गोली चली है। वारदात के कारण का पता नहीं चल पाया है। हमलावरों से पूछताछ की जा रही है।

मोहम्मद नदीम (52) के पेट और उसके छोटे भाई मोहम्मद कलीम (48) को सिर में गोली लगी है। डॉक्टर के मुताबिक- कलीम के सिर को छूते हुए गोली निकली है। दोनों की हालत गंभीर है। बकौल पुलिस घायल और हमलावर एक ही गांव के हैं। पुरानी रंजिश के चलते यह अटैक किया गया है। नदीम का परिवार पहले थाना जवां क्षेत्र में रहता था।

# लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ी

## एम्स में चल रहा इलाज

**एजेंसी**



**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत फिर बिगड़ गयी है। दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा है। सोमवार को यूरिन करने में परेशानी के बाद उन्हें एम्स लाया गया था। उनके करीबियों ने बताया कि उन्हें रेगुलर मेडिकल चेकअप के लिए लाया गया है। इस चेकअप में दो दिन का समय लगता है। उनकी स्थिति अभी ठीक बताई जा रही है।

दो साल पहले सिंगापुर में लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने उनको अपनी एक किडनी डोनेट की थी। दोनों की सर्जरी की गई थी। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लालू की सेहत में काफी सुधार दिखा। रोहिणी आचार्य जब सारण से लोकसभा का चुनाव लड़ रही थीं तब लालू उनके चुनाव प्रचार में भी गए थे। कई कार्यक्रमों

» दो साल पहले सिंगापुर में किडनी हुई थी ट्रांसप्लांट

में भी वे भाग लेते दिखते हैं। हालांकि किडनी ट्रांसप्लांट के बाद उनको कई तरह का परहेज करना पड़ता है। लालू किडनी की बीमारी के अलावा अन्य कई बीमारियों से भी ग्रस्त रहे हैं। लालू पॉलिटिकल मुद्दों पर भी सोशल मीडिया पर ही नहीं, बल्कि बयान देकर भी एक्टिव दिख रहे हैं।

### गवर्नर के काफिले की कार का टायर फटा, तीन घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के सरहदी इलाकों के दौरे पर गए राज्य के गवर्नर बनवारीलाल पुरोहित के काफिले का वाहन बुधवार को एक सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में तीन जवान घायल हो गए हैं। उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा सुरक्षा कर्मचारियों की गाड़ी का टायर फटने से हुआ। तीन घायल जवानों में दो सीआरपीएफ के जवान हैं जबकि एक चंडीगढ़ पुलिस का सिपाही है। अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में उन सभी का इलाज चल रहा है। इस हादसे में राज्यपाल पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

बुधवार दोपहर 1:30 बजे के करीब राज्यपाल के सुरक्षा कर्मचारियों की एक गाड़ी टायर फटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसमें सवार तीन सुरक्षा कर्मचारियों को चोटें आई हैं। राज्यपाल का काफिला दुर्घटना के समय पठानकोट से अमृतसर की ओर आ रहा था। हादसा अटारी बाघा बॉर्डर के रास्ते में घरिंडा के पास हुआ।

# ट्रेनी IAS पूजा खेडकर नहीं पहुंचीं एकेडमी

## अब पेरेंट्स के तलाक का दावा कर रिजर्वेशन लेने का आरोप

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** यूपीएससी में नियुक्ति को लेकर विवादों में घिरीं ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी नहीं पहुंची हैं। इसकी डेडलाइन 23 जुलाई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूजा खेडकर ने इसके पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। सूत्रों ने एकेडमी के हवाले से बताया कि अब आगे क्या एक्शन लेना है, यह जल्द ही तय किया जाएगा। गलत मेडिकल रिपोर्ट, आरक्षण के आरोपों में घिरीं पूजा खेडकर पर अब माता-पिता के मैरिटल स्टेटस की जानकारी छिपाकर ओबीसी नॉन-क्रीमीलेयर कोटे का फायदा उठाने का भी आरोप लगा है।

पूजा के पिता दिलीप खेडकर रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने चुनाव भी लड़ा था। एफिडेविट में उन्होंने अपनी संपत्ति 40 करोड़ रुपए बताई थी। पूजा ने परिवार की संपत्ति 8 लाख से कम बताई थी। पूजा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने माता-पिता के तलाक का दावा किया है। उनके पिता अब उनके साथ नहीं रहते, इसलिए वे अब ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर के दायरे में आती हैं। पुणे पुलिस के मुताबिक यूपीएससी ने पूजा के माता-पिता के मैरिटल स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। विकलांगता सर्टिफिकेट जारी करने वाले पुणे के वीसीएम अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ भी जांच शुरू करने के आदेश मिले हैं।

विकलांगता सर्टिफिकेट में पूजा खेडकर का एड्रेस 'प्लॉट नंबर 53, देहू अलंदी रोड, तलावडे, पिंपरी चिंचवाड़, पुणे' लिखा गया था जबकि इस एड्रेस पर कोई घर नहीं, बल्कि थर्मोवर्टा इंजीनियरिंग कंपनी नाम की एक फैक्ट्री है। पूजा की जिस ऑडी को जब्त किया गया था, वह इसी कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड थी। सरकारी नियमों के तहत विकलांगता सर्टिफिकेट बनाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है, लेकिन पूजा के सर्टिफिकेट में राशन कार्ड लगाया गया था। विकलांग कोटे से यूपीएससी में सिलेक्शन होने के बाद से पूजा के कई विकलांगता सर्टिफिकेट सामने आ चुके हैं।

### स्टालिन ने दी पीएम मोदी को सख्त चेतावनी

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगर वह शासन पर ध्यान देने के बजाय विपक्षी दलों और नेताओं को निशाना बनाना जारी रखते हैं तो वो दिन दूर नहीं जब वो 'अलग-थलग' हो जाएंगे। दरअसल बजट 2024 जारी होने के बाद से विपक्षी दल और नेता भाजपा सरकार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस ने भी आरोप लगाया कि जिन राज्यों में भाजपा या उनके गठबंधन साथियों की सरकारें नहीं हैं, उन राज्यों की उपेक्षा की गई है। इस एवज में कांग्रेस ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया है। कांग्रेस के साथ स्टालिन भी ऐसा ऐलान कर चुके हैं। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी के चीफ और तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने नरेंद्र मोदी सरकार पर उनके राज्य की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

**भ्रम के हालात** | पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बनर्जी की टिप्पणी पर तलब की रिपोर्ट

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर बांग्लादेश ने जताया ऐतराज

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बयान पर बांग्लादेश सरकार ने मंगलवार की देर रात आपत्ति जताई। ममता ने 21 जुलाई को टीएमसी की शहीद दिवस रैली में कहा था कि वे पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। ममता ने अपने इसके लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का हवाला दिया था।

ममता के बयान पर बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के प्रति पूरा सम्मान रखते हुए जिनके साथ हमारे बहुत करीबी संबंध हैं, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि उनकी टिप्पणियों में भ्रम की काफी गुंजाइश है। इसलिए हमने भारत सरकार को एक नोट दिया है। बांग्लादेश में नौकरियों में आरक्षण को हिंसक प्रदर्शनों में मरने वाले लोगों की संख्या 180 के पार हो गई है। मंगलवार को अस्पतालों के बाहर हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन बिलखते दिखे। हिंसा फैलाने के आरोप में अभी तक 2580 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें से कई विपक्षी दलों से जुड़े हुए नेता हैं। पीएम शेख हसीना ने कर्फ्यू लगाने, सेना तैनात करने और देखते ही गोली मारने के आदेश का बचाव किया और कहा कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए गए थे। इधर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने





बनर्जी से उनकी टिप्पणी पर रिपोर्ट मांगी है। राजभवन ने कहा कि विदेश मामलों से संबंधित किसी भी मामले को संभालना केंद्र का विशेषाधिकार है।

बांग्लादेश 1971 में आजाद हुआ था। इसी साल वहां पर 80 फीसदी कोटा सिस्टम लागू हुआ। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को नौकरी में 30%, पिछड़े जिलों के लिए 40%, महिलाओं के लिए 10% आरक्षण दिया गया। सामान्य छात्रों के लिए सिर्फ 20% सीटें रखी गईं। कुछ विरोध के बाद 1976 में पिछड़े जिलों के लिए आरक्षण को 20% कर दिया गया। सामान्य छात्रों को इसका थोड़ा फायदा मिला। उनके लिए 40% सीटें हो गईं। 1985 में पिछड़े जिलों का आरक्षण और घटा कर 10% कर दिया गया और अल्पसंख्यकों के लिए 5% कोटा जोड़ा गया। इससे सामान्य छात्रों के लिए 45% सीटें हो गईं। शुरू में स्वतंत्रता सेनानियों के बेटे-बेटियों को ही आरक्षण मिलता था। कुछ सालों के बाद स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को मिलने वाली सीटें खाली रहने लगीं। इसका फायदा सामान्य छात्रों को मिलता था। 2009 में स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को भी आरक्षण मिलने लगा। इससे सामान्य छात्रों की नाराजगी बढ़ गई। साल 2012 में विकलांग छात्रों के लिए भी 1% कोटा जोड़ दिया गया। इससे कुल कोटा 56 फीसदी हो गया।

साल 2018 में चार महीने तक छात्रों के प्रदर्शन के बाद हसीना सरकार ने कोटा सिस्टम खत्म कर दिया था, लेकिन बीते महीने 5 जून को हाईकोर्ट ने सरकार को फिर से आरक्षण देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि 2018 से पहले जैसे आरक्षण मिलता था, उसे फिर से उसी तरह लागू किया जाए। इसके बाद से ही बांग्लादेश में हिंसा का दौर शुरू हो गया था।

शेख हसीना सरकार ने हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने 21 जुलाई 2024 को सरकारी नौकरियों में 56% आरक्षण देने के ढाका हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। आदेश जारी करते हुए आरक्षण को 56% से घटाकर 7% कर दिया।

### भागवताचार्य ने व्यास गद्दी पर ही तोड़ दिया दम

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ में कथावाचक भागवताचार्य पंडित गोपाल कृष्ण महाराज का निधन हो गया है। कथा कहते हुए व्यास पीठ पर ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। भागवताचार्य के भजनों पर भक्त नाच रहे थे और तभी उन्हें हार्ट अटैक आ गया। घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

राजगढ़ के पचोर में भागवताचार्य की कथा चल रही थी। रविवार को गुरु पूर्णिमा के दिन आश्रम में कथा के दौरान पड़ी संख्या में भक्त भजन पर नाच गा रहे थे। तभी अचानक पंडित गोपाल कृष्ण के सीने में तेज दर्द उठा। देखते ही देखते वह व्यास पीठ पर ही गिर पड़े। भक्तों की नजर पड़ी तो मदद के लिए दौड़े। भागवताचार्य को पचोर के निजी अस्पताल और फिर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।